महानगर नई दिल्ली सोमवार 24 फरवरी, 2020, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

# देश देखेगा 'बाहुबली' का दमखम

## आज से भारत दौरे पर अमेरिकी राष्ट्रपति



जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को भारत के दौरे पर पहुंचेंगे। ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप, बेटी इवांका ट्रंप और दामाद जेरेड कुशनेर भी होंगे। इस दौरे को लेकर अमेरिका और भारत में खासा उत्साह है। अपने दौरे से पहले ट्रंप ने एक वीडियो ट्वीट किया जिसमें उन्हें बाहुबली-2 फिल्म का हीरो बताया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और उनके साथ आ रहे प्रतिनिधिमंडल के सदस्य अमदाबाद, आगरा और दिल्ली में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। तीनों शहरों में सुरक्षा के जबरदस्त इंतजाम किए गए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने इंतजामों का जायजा लिया। अमदाबाद में मुख्य कार्यक्रम होगा, जहां प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप 22 किलोमीटर के रोड शो में हिस्सा लेने के बाद 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। दौरे के आखिरी चरण में ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच शिखर वार्ता होगी।

### सुरक्षा

**अमदाबाद**
अमदाबाद में 22 किलोमीटर के रोड शो के लिए 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। अमेरिका की सीक्रेट सर्विस के अधिकारी, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और विशेष सुरक्षा समूह भी तैनात रहेंगे।

**दिल्ली**
तीन चरण का सुरक्षा घेरा होगा। ट्रंप व उनके साथ आ रहे अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को आइटीसी मौर्य होटल में ठहराया जाएगा। होटल में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम हैं। सेना और अर्द्धसैन्य बलों ने उन रास्तों पर गहन जांच की, जहां से ट्रंप गुजरेंगे। सुरक्षा एजंसियां अमेरिका की खुफिया सेवा के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

**आगरा**
आगरा में ट्रंप परिवार सूर्यास्त से पहले का एक घंटे का समय व्यतीत करेगा। कई स्तरों पर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस, अर्धसैनिक बल और अन्य बल शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के अलावा भारतीय एनएसजी, अमेरिकी यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के अधिकारी तैनात रहेंगे।

### स्वागत

**अमदाबाद**
अमेरिकी राष्ट्रपति का स्वागत भारत की सांस्कृतिक विविधता के साथ ही गुजरात की समृद्ध परंपराओं की झलक दिखाते हुए किया जाएगा। ट्रंप व मोदी के रोड शो के मार्ग में सड़क किनारे गुजरात के ऐतिहासिक स्थलों की प्रतिकृतियां लगाई गई हैं। गुजरात सहित देश के विभिन्न हिस्सों के नृत्य समूह और गायक रोड शो मार्ग के साथ ही नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम में प्रस्तुति देंगे।

**दिल्ली**
दिल्ली पहुंचने पर ट्रंप दंपति का स्वागत पारंपरिक अंदाज में किया जाएगा। आइटीसी मौर्य होटल में वे ठहरेंगे। वहां टीका, माला और अंगवस्त्र के साथ स्वागत किया जाएगा। दिल्ली में 'नमस्ते थीम' पर विशेष जोर है।

**आगरा**
ब्रज की संस्कृति और आगरा की स्थापत्य कला की विरासत को दिखाने वाली चित्रों से शहर की दीवारों को सजाने के साथ ही कई स्थानों पर विक्टोरियाई शैली वाले लैंप लगाए गए हैं और ताजमहल के प्रांगण को भी सजाया गया है। खेड़िया हवाईअड्डे पर ट्रंप के स्वागत में सैंकड़ों कलाकार 'मयूर नृत्य' प्रस्तुत करेंगे।

### क्या होगा ट्रंप कार्ड

**1-रक्षा सौदे**
25 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है। नौसेना के लिए 24 रोमियो मल्टीमिशन हेलिकॉप्टर, वायुसेना के लिए छह अपाचे युद्धक हेलिकॉप्टर और छह पी 8 आई समुद्री टोही विमान खरीदने पर सहमति बन सकती है।

**2-भारतीय मतदाता**
ट्रंप की निगाह में अमेरिका में मौजूद 24 लाख भारतीय मूल के मतदाता हैं। वे व्यापार गतिरोध को लेकर रास्ता निकालने की कोशिश में हैं, लेकिन इसको लेकर कामचलाऊ समझौते की संभावना भी कम ही है। सेब, अखरोट और मेडिकल उपकरणों की कीमतों को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेद हैं। भारत के डेयरी, पॉल्ट्री और ई-कॉमर्स बाजार में अमेरिका बेरोकटोक पहुंच की मांग कर रहा है।

**3-धार्मिक स्वतंत्रता**
ट्रंप की यात्रा के दौरान बौद्धिक संपदा अधिकार, व्यापार सुगमता और आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग के लिए पांच समझौतों को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक, 'राष्ट्रपति ट्रंप अपनी सार्वजनिक और निजी बातचीत में लोकतंत्र और धार्मिक स्वतंत्रता की हमारी साझी परंपरा के बारे में बात करेंगे।

### क्या है मोदी मंत्र

**1-व्यापार शुल्क**
भारत सरकार ने अमेरिका पर व्यापार शुल्क जैसे जटिल मुद्दों को लेकर दबाव बना रखा है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कब हस्ताक्षर होंगे, इस सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'हम कोई कृत्रिम समय सीमा सृजित नहीं करना चाहते हैं। अमेरिका भारत के बड़े पोल्ट्री और डेयरी बाजारों तक अधिक पहुंच की मांग कर रहा है। बहरहाल भारत को इस पर कुछ शंकाएं हैं।' विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध आज 'सबसे अधिक अहम' रिश्तों में से एक के रूप में विकसित हुए हैं और दोनों देशों के हित अभूतपूर्व तरीके से जुड़े हैं।

**2-रणनीतिक सहयोग**
वैश्विक राजनय में भारत की चिंताओं, आंतकवाद से मुकाबले, अफगानिस्तान की स्थिति, ऊर्जा सुरक्षा पर चर्चा होगी। चीन द्वारा अपने सैन्य और आर्थिक दायरे को बढ़ाने के संदर्भ में बात होगी। व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी, ऊर्जा सुरक्षा, धार्मिक स्वतंत्रता, अफगानिस्तान में तालिबान के साथ प्रस्तावित शांति समझौता और हिंद-प्रशांत की स्थिति सहित कई द्विपक्षीय और क्षेत्रीय महत्व के मुद्दों पर केंद्रित रहने की संभावना है। दोनों देश ट्रंप की पहली भारत यात्रा को दो लोकतांत्रिक देशों के बीच बढ़ती वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के प्रतिबिंब के तौर पर दिखाना चाहते हैं।

### सोशल मीडिया पर 'बाहुबली' बने ट्रंप

**भारत** यात्रा से पहले ट्रंप ने रीट्वीट किया प्रशंसक का बनाया वीडियो। वीडियो में अमेरिकी राष्ट्रपति के चेहरे का इस्तेमाल 'बाहुबली' के अभिनेता के चेहरे की जगह। वीडियो ट्वीट होने के 24 घंटे के भीतर 18 लाख से ज्यादा लोगों ने देखा

विस्तृत खबर पेज 8 पर

भारत में अपने शानदार दोस्तों से मिलने के लिए उत्सुक हूं। वहां लाखों लोगों के बीच जाऊंगा। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करूंगा। वे मेरे दोस्त हैं। -डोनाल्ड ट्रंप



भारत डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। यह सम्मान की बात होगी कि वे कल हमारे साथ होंगे, जिसकी शुरुआत अमदाबाद में ऐतिहासिक कार्यक्रम से होगी। -नरेंद्र मोदी



रविवार को भारत दौरे के लिए रवाना होने से पहले हाथ हिलाते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

## ट्रंप का कार्यक्रम

**24 फरवरी, अमदाबाद**

**ट्रंप** का विशेष विमान 'एअरफोर्स वन' सुबह 11.40 बजे अमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रोटोकॉल तोड़कर उनकी अगुआई करेंगे।

**हवाई अड्डे** से मोटेरा स्टेडियम तक ट्रंप और मोदी 22 किलोमीटर का रोड शो करेंगे। इसमें भारत की झलक दिखाने के लिए 28 मंच बनाए गए हैं। इसे इंडिया रोड नाम दिया गया है।

**ट्रंप** और उनकी पत्नी मेलानिया साबरमती आश्रम भी जाएंगे। 15 मिनट रुकेंगे। इस दौरान ट्रंप और मेलानिया को चरखा उपहार स्वरूप दिया जाएगा।

**डोनाल्ड** ट्रंप अमदाबाद के नवनिर्मित मोटेरा स्टेडियम में 1:15 बजे पहुंचेंगे। यहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, जिसमें बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल होंगी।

**इस** कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा लोग शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अमेरिकी मेहमानों के लिए दोपहर का भोज दिया जाएगा। बाकी पेज 8 पर

# अमेरिका में आव्रजन के नए नियम से भारतीयों को दिक्कत

वाशिंगटन, 23 फरवरी (भाषा)।

अमेरिका सोमवार से ऐसा नियम लागू करने जा रहा है जिससे उन कानूनी आव्रजकों को ग्रीन कार्ड या कानूनी रूप से स्थायी निवास की अनुमति नहीं दी जाएगी जिन्होंने फूड स्टाम्प्स जैसी जन योजनाओं का फायदा उठाया है। इस कदम से कई भारतीय बाकी पेज 8 पर

**वाइट** हाउस की प्रेस सचिव स्टेफनी ग्रीशम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद होमलैंड सुरक्षा विभाग सोमवार को अपना कानून लागू कर पाएगा।'



# सीएए विरोधियों और समर्थकों में भिड़ंत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में सीएए विरोधी और समर्थक समूहों के बीच रविवार को झड़प हो गई। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों के सड़क बाधित करने के बाद से यहां तनाव व्याप्त है।

जाफराबाद से सटे मौजपुर में सीएए के समर्थक और विरोधी समूह में पथराव किया, जिसके बाकी पेज 8 पर



मौजपुर में सीएए विरोधी और समर्थकों के बीच पथराव। फोटो : गजेंद्र यादव

## अलीगढ़ में पुलिस पर पथराव, इंटरनेट पर रोक

अलीगढ़, 23 फरवरी (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ शहर के तुर्कमान गेट इलाके में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन के मद्देनजर बाकी पेज 8 पर

## कई विभाग व प्रकोष्ठ भी लंबे समय से मुखिया के इंतजार में

# बहुत से पद खाली हैं कांग्रेस में

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

अपने सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही कांग्रेस में सिर्फ नए अध्यक्ष को लेकर संशय की हालत नहीं है, बल्कि पार्टी के कई विभाग एवं प्रकोष्ठ भी लंबे समय से नए मुखिया के इंतजार में हैं।

साथ ही कुछ विभाग और प्रकोष्ठ तो निष्क्रियता की स्थिति में हैं। हालांकि, पार्टी का कहना है कि बाकी पेज 8 पर

## 'नेतृत्व का मुद्दा पहले हल करे पार्टी'



नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने रविवार को कहा कि पार्टी को लोगों में कांग्रेस के 'डांवाडोल' होने की बढ़ रही धारणा को दूर करने के लिए अपने नेतृत्व का मुद्दा शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक अध्यक्ष बाकी पेज 8 पर

# 'यौन उत्पीड़न कानून के बेजा इस्तेमाल की अनुमति नहीं'

चेन्नई, 23 फरवरी (भाषा)।

मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी महिला कर्मचारी के खिलाफ असंयमित भाषा के इस्तेमाल का बेबुनियाद आरोप कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न संबंधी कानून के तहत अपराध नहीं है और इस अधिनियम को अतिशयोक्तिपूर्ण या अस्तित्वहीन आरोपों के साथ दुरुपयोग की अनुमति नहीं दी बाकी पेज 8 पर

**बेबुनियाद** आरोप कहकर मद्रास हाई कोर्ट ने एक वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारी को यौन उत्पीड़न के मामले में राहत दी।



## मंदिर निर्माण पहले के मॉडल के अनुरूप ही : चंपत राय



जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए गठित 'श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के महासचिव चंपत राय ने रविवार को स्पष्ट कर दिया कि विश्व बाकी पेज 8 पर

### दरअसल




**दाना-पानी**

20-25 सालों में चिड़िया की संख्या में बड़ी गिरावट नहीं

दाना-चुग्गा, घोसले की जगह न मिलना पलायन की वजह

# शहरों को छोड़कर गांवों में जा बसी हैं गौरैया

जयपुर, 23 फरवरी (भाषा)।

गौरैया जिसे हम चिड़िया या चिड़ी कहते हैं क्या सच में लुप्त हो रही है? हालिया जारी एक रिपोर्ट की मानें तो ऐसा कतई नहीं है। बीते बीस-पच्चीस साल में गौरैया (हाउस स्पैरो) की संख्या में कोई बड़ी गिरावट नहीं आई है। गांव-कस्बों, ढाणियों में यह वैसे ही चहकती-फुदकती मिल जाती है। बस शहरों या यूं कहें कि बड़े शहरों में अब वह कम या नहीं दिखती है। कारण कि वह शहरों को छोड़ती जा रही है।

नई दिल्ली के गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर (पर्यावरण) डा सुमित डूकिया के अनुसार महानगरों से गौरैया के गायब होने की वजह यही है कि हमारा शहरी ढांचा उसके अनुकूल नहीं है। वहां न तो उसके लिए घोंसले बनाने की जगह बची है और न ही उसके चुग्गे-पानी की गुंजाइश। शायद यही कारण है कि वह धीरे धीरे महानगरीय सोच में ढलती आबादी से दूर जा रही है, क्योंकि यहां उसके चहकने, फुदकने, घोंसला बनाने की गुंजाइश नहीं है।

आमतौर पर बड़े बुजुर्ग कहते सुने जाते हैं कि मोबाइल फोन टावरों से निकलने वाली हानिकारिक किरणों के चलते चिड़िया सहित अनेक पक्षी शहरों से पलायन कर रहे हैं। लेकिन इस रिपोर्ट में इस प्रचलित धारणा को खारिज करते हुए कहा गया है कि मौजूदा साक्ष्यों से तो ऐसा कुछ नहीं लगता। इस रपट 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड 2020' में दो पक्षियों चिड़िया और मोर के बारे में जानकारी अच्छी खबर शीर्षक के साथ दी गई है क्योंकि आम धारणा के विपरीत बीते दो दशकों में इनकी संख्या घटी नहीं है। जो अच्छी बात है।

रपट में गौरैया के बारे में कहा गया है, 'आमतौर पर यही धारणा है कि भारत में गौरैया की संख्या कम हो रही है लेकिन इस प्रजाति की संख्या में बीते 25 से ज्यादा साल में कोई गिरावट नहीं आई है।' रपट के अनुसार कई वजहों से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बंगलुरू और हैदराबाद जैसे महानगरों में चिड़िया की बाकी पेज 8 पर

**विस्तृत रिपोर्ट**



**रपट** 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड 2020' 17 फरवरी को गांधी नगर में जारी की गई। भारत में पक्षी, पखेरूओं, परिंदों की स्थिति पर यह अपनी तरह की पहली विस्तृत रपट है। इस रिपोर्ट में भारत में मिलने वाली पक्षियों की 1300 से अधिक प्रजातियों में से 867 का विश्लेषण किया गया है। यह रपट मोटे तौर पर 15,000 पक्षी प्रेमियों द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि पिछले लगभग 25 साल में 126 प्रजातियों में कोई कमी या बढ़ोतरी नहीं हुई।



www.readwhere.com

**जनसत्ता**

**क्लासीफाइड**

**व्यक्तिगत**

I, Shriddha/Shraddha Kamath w/o-Praveen Raghuchandra Bhat R/o-3/66,Om-Uppunda Udupi-Karnataka-576232,have changed my name after-marriage to Prasiddi Praveen Bhat,for all,future purposes. 0040533237-7

I, Shailendra Misra resident of 5/453, Viram Khand-5, Gomti Nagar Lucknow- 226010, hereby Inform that surname Mishra has been included in name of my minor daughter Samridhi Shree and she shall hereafter be known as Samridhi Shree Mishra. 0060073134-2

I, Rajendra Singh Bhoj S/o Mohan Singh Bhoj R/o C-5/52,II Floor,Sector-11,Rohini,New Delhi-110085, have changed my name to Rajendra Bhojj. 0050162966-1

I, RINKI w/o Nityanand Tiwary r/o 3, OC Road, Kharkai Link Road, Bistupur, Jamshedpur, Jharkhand-831001 have changed my name to NITISHA TIWARY. My correct birth date is 15/08/1983. 0040533159-2

I, Pradeep Kumar Modai S/o Jadunath Modai R/o B-95,Mansa Ram Park,Uttam Nagar,New Delhi-110059, have changed my name to Pradeep Ray. 0050162965-1

I, Ajay Kumar Mathur S/o Late Shri Shanti Prasad Mathur R/o N-902, Prateek Laurel, Sector-120, Noida U.P.-201301, have changed my name from Ajay Kumar to Ajay Kumar Mathur for all future purposes. 0040533167-1

**खोया+पाया**

I, Sukhjit Raju W/o Piare S Raju R/o D-305, Vivek Vihar, Delhi have lost my original Payment Receipt, Allotment/ Transfer/ Possession letter of the Plot no B-170A Sushant Lok -1 Gurgaon Finder may contact at above address. 0040533224-2

I, Piare S Raju S/o S Butta Singh Raju R/o D-305, Vivek Vihar, Delhi have lost my original Payment Receipt, Allotment/ Transfer/ Possession letter of the Plot no B-169A Sushant Lok -1 Gurgaon Finder may contact at above address. 0040533224-1

**PUBLIC NOTICE**

I, Reena Khurana D/o Shri Jagdish Bhutani would like to inform the general public that the Original Possession Letter, NOC & Demand Letter of our Property No. L-91A, Ground Floor, Janta Flats, Saket, New Delhi-110017 has been misplaced on 3rd July 2019. A complaint in this regard to Delhi Police has also been registered on 21/8/2019 vide LR No. 1415709/2019. Finder please kindly inform the same to me on Mob. 9312211204.

**PUBLIC NOTICE**

It is for information of general public that my client SHRIMATI GURUBACHAN KAUR WIFE OF LATE SHRI GURUCHARAN SINGH RESIDENT OF HOUSE NO. G-1/1081, BLOCK-G, NEAR RAILWAY LINE, MANSAROVER PARK, DELHI, have disowned her son namely AMAR JEET SINGH, his wife and their children and they shall have no right or concern with me or my movable and immovable properties. In future I shall not be held liable and responsible for the acts and deeds of said AMAR JEET SINGH, his wife and their children.

Sd/-
TARUN BABBAR
ADVOCATE
84, MANU APARTMENTS, MAYUR VIHAR, PHASE-I, DELHI-110091
Mb No. 9999829922

**PUBLIC NOTICE**

I, MOHAMMAD ABDUL GAFUR ANSARI, son of Quaiser Ali Miyan, resident of Flat No. 802, Urja Vihar, Sector 45, Faridabad, do hereby declare that my name mentioned in some documents and records written as A G ANSARI, in some documents and records written as ABDUL GAFUR ANSARI and in some documents and records written as ABDUL G ANSARI. I hereby declare that all the three names pertain to the one and same person i.e., MOHAMMAD ABDUL GAFUR ANSARI (Correct Name). Henceforth, my correct name MOHAMMAD ABDUL GAFUR ANSARI be read and treated as my real name in all the documents and records for all purposes.

**Public Notice**

Be it known to all that my clients Smt. Neelam Jain, W/o. Sh. Mukesh Chandra Jain and her Husband Sh. Mukesh Chandra Jain, both R/o. 679-B, Street No.2, Kabool Nagar, Shahdara, Delhi-110032, have disowned their son Sh. Mohit Jain and his wife Smt. Purnima Jain from all their moveable and immoveable properties and have severed all relations with them. Anyone dealing with Sh. Mohit Jain and his wife Smt. Purnima Jain shall be doing so at his/her own risk and responsibility, my clients shall not be made liable or responsible for any of the act or conduct done Sh. Mohit Jain and his wife Smt. Purnima Jain.

Abhishek Bharti, Advocate, EnrlNo. D-1203/2015

# माफिया सरगना रवि पुजारी दक्षिण अफ्रीका में गिरफ्तार

**सूत्रों ने बताया कि जांच में राष्ट्रीय जांच एजंसी, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग शामिल होगी।**

बंगलुरु, 23 फरवरी (भाषा)।

माफिया सरगना रवि पुजारी को दक्षिण अफ्रीका में गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे अधिकारियों की एक टीम भारत ला रही है। इस टीम में कर्नाटक के एक वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी भी शामिल हैं।

एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुजारी कर्नाटक समेत देश के अलग अलग हिस्सों में दर्ज उगाही और हत्या सहित कई मामलों में वांछित था।

वह 15 साल से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुजारी को पश्चिम अफ्रीका में सेनेगल निर्वासित कर दिया गया था और बाद में उसे प्रत्यर्पित कर दिया गया था।

पिछले साल सेनेगल में उसे जमानत मिल गई थी और वह फरार हो गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि (हम) सेनेगल से उसके साथ आ रहे हैं।

अभी पेरिस में हैं। (हम) एअर फ्रांस की उड़ान से आ रहे हैं और आधी रात तक वहां (भारत) पहुंच जाएंगे। यह अधिकारी टीम का हिस्सा हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले पुजारी को सोमवार सुबह तक यहां लाया जा सकता है।

सूत्रों ने बताया कि जांच में राष्ट्रीय जांच एजंसी, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग शामिल होगी। पुलिस के मुताबिक, पुजारी पर 200 से ज्यादा मामले हैं। उसे पिछले साल जनवरी में सेनेगल के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। भारतीय अधिकारियों की उसे प्रत्यर्पित करके यहां लाने की कोशिशों के बावजूद एक स्थानीय अदालत ने उसे जमानत दे दी थी जिसके बाद पुजारी दक्षिण अफ्रीका भाग गया था। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि माफिया सरगना को दक्षिण अफ्रीका और सेनेगल पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान एक गांव से गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि उसे सेनेगल ले जाया गया और भारतीय टीम ने प्रत्यर्पण की औपचारिकताएं पूरी कीं। पुजारी शुरू में गैंगस्टर छोटा राजन से जुड़ा हुआ था, लेकिन उसने फरार अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहीम के लिए भी काम किया है।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client Mr. Harish Kapoor, S/o Sh. Manohar Lal Kapoor, owner of Flat No. C-137, NDMC Employees CGHS LTD. NDMC APTS VIKAS PURI, New Delhi-110018 has lost/ misplaced original Share Certificate, Possession Letter and Allotment Letter of the above said flat. An NCR/LR No. 185979/2020 dated 21.02.2020 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No 9873560267 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write to President/ Secretary of NDMC Employees CGHS LTD, NDMC Apts, Vikas Puri, New Delhi.

Naveen Aggarwal, Advocate
Ch. No. 7, Tis Hazari Court, Delhi-54

**"IMPORTANT"**

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

The Indian EXPRESS Classifieds
FROM ANYTHING TO EVERYTHING.

**CLASSIFIED AD DEPOT (CAD)**

**Book classified ads at your nearest Express Group's authorised Classified Ad Depots**

**EAST**

**PATPARGANJ :** CHAVI ADVERTISERS, Ph.: 9899701024, 22090987, 22235837, **PREET VIHAR :** AD BRIDGE COMMUNICATION, Ph.: 9810029747, 42421234, 22017210, **SHAKARPUR :** PARICHAY ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9350309890, 22519890, 22549890

**WEST**

**JANAKPURI :** TRIMURTI ADVERTISERS, Ph.: 9810234206, 25530307, **KAROL BAGH (REGHARPURA) :** K R ADVERTISERS, Ph.: 9810316618, 9310316618, 41547697, **KARAMPURA :** GMJ ADVERTISING & MARKETING PVT. LTD., Ph.: 9310333777, 9211333777, 9810883377, **NEW MOTI NAGAR :** MITTAL ADVERTISING, Ph.: 25178183, 9810538183, 9555945923, **MOTI NAGAR :** UMA ADVERTISERS, Ph.: 9312272149, 8800276797, **RAMESH NAGAR :** POSITIVE ADS, Ph.: 9891195327, 9310006777, 65418908, **TILAK NAGAR :** SHIVA ADVERTISERS, Ph.: 9891461543, 25980670, 20518836, **VIKAS PURI :** AAKAR ADVT. MEDIA Ph.: 9810401352, 9015907873, 9268796133

**CENTRAL**

**CHANDNI CHOWK :** RAMNIWAS ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9810145272, 23912577, 23928577, **CONNAUGHT PLACE :** HARI OM ADVERTISING COMPANY Ph.: 9811555181, 43751196

**NORTH**

**TIS HAZARI COURT :** SAI ADVERTISING, Ph.: 9811117748 **KINGWAY CAMP :** SHAGUN ADVERTISING, Ph.: 9818505505, 27458589, **PATEL CHEST (OPP. MORRIS NAGAR POLICE STATION) :** MAHAN ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9350304609, 7042590693, **PITAMPURA (PRASHANT VIHAR) :** PAAVAN ADVERTISER Ph.: 9311564460, 9311288839, 47057929

**SOUTH**

**CHATTARPUR :** A & M MEDIA ADVERTISING, Ph.: 9811602901, 65181100, 26301008, **KALKAJI :** ADWIN ADVERTISING, Ph.: 9811111825, 41605556, 26462690, **MALVIYA NAGAR :** POOJA ADVERTISING & MARKETING SERVICE, Ph.: 9891081700, 24331091, 46568866, **YUSUF SARAI :** TANEJA ADVERTISEMENT & MARKETING Ph.: 9810843218, 26561814, 26510090

**NCR**

**FARIDABAD (NEELAM FLYOVER) :** AID TIME (INDIA) ADVERTISING, Ph.: 9811195834, 0129-2412798, 2434654, **FARIDABAD (NIT, KALYAN SINGH CHOWK) :** PULSE ADVERTISING, Ph.: 9818078183, 9811502088, 0129-4166498, **FARIDABAD :** SURAJ ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9810680954, 9953526681, **GURGAON :** SAMBODHI MEDIA PVT. LTD., Ph.: 0124-4065447, 9711277174, 9910633399, **GURGAON :** AD MEDIA ADVERTISING & PR, Ph.: 9873804580, **NOIDA (SEC. 29) :** RDX ADVERTISING, Ph.: 9899268321, 0120-4315917, **NOIDA (SEC. 65) :** SRI SAI MEDIA, Ph.: 0120-4216117, **NOIDA (SEC. 58) :** JAI LAKSHMI ADVERTISERS, Ph.: 9873807457, 9911911719 **GHAZIABAD (HAPUR ROAD TIRAHA, NR GURUDWARA) :** TIRUPATI BALAJI ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9818373200, 8130640000, 0120-4561000

**EDUCATION (IAS & PMT ACADEMIES)**

FRIENDS PUBLICITY SERVICE 23287653, 23276901, 9212008155

*For CAD enquiries please contact :*
**ROHIT JOSHI** 9818505947, **ABHINAV GUPTA** 9910035901
For booking classified ads, please contact 011-23702148, 0120-6651215, E-mail : delhi.classifieds@expressindia.com

# विपक्ष के पास बहुमत नहीं, सीएए को स्वीकार करना उचित : कांग्रेस विधायक

## दिग्विजय के छोटे भाई ने कहा, इस कानून को हर राज्य को लागू करना ही पड़ेगा

इंदौर, 23 फरवरी (भाषा)।

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर अपनी पार्टी के रुख से एकदम उलट बयान देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह ने रविवार को कहा कि चूंकि सीएए में कोई बदलाव करने के लिए विपक्ष के पास संसद में बहुमत नहीं है, इसलिए इसे स्वीकार कर लेना चाहिए।

सिंह, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के छोटे भाई और मध्य प्रदेश के गुना जिले की चाचौड़ा सीट से पार्टी के विधायक हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'सीएए को लेकर देश में पर्याप्त चर्चा, आंदोलन और धरना-प्रदर्शन हो चुका है। सीएए कानून बन चुका है। यह कानून बदलने के लिए संसद में बहुमत चाहिए। लेकिन (विपक्ष के पास) बहुमत है नहीं। ऐसे में मेरे ख्याल में इस कानून को मान लेना ही उचित है।'

लोकसभा के पूर्व सांसद ने कहा, 'संसद किसी एक पार्टी की नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों की होती है। जब केंद्र में हमारी (कांग्रेस) सरकार थी, तब हमने भी कई कानूनों में बदलाव किया था। अगर उस वक्त कोई राज्य सरकार हमारा बनाया कानून लागू नहीं करती, तो हमें कैसा लगता?' मध्य प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा सीएए के विरोध के मद्देनजर सूबे में इसके लागू होने की संभावना पर सिंह ने कहा कि देश में संसदीय प्रणाली है और इस कानून को हर राज्य को लागू करना ही पड़ेगा। प्रदेश में विदेशी शराब की ऑनलाइन बिक्री को मंजूरी देने के कमलनाथ सरकार के फैसले पर कांग्रेस विधायक ने कहा, 'राज्य में भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार हमारे लिए खाली खजाना छोड़ कर गई थी। मौजूदा कांग्रेस सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी आय बढ़ाना है। ऑनलाइन शराब बिक्री से सरकारी राजस्व बढ़ेगा।' उन्होंने कहा, 'या तो हम प्रदेश में पूरी तरह शराबबंदी लागू कर दें और अगर हम शराबबंदी लागू नहीं करते हैं, तो इसमें कितना फर्क है कि शराब किसी दुकान से बिके अथवा ऑनलाइन बिके?' कांग्रेस विधायक ने दावा किया कि विदेशी मदिरा की ऑनलाइन बिक्री से सूबे की कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार होगा और शराब की दुकानों में होने वाले झगड़ों पर रोक लगेगी।

उन्होंने राज्य सरकार की मेजबानी में मार्च के अंत में यहां निजी क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थान डेली कॉलेज में होने वाले आइफा अवॉर्ड समारोह का आयोजन स्थल बदले जाने की मांग भी की। सिंह ने कहा, 'मध्य प्रदेश में आइफा अवॉर्ड समारोह का आयोजन अच्छी बात है क्योंकि इससे सूबे को नई पहचान मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। लेकिन परीक्षाओं के समय डेली कॉलेज में इस समारोह का आयोजन उचित नहीं है क्योंकि इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी।'

# गुरुकुल महाविद्यालय की भूमि का मामला, रैली निकाली गई

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 23 फरवरी।

गुरुकुल महाविद्यालय की अरबों की भूमि को बचाने के लिए आर्य समाज के वरिष्ठ संतों व पदाधिकारियों के नेतृत्व में रविवार को विशाल जुलूस निकाला गया। इसमें स्थानीय विधायक व शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक के खिलाफ गुरुकुल महाविद्यालय की जमीन हड़पने के लिए षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी हुई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि दस दिनों के अंदर मंत्री कौशिक को बर्खास्त नहीं किया गया तो वे और बड़ा आंदोलन करने का बाध्य होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार होगी।

इस अवसर पर भाजपा के हरिद्वार ग्रामीण से विधायक स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक गुरुकुल महाविद्यालय की अरबों रुपए की जमीन को हड़पना चाहते हैं। मंत्री की शह पर ही गुरुकुल महाविद्यालय में विवाद पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि मंत्री के कृत्यों के कारण सरकार की छवि खराब हो रही है। सरकार को मामले की सीबीआइ व सीबीसीआइडी जांच करानी चाहिए। इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, एबीवीपी, किसान यूनियन आदि ने भी समर्थन दिया। रैली गुरुकुल महाविद्यालय से शुरू होकर सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय तक पहुंची। रैली करीब एक किलोमीटर लंबी होने के कारण रास्ता जाम हो गया। रैली की खास बात यह रही की रैली में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिरकत की और अपने ही मंत्री के खिलाफ जमकर नारे लगाए। गुरुकुल बचाओ संघर्ष समिति के समिति के संरक्षक व आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के प्रधान गोविंद भंडारी, साध्वी प्राची, आचार्य कर्मवीर, स्वामी विश्वानंद, स्वामी भैरवानंद, इंदूबाला आर्य, सत्यार्थी, दया सिंह, आर्य मास्टर अशोक कुमार, देवेंद्र राठी समेत कई लोग शामिल थे।

# इंडोनेशिया के विवि में पढ़ाया जाएगा भाजपा का इतिहास

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

भाजपा के इतिहास के बारे में जानकारी देने वाली एक किताब इंडोनेशिया की इस्लामिक यूनिवर्सिटी में पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी। देश के आम चुनाव में भाजपा की लगातार दो बार जीत ने शिक्षाविदों में पार्टी को लेकर रुचि पैदा कर दी है।

शांतनु गुप्ता की किताब 'भारतीय जनता पार्टी- अतीत, वर्तमान व भविष्य, विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल की कहानी' अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग में दक्षिण एशियाई अध्ययन के स्नातक के छात्रों के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी। विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के संकाय सदस्य हदजा मिन फदली ने कहा कि आम चुनाव में भाजपा की दो बार जीत के कारण शिक्षाविदों में पार्टी को लेकर रुचि बढ़ रही है। हदजा ने बताया कि भारत की हालिया यात्रा के दौरान उन्हें किताब के बारे में पता चला।

# सरकारी नीतियों को लोगों तक पहुंचाने का काम करते हैं कार्यकर्ता : रावत

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 23 फरवरी।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रविवार को कहा कि भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी का संगठन काम करता है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इसलिए पार्टी में समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर होते रहते हैं। वे भाजपा के मंडल और जिलाध्यक्ष प्रांतीय प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

हरिद्वार के आश्रम में आयोजित भाजपा के विशेष प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया और उन्हें सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में उत्तराखंड के सभी 13 जिलों के मंडल अध्यक्षों के साथ-साथ जिलाध्यक्ष भी भाग ले रहे हैं। मंडल अध्यक्षों की तादाद 252 जबकि 14 जिला अध्यक्ष उपस्थित थे। शिविर में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, उत्तराखंड के महामंत्री संगठन अजय कुमार, राष्ट्रीय संगठन सहमहामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, हरक सिंह रावत, पार्टी विधायक सुरेश राठौर आदेश चौहान भाग ले रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंशीधर भगत समेत कई आला नेता भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कई जन उपयोगी कार्य किए हैं और हमारी सरकार की नीतियों का जन -जन तक प्रचार करने का काम कार्यकर्ताओं का है। पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देती है।

# मेलानिया ट्रंप का स्वागत करके खुशी होती, दूतावास की चिंताओं का सम्मान : सिसोदिया

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के सरकारी स्कूल में अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप का स्वागत करके खुशी होती लेकिन उन्होंने इस संबंध में अमेरिकी दूतावास की चिंताओं का सम्मान किया।

सिसोदिया ने आधिकारिक बयान में कहा, 'मुझे और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के सरकारी स्कूल में प्रथम महिला का स्वयं स्वागत करके और उन्हें कक्षाओं के दौरे के दौरान 'खुशहाली पाठ्यक्रम' व छात्रों पर पड़े इसके सकारात्मक प्रभाव की जानकारी देकर खुशी होती।' उन्होंने कहा, 'हालांकि, अमेरिकी दूतावास ने स्कूल के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के प्रथम महिला के साथ होने के संबंध में कुछ चिंताएं व्यक्त की थीं। हम उनका सम्मान करते हैं। हम तहे दिल से प्रथम महिला का स्वागत करते हैं और हम उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।' सिसोदिया ने कहा, 'यह दिल्ली सरकार, दिल्ली के सरकारी अध्यापकों और छात्रों के लिए गर्व की बात है कि प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप दिल्ली के सरकारी स्कूल का दौरा करेंगी। यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि शिक्षा क्षेत्र में आप सरकार के किए काम, खासकर 'हैप्पीनेस' कक्षाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है।'

# उत्तराखंड में नहीं होगा नेतृत्व परिवर्तन : भगत

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 23 फरवरी।

उत्तराखंड भाजपा के अध्यक्ष बंशीधर भगत ने हरिद्वार में पार्टी के मंडल और जिला अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के बाद पत्रकारों से कहा कि उत्तराखंड में नेतृत्व परिवर्तन नहीं होगा। मुख्यमंत्री पद पर त्रिवेंद्र सिंह रावत ही कायम रहेंगे। त्रिवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में पार्टी अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी और भाजपा फिर से पूर्ण बहुमत हासिल करेगी। इस बार भाजपा की सीटें बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में 2022 में भाजपा के जो विधायक चुनकर आएंगे, वे ही विधायक दल का नया नेता यानी नए मुख्यमंत्री का चयन करेंगे। भाजपा में संगठन या सरकार के स्तर पर कहीं भी नेतृत्व परिवर्तन की कोई बात नहीं उठी है और दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में इस मुद्दे पर कोई बात नहीं हुई है। विपक्ष जानबूझकर राज्य में राजनीतिक अस्थिरता फैलाने के लिए मुख्यमंत्री के बदलने की साजिश की अफवाह फैला रहा है।

# ट्रंप की यात्रा से पहले स्टेडियम का प्रवेश द्वार गिरा

अमदाबाद, 23 फरवरी (भाषा)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमदाबाद यात्रा से एक दिन पहले मोटेरा इलाके में नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम के बाहर बना अस्थायी वीवीआइपी प्रवेश द्वार रविवार सुबह तेज हवाएं चलने के कारण ढह गया। पूरी घटना एक दर्शक ने रिकॉर्ड कर ली और स्थानीय टीवी चैनलों ने इसे प्रसारित भी किया। अस्थायी प्रवेश द्वार स्टील की छड़ों से बनाया गया था और इसे फ्लेक्स बैनरों से कवर किया गया था। अधिकारी ने बताया कि कुछ वक्त बाद तेज हवाओं के कारण स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे दूसरे अस्थायी दरवाजे का भी एक हिस्सा ढह गया। दोनों घटनाओं में कोई भी जख्मी नहीं हुआ है और इन दरवाजों को उनके स्थान पर फिर से लगाने का काम चल रहा है।

# मध्य प्रदेश : ऑनलाइन शराब बिक्री मंजूरी की भाजपा ने की आलोचना

इंदौर, 23 फरवरी (भाषा)।

मध्य प्रदेश में विदेशी शराब की ऑनलाइन बिक्री को मंजूरी देने के निर्णय की आलोचना करते हुए भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने रविवार को प्रदेश की कमलनाथ की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार को 'दारू बेचने वाली सरकार' करार दिया।

शर्मा ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हम तो सोच रहे थे कि कमलनाथ सरकार सूबे में निवेश को बढ़ावा देते हुए नए कारखाने खुलवाएगी, युवाओं को रोजगार देगी, नए अस्पताल खोलेगी, किसानों को खाद-बीज मुहैया कराएगी और दूध उत्पादन को बढ़ावा देगी। लेकिन सरकार ने ऑनलाइन दारू (शराब) बेचने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा, 'यह दारू (शराब) बेचने वाली सरकार है।

# वन सुरक्षाकर्मियों की लिखित परीक्षा की जांच जारी : हरक सिंह

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 23 फरवरी।

उत्तराखंड के वन मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि वन विभाग में वन सुरक्षाकर्मियों की लिखित परीक्षा की राज्य सरकार बारीकी से जांच करवा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और विभिन्न थानों में इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि पूरे प्रदेश के अन्य जिलों में नकल को लेकर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उन्हीं जिलों में परीक्षा रद्द की जा सकती है, जिन जिलों में नकल का कोई प्रभाव पड़ा। राज्य सरकार ने तीन सालों में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए कई महत्त्वपूर्ण कार्य किए हैं।

# सैलानियों के सुगमता से घूमने-फिरने के लिए राजस्थान सरकार बनाएगी नीति

## सौ करोड़ रुपए का पर्यटन विकास कोष गठित करेगी

जयपुर, 23 फरवरी (भाषा)।

राजस्थान सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'ईज ऑफ ट्रेवलिंग राजस्थान' नीति बनाएगी तथा 100 करोड़ रुपए का पर्यटन विकास कोष गठित करेगी ताकि 'पधारो म्हारे देस' के लिए पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके।

राज्य की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट 2019-20 के अनुसार राजस्थान देश के सबसे लोकप्रिय पर्यटन गंतव्यों में से एक है और दुनिया के पर्यटन नक्शे में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसके अनुसार कैलेंडर वर्ष 2019 में कुल मिलाकर 538.26 लाख पर्यटक राजस्थान आए जिनमें 522.20 लाख घरेलू व 16.06 लाख विदेशी पर्यटक शामिल हैं।

पर्यटन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कई कारणों के चलते पर्यटकों की संख्या में हर साल घट-बढ़ होती रहती है लेकिन हम चाहते हैं कि इसमें उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो और ज्यादा से ज्यादा पर्यटक यहां आएं। उन्होंने बताया कि राजस्थान आने वाले पर्यटकों की संख्या 2016 में 4.30 करोड़ थी जो 2018 में 5.19 करोड़ व 2019 में 5.22 करोड़ हो गई।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसी सप्ताह पेश 2020-21 के बजट में राज्य में पर्यटन विकास के लिए कई घोषणाएं कीं। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि राजस्थान देश में पर्यटन की दृष्टि से सिरमौर रहा है। गहलोत ने राज्य में पर्यटन संबंधी सुविधाओं के विकास एवं उन्नयन के लिए 100 करोड़ रुपए का पर्यटन विकास कोष बनाने की घोषणा की। इसके साथ ही कहा कि 'ईज आफ ट्रैवलिंग इन राजस्थान' नीति बनाई जाएगी ताकि न केवल ज्यादा से ज्यादा पर्यटक यहां आएं बल्कि उनका घूमना-फिरना सुगम भी हो। इसके तहत सरकार अगले एक साल में एक हजार राज्य स्तरीय व पांच हजार स्थानीय स्तर के गाइडों को प्रशिक्षण देकर उन्हें लाइसेंस देगी।

राज्य के पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने हाल ही में कहा था कि राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और इस क्षेत्र में काफी कुछ किया जा रहा है। उनके अनुसार राजस्थान ने अपनी पर्यटन क्षमताओं का मात्र 20 फीसद ही उपयोग किया है। राज्य विधानसभा में इसी सप्ताह पेश आर्थिक समीक्षा में कमोबेश इसी विचार के साथ कहा गया है कि पर्यटन क्षेत्र से राज्य में लोगों के लिए कमाई एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के व्यापक अवसरों को देखते हुए यहां पर्यटन विकास के गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत वित्त वर्ष 2019-20 में दिसंबर 2019 तक ही पर्यटन विकास के विभिन्न कार्यों पर 811.73 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

समीक्षा के अनुसार राज्य के कई पर्यटन स्थलों का विकास प्रस्तावित है।

इसके तहत सांभर साल्ट कांपलेक्स, जयपुर के जय निवास बाग, धौलपुर के मचकुंड, चित्तौड़गढ़ में सांवलिया सेठ, राजसमंद में ऐतिहासिक कुंभलगढ़ किले, मेड़ता में मीराबाई स्मारक, उदयपुर में प्रताप गौरव केंद्र तथा गडीसर तालाब जैसलमेर साउंड एंड लाइट शो की व्यवस्था करना भी शामिल है। अधिकारियों के अनुसार राज्य में 48.03 करोड़ रुपए की लागत से 'वाइल्ड लाइफ सर्किट' के विकास का प्रस्ताव केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के पास विचाराधीन है।

**मौसम**

| तापमान | नई दिल्ली | |
|---|---|---|
| अधिकतम-26.1 डि.से. | | सूर्योदय- 6:52 |
| न्यूनतम- 13.6 डि.से. | | सूर्यास्त- 18:16 |



### ट्रंप के दौरे के लिए तैयारियां पूरी, आम मेहमानों के लिए होटल बंद

# आइटीसी मौर्य होटल के सभी कमरे बुक

**अमलेश राजू**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सोमवार को आइटीसी मौर्य होटल में ठहरने के बाबत सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजार किए गए हैं। सेना और अर्द्धसैन्य बल उन रास्तों पर जांच कर रहे हैं जहां से ट्रंप गुजरेंगे। सुरक्षा एजंसियां अमेरिका की खुफिया सेवा के साथ मिलकर भी काम कर रही हैं। दिल्ली के पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक ने भी कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के राजधानी में आने की सारी सुरक्षा व्यवस्था कर ली गई है। उनकी सुरक्षा में कई श्रेणियों में दिल्ली पुलिस भी एक हिस्से में रूप में सुरक्षा दस्ते में शामिल होंगे। अपनी यात्रा के अहम पड़ाव के तहत वे राजधानी पहुंचेंगे, जहां मंगलवार की सुबह उनका राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। आइटीसी मौर्य में जिस मंजिल पर ग्रैंड प्रेजीडेंशियल सुइट स्थित है वहां होटल के अधिकांश कर्मियों को जाने की अनुमति नहीं है। एनएसजी कमांडो और दिल्ली पुलिस के कर्मी नियमित रूप से हर मंजिल पर गश्त दे रहे हैं। अमेरिकी दूतावास के अधिकारी भी तैयारियों पर नजर रख रहे हैं। जिस समय ट्रंप और उनके साथ आए लोग होटल में होंगे उस दौरान अन्य मेहमानों के लिए होटल बंद होगा और पांच सितारा होटल के सभी 438 कमरे बुक कर लिए गए हैं।

सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, राजधानी के ऊंची इमारतों पर एनएसजी की ड्रोन रोधी टुकड़ी, विशिष्ट स्वात कमांडो, पतंग पकड़ने वाले दलों, श्वान दलों, शार्प शूटर को तैनात किया गया है तथा जहां उनके ठहरने का बंदोबस्त हैं उस होटल में और उसके आसपास के इलाकों तथा मार्गों पर 'पराक्रम' वैनों को तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि सुरक्षा बंदोबस्त के लिए छह जिलों के पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की करीब 40 टुकड़ियों को काम में लगाया गया है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सरदार पटेल मार्ग पर रात में साफ तस्वीर लेने के साथ ही हाई-डेफिनिशन वाले सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। होटल आइटीसी मौर्य इसी मार्ग पर स्थित है।

बताया जा रहा है कि पांच साल पहले जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा राष्ट्रीय राजधानी आए थे तो दिल्ली पुलिस ने 605 सीसीटीवी कैमरे किराए पर लिए थे। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने के मद्देनजर इस बार सुरक्षा का खतरा अधिक है और एजंसियां पहले के मुकाबले अधिक 'सतर्क एवं चौकस' हैं। ट्रंप का काफिला जिन सड़कों से गुजरेगा उन सभी पर दोहरे बैरिकेड लगाए गए हैं। रास्ते पर हवाई निगरानी भी रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप का दिल्ली सरकार के एक स्कूल का दौरा करने का भी कार्यक्रम है। उस स्कूल तक जाने वाले रास्ते पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम होंगे। प्रोटोकॉल के मुताबिक, सुरक्षा एजंसियों के निर्देश पर पेड़ों को काट दिया गया है। सुरक्षा को लेकर अमेरिका के सुरक्षा एजंटों के साथ बैठकें भी की गई है।



सुरक्षा के कड़े इंतजाम

- सोमवार सुबह गुजरात पहुंचेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप
- सोमवार शाम को दिल्ली आएंगे ट्रंप
- मंगलवार सुबह राष्ट्रपति भवन में किया जाएगा औपचारिक स्वागत

**कई राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत कर चुका है होटल मौर्य**

दिल्ली का आइटीसी मौर्य होटल भारत यात्रा पर आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। ट्रंप के लिए होटल में भोजन जांच की प्रयोगशाला, व्यापक सुरक्षा प्रणाली के अलावा शानदार निजी ड्राइंग रूम, स्पा जैसे विशेष प्रबंध किए गए हैं। आइटीसी मौर्य इससे पहले भी कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत कर चुका हैं। होटल की वेबसाइट के मुताबिक यहां साफ हवा के लिए वायु गुणवत्ता पर निगरानी रखने वाली प्रणाली है।

चाणक्य के नाम से मशहूर दो कमरों के 'ग्रैंड प्रेजिडेंशियल सुइट' में इससे पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर, बिल क्लिंटन और जॉर्ज डब्लू बुश शामिल हैं। होटल की वेबसाइट के मुताबिक इसमें निजी ड्राइंग रूम, निजी टैरेस, जिम और डायनिंग एरिया है। बता दें कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा जब 2015 में भारत यात्रा पर आए थे तो वह भी आइटीसी मौर्य के उसी कमरे में ठहरे थे। उन्हें 26 जनवरी को भारत और अमेरिका के शीर्ष सीईओ के साथ होटल के यूरोपीय रेस्तरां 'वेस्ट व्यू' का भोजन परोसा गया था। उन्होंने ग्रैंड प्रेजिडेंशियल फ्लोर में रात्रिभोज किया था।

**राजधानी का यातायात रहेगा प्रभावित**

सोमवार को राजधानी दिल्ली में यातायात के दृष्टिकोण से कई मार्ग बाधित रहेंगे। एक तरफ मध्य दिल्ली के सदर बाजार में शाही ईदगाह में सोमवार को विशाल संख्या में भीड़ के जुटने के मद्देनजर वहां यातायात प्रभावित रहेगा। दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शाम में दिल्ली आगमन के मद्देनजर यातायात के दृष्टिकोण से हवाई अड्डे से लेकर अन्य दूसरी जगहों पर मार्ग बाधित रहेगा। इस बाबत यातायात पुलिस ने आम लोगों को एहतियात बरतने और अपनी हेल्पलाइन नंबर 011-25844444 को 24 घंटे खुला होने का दावा किया है।

पुलिस के परामर्श में कहा गया है कि शाही ईदगाह, सदर बाजार में सोमवार को सुबह छह बजे से शाम पांच बजे तक बड़ी भीड़ जुटेगी। परामर्श के अनुसार सदर थाना, रानी झांसी, फैज, न्यू रोहतक और ईदगाह रोड पर यातायात आवागमन अधिक रहेगा। सोमवार शाम को हवाई अड्डे से दिल्ली छावनी, दिल्ली गुरुग्राम रोड एनएच-48, धौला कुंआ, चाणक्यपुरी, एसपी मार्गा और राममनोहर लोहिया के आसपास के इलाके में भारी भीड़ होने की संभावना है। दूसरे दिन मंगलवार को भी शाम चार बजे से मोतीबाग, चाणक्यापुरी, इंडिया गेट, आइटीओ, दिल्ली गेट और मध्य और नई दिल्ली इलाके के कुछ अन्य मार्गों पर यातायात बाधित होंगे। मंगलवार शाम को राममनोहर लोहिया रोड, धौला कुंआ, दिल्ली छावनी, दिल्ली गुरुग्राम रोड एनएच-48 और इसके आसपास के इलाके में भी यातायात बाधित होंगे।

## होटल में घुसकर लूटपाट, दो बदमाश फरार

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

आदर्श नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने एक होटल में घुसकर लूटपाट की। विरोध करने पर बदमाशों ने होटल में तोड़फोड़ भी की और लूटपाट करने के बाद फरार हो गए। पुलिस ने होटल प्रबंधक शिव कुमार की शिकायत पर अज्ञात हमलवारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और होटल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे पुलिस को आदर्श नगर इलाके में स्थित होटल में लूटपाट करने की सूचना मिली थी। होटल के प्रबंधक शिव कुमार ने पुलिस को बताया क वह रात साढ़े तीन बजे अपने साथी के साथ रिशेप्शन पर बैठा हुआ था। अचानक दो बदमाश जिसमें से एक ने हेलमेट और दूसरा बिना हेलमेट के था। वह अभी कुछ समझ पाते, दोनों ने पिस्तौल निकाल ली और गल्ले में से ने पैसे निकलाने की बात कही। इस बीच बदमाश ने गल्ले में रखे करीब 12 हजार रुपए खुद ही निकाल लिए। बदमाशों ने कमरों की तलाशी लेने की बात कही। जिन्होंने कमरों में भी जाकर तलाशी ली और कुछ ग्राहकों के साथ बदतमीजी करने की कोशिश की। बदमाशों ने होटल में कुछ सामान तोड़ा और सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर को तोडकर साथ ले गए। पुलिस वारदात के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### 60 करोड़ की हेरोइन तस्करी का आरोप

## दो महिलाओं समेत तीन विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने 60 करोड़ रुपए के हेरोइन के साथ तीन विदेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं शामिल हैं, जिन्हें इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया। वहीं, तीसरे तस्कर को ग्रेटर नोएडा स्थित एक मकान से गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर करीब पांच किलो हेरोइन जब्त की गई, जबकि हवाई अड्डे पर गिरफ्तार की गई महिला तस्करों के पास से पांच-पांच किलो हेरोइन जब्त की गई। एनसीबी दिल्ली जोन के निदेशक के पीएस मल्होत्रा ने बताया कि मोजांबिक की दो महिलाओं को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि यह पहली घटना है, जब मोजांबिक के नागरिकों को तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह के तार अफगानिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और भारत के कई राज्यों में फैले हुए हैं।

एनसीबी के उप महानिदेशक राजेश नंदन श्रीवास्तव ने बताया कि एक महिला से मिली सूचना के आधार पर ग्रेटर नोएडा में रहने वाले आइवरी कोस्ट नाम के एक व्यक्ति के घर पर छापा मारकर एनडीपीएस अधिनियम के तहत उसे गिरफ्तार किया गया और वहां से चार किलो से अधिक हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि 14.5 किलो हेरोइन बरामद की गई, जिसकी कीमत 60 करोड़ रुपए बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि दोनों महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मोजांबिक की राजधानी मापुतो से यह प्रतिबंधित सामग्री ली थी और इसे वे ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-106 में किसी और को देने वाली थीं। इनके पास दो ट्रॉलियां थी, जिसमें वह छुपाकर वह भारत लेकर आईं थीं।

उप महानिदेशक ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के ठिकाने की जब तलाशी ली गई तो पता चला कि घर में करीब 20 से अधिक बैग मिले हैं, जिसमें मादक पदार्थ लेकर आने की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि यह गिरोह अभी तक देश भर में 100 किलो से अधिक मादक पदार्थों की तस्करी कर चुका होगा। महिला तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया कि मोजांबिक की राजधानी मापुतो उन्हें तस्करों ने बैग में हेरोइन उपलब्ध करवाई थी, जिसके बाद वह बस से जोहंसबर्ग पहुंची, जहां से उन्होंने भारत आने के लिए फ्लाइट ली थी। फिलहाल अधिकारी पूछताछ कर इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## दो पक्षों में झगड़ा, कई लोग गंभीर घायल

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

दक्षिण-पश्चिम जिले के वसंतकुंज दक्षिण थाना इलाके में दो गुटों में हुए झगड़े में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वसंतकुज पुलिस के मुताबिक इलाके के घिटोरनी में रविवार को आपस में रह रहे दो परिवारों के बीच दीवार देने के नाम पर झगड़ा शुरु हुआ। झगड़े ने तब हिंसक रूप अख्तियार कर लिया जब दोनों तरफ से कई लोग गंभीर घायल हो गए। इनमें कुछ के सिर में गंभीर चोट है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि शुरुआती जांच में चार लोग गंभीर घायल पाए गए हैं। पुलिस पीड़ित पक्ष से बयान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## स्वदेशी विरासत के हुनर का जरिया बना हुनर हाट



**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'हुनर हाट' देशभर के दस्तकारों, शिल्पकारों और खानसामों की 'स्वदेशी विरासत के सशक्तीकरण' और उनके आर्थिक सशक्तीकरण का 'मेगा मिशन' साबित हुआ है और अगला हुनर हाट 29 फरवरी से रांची में आयोजित किया जाएगा। हुनर हाट के समापन पर नकवी ने संवाददाताओं से कहा कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हुनर हाट' में औचक भ्रमण के बाद से यहां आने वाले लोगों की संख्या में करीब 60 फीसद की वृद्धि हुई है ।

नकवी कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में 'हुनर हाट' और उसमें शामिल होने वाले दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों और उनके स्वदेशी उत्पादों की प्रशंसा कर भारत में दस्तकारी की शानदार विरासत को जानदार बनाने के संकल्प को दोहराया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'हुनर हाट' में औचक भ्रमण से दस्तकारों, शिल्पकारों, खानसामों के हुनर को पूरे विश्व में एक नई पहचान मिली है। जहां उन्होंने 'हुनर हाट' में 'कुल्हड़ वाली चाय' और बिहार के स्वादिष्ट लिट्टी चोखे का आनंद भी लिया था।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने कहा कि अगले 'हुनर हाट' का आयोजन रांची में 29 फरवरी से 8 मार्च, 2020, चंडीगढ़ में 13 मार्च से 22 मार्च, 2020 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में 'हुनर हाट' का आयोजन गुरुग्राम, बंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, देहरादून, पटना, भोपाल, नागपुर, रायपुर, पुडुचेरी, अमृतसर, जम्मू, शिमला, गोवा, कोच्चि, गुवाहाटी, भुवनेश्वर, अजमेर आदि में किया जायेगा।

नकवी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'हुनर हाट' देशभर के दस्तकारों, शिल्पकारों, खानसामों के 'स्वदेशी विरासत के सशक्तिकरण' और उनके आर्थिक सशक्तीकरण का 'मेगा मिशन' साबित हुआ। दस्तकारों, शिल्पकारों के स्वदेशी-हस्तनिर्मित उत्पादों की न केवल करोड़ों रुपए की बिक्री हुई, बल्कि उन्हें देश-विदेश से बड़े पैमाने पर ऑर्डर भी मिले हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक मंत्रालय 'हुनर हाट' के दस्तकारों और उनके स्वदेशी हस्तनिर्मित उत्पादों को 'जेम' (गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस) में पंजीकरण कराएगा। उन्होंने कहा कि इस 'हुनर हाट' में देश के हर कोने से दस्तकारों, शिल्पकारों, खानसामों ने भाग लिया जिनमें पहली बार 50 फीसद से अधिक महिला दस्तकार शामिल हुईं।

## सरकारी फ्लैट पर अवैध कब्जों का सर्वेक्षण

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

सरकारी फ्लैटों पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर शिकंजा कसते हुए दिल्ली लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) ने सभी फ्लैटों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है और वरिष्ठ अधिकारियों को 24 फरवरी तक रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने हाल ही में कार्यकारी इंजीनियर और सहायक इंजीनियर समेत अपने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में सरकारी फ्लैटों का सर्वेक्षण कराए। यह कदम तब उठाया गया है जब कुछ दिनों पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के अवैध कब्जे वाले 550 से अधिक मकानों को अनुमति देने के लिए आवास मंत्रालय को फटकार लगाई और केंद्र को दो सप्ताह के भीतर उन्हें खाली कराने का आदेश दिया।

पीडब्लूडी ने 19 फरवरी को पत्र में लिखा कि हाई कोर्ट ने पांच फरवरी को आदेश दिया और सरकार को नोटिस जारी कर उन सभी अधिकारियों की जानकारियां देने को कहा जो सेवानिवृत्ति के बाद भी अवैध तरीके से सरकारी फ्लैटों में रह रहे हैं। पीडब्लूडी ने कहा कि सभी कार्यकारी अभियंताओं, सहायक अभियंताओं और कनिष्ठ अभियंताओं को उनके अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले सभी फ्लैटों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने और 24 फरवरी तक एक रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए जाते हैं। पीडब्लूडी के अनुसार अधिकारियों को अवैध रूप से रह रहे लोगों की जानकारियां जैसे कि उनका नाम, विभाग और पद, फ्लैट के आबंटन की तारीख तथा सेवानिवृत्ति की तारीख देनी होगी। अदालत ने पांच फरवरी को यह भी कहा था कि कई वर्षों तक सरकारी फ्लैटों पर अवैध कब्जे को अनुमति देना मिलीभगत तथा साजिश है।

## हिंसा से गुजरी महिलाएं इंडिया गेट से करेंगी 'पावर वाक'

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लू) अगले हफ्ते राष्ट्रीय राजधानी में 'पावर वाक' का आयोजन करेगा। इसमें बलात्कार एवं तेजाब हमले की पीड़िताएं हिस्सा लेंगी। आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा और उनकी सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया जा रहा है।

शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग एक मार्च को शाम सात से आठ बजे तक 'पावर वाक' का आयोजन करेगा। दिल्ली में इंडिया गेट से जनपथ तक मार्च किया जाएगा और बलात्कार एवं तेजाब हमले की पीड़िताएं हमारे साथ चलेंगी। हमने निर्भया की मां को भी आमंत्रित किया है। हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश समेत 14 अन्य राज्यों में भी इस तरह के मार्च का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा 'पावर वाक' भरोसे को जगाने का अभियान है कि सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित बनाने का एकमात्र तरीका वहां बड़ी संख्या में मौजूद रहना और स्पष्ट संदेश देना है कि दिन हो या रात, महिलाओं के पास कहीं भी और कभी भी अपने लिए जगह तलाशने का अधिकार है। शर्मा ने कहा- हमें सुरक्षित और असुरक्षित, घर से महिलाओं के बाहर निकलने के वाजिब कारण हैं या नहीं जैसी मान्यताओं को परिभाषित करने वाले नियमों को तोड़ने की जरूरत है।



**शाही सवारी** कनॉट प्लेस में विंटेज कार रैली के दौरान लोग अपनी शानदार पुरानी कारों में सैर करते नजर आए।
फोटो : अरुष चोपड़ा

### गंगा आंदोलन की साध्वी पद्मावती वेंटीलेटर पर

## आमरण अनशन कर रहे आत्मबोधानंद भी एम्स में भर्ती

**प्रतिभा शुक्ल**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

गंगा की अविरलता व निर्मलता को लेकर आंदोलनरत ब्रह्मचारी आत्मबोधानंद को भी रविवार को एम्स दिल्ली के इमरजंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। इससे पहले गंगा रक्षा की मांग को लेकर 64 दिनों से आंदोलन कर रहीं साध्वी पद्मावती की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें एम्स के गहन चिकित्सा कक्ष (आइसीयू) में जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटीलेटर) पर रखा गया है। उनको पांच दिन पहले दून अस्पताल से एम्स लाया गया था। साध्वी पद्मावती के अस्पताल में भर्ती होने के बाद आत्मबोधानंद ने आमरण अनशन शुरू किया था।

गंगा रक्षा की मांग को लेकर आमरण अनशन कर रहीं मातृसदन की साध्वी पद्मावती की हालत बिगड़ने पर उन्हें उत्तराखंड के दून अस्पताल से एम्स दिल्ली लाया गया। उनको यहां सीटू वार्ड के गहन चिकित्सा कक्ष (आइसीयू) में बिस्तर संख्या आठ पर रखा गया है। उनका इलाज व निगरानी डॉ नीरज निश्चल की अगुआई में चिकित्सकों का एक दल कर रहा है। एम्स सूत्रों के मुताबिक उनके शरीर में प्रोटीन व दिमाग के कार्यप्रणाली के लिए जरूरी अन्य अहम पोषक तत्वों की मात्रा काफी कम हो गई है। जिसकी वजह से उनको जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक जब उन्हें दून अस्पताल से यहां लाया गया था तभी से वह वेंटीलेटर पर हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि वह कोमा में नहीं हैं। यहां उनकी तमाम अन्य जांचों के अलावा उनके मस्तिष्क का एमआरआइ और सीटी स्कैन किया गया है। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक साध्वी को लंबे व गहन इलाज की जरूरत है।

मातृसदन के स्वामी दयानंद का कहना है कि 15 दिसंबर से आमरण अनशन कर रही साध्वी पद्मावती को 30 जनवरी को जबरन प्रशासन की ओर से देहरादून के दून अस्पताल ले जाया गया। जब दून अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने साध्वी के गर्भवती होने की अनर्गल व झूठी रिपोर्ट दी थी तब से ही साध्वी को गहरा झटका लगा है कि प्रशासन कितने नीचे गिर कर आंदोलन को कुचलने की कोशिश कर रहा है। इसी सदमे से उनकी तबीयत बिगड़ी है। हालांकि साध्वी के अडिग रहने पर सीएमओ ने गलती मानी और कहा कि उसने गलती से यह रिपोर्ट दे दी थी। जब पद्मावती को दून अस्पताल ले जाया गया तभी से गंगा रक्षा आंदोलन को अनवरत रखने के लिए स्वामी आत्मबोधानंद ने आमरण अनशन शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि जब चार दिन पहले मातृसदन से पुलिस सुरक्षा हटाई गई तभी से विरोध में आत्मबोधानंद ने पानी लेना भी छोड़ दिया इसके बाद शनिवार को उन्हे जबरन उठा कर एम्स दिल्ली लाया गया। हालांकि बताया जा रहा है उनको एम्स में इमरजंसी वार्ड के 29 नंबर बिस्तर पर सुबह 11 बजे भर्ती किया गया। दयानंद का कहना है कि मातृसदन की मांग है कि इस तरह से आंदोलन को कुचलने वालों व साध्वी पर अनर्गल आक्षेप लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए व गंगा को लेकर हमारी मागें पूरी हों तभी आंदोलन थमेगा।


www.readwhere.com

## युवक ने की आत्महत्या, परिजनों का प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

प्रेम नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने किराए के मकान में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान रोशन शाह के तौर पर हुई है। पुलिस ने परिवार के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। परिवार वालों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाकर बीती रात थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने युवक की आत्महत्या को हत्या बताते हुए उसकी पत्नी पर आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस पर बच्चे, महिलाओं और बुजुर्ग महिलाओं पर लाठी चलाने का आरोप लगाया। मामले में कई मोबाइल फोन से बनाई वीडियो भी वायरल हो रही है, जिसमें पुलिस डंडों से पब्लिक को खदेड़ने की कोशिश करती दिख रही है। हालांकि वीडियो की सत्यतता की जांच नहीं हुई। परिवार वालों ने शव का पैनल में पोस्टमार्टम कराने की मांग की। वहीं, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के मुताबिक, युवक रोशन शाह किराड़ी में अपनी पत्नी के साथ किराए के मकान पर रहते थे। अगस्त में दोनों ने प्रेम विवाह किया था। बताया जा रहा है कि दोनों की शादी से दोनों ही परिवार खुश नहीं थे। दोनों के परिवार वाले सुल्तानपुरी इलाके में रहते हैं। रोशन एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। पीसीआर को शनिवार शाम रोशन की पत्नी ने बताया कि उसके पति ने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पंखे से नीचे उतारा। मौके पर उनकी पत्नी और एक सहेली मौजूद थीं। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

### पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त वजाहत हबीबुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

## असुविधा के लिए पुलिस जिम्मेदार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त वजाहत हबीबुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि संशोधित नागरिकता कानून के विरोध में शाहीन बाग में प्रदर्शन शांतिपूर्ण है और यात्रियों को परेशानी प्रदर्शनकारियों के कारण नहीं बल्कि पुलिस द्वारा प्रदर्शन स्थल से काफी दूर सड़कों पर लगाए गए अनावश्यक अवरोधकों के चलते हो रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता सैयद बहादुर अब्बास नकवी और भीम आर्मी के प्रमुख चंद्र शेखर आजाद ने इस संबंध में शीर्ष अदालत में दायर अपने संयुक्त हलफनामे में भी यही रुख अपनाया है। हबीबुल्ला, आजाद और नकवी ने इस संबंध में हस्तक्षेप के लिए संयुक्त रूप से शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है, जिसने मामला अपने हाथ में ले लिया है।

न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति केएम जोसेफ के निर्देश पर हबीबुल्ला ने शाहीन बाग में प्रदर्शन स्थल का दौरा किया था। पीठ मामले में सोमवार को सुनवाई करने वाला है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले कहा था कि लोगों को शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार है लेकिन इससे शाहीन बाग में सार्वजनिक सड़क के अवरुद्ध होने से परेशानी हो रही है क्योंकि हो सकता है इससे (प्रदर्शन के कारण) अराजक स्थिति पैदा हो जाए। शीर्ष अदालत में दायर अपने हलफनामे में हबीबुल्ला ने दलील दी कि शाहीन बाग शांतिपूर्ण सम्मानजनक तरीके से असंतोष व्यक्त करने का एक बेहतर उदाहरण है।


रविवार को सीएए के विरोध में जाफराबाद के नजदीक मेट्रो स्टेशन के नीचे महिलाएं धरने पर बैठी रहीं।

जबकि समूचे भारत में इसी तरह के असंतोष जाहिर करने के दौरान हिंसक विरोध प्रदर्शन की कई घटनाएं हुईं। उन्होंने दावा किया- देश भर में एक विशेष समुदाय के प्रति पुलिस की बर्बरता और उनके नकारात्मक चित्रण को लेकर हमलोग दुखी और मूक दर्शक बने रहे।

बातचीत में शामिल होने के बजाय असंतोष को कुचलना, नया चलन बन चुका है। लेकिन यह संविधान के खिलाफ है। नकवी और आजाद ने अपने संयुक्त हलफनामे में आरोप लगाया- मौजूदा सत्तारूढ़ सरकार ने अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर गलत तरीके से हिंसा को भड़काकर और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को तोड़फोड़ के लिए उकसाकर इन प्रदर्शनों को दबाने की नई रणनीति बनाई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अनावश्यक ही कई सड़कों पर अवरोधक लगाए हैं जिनका प्रदर्शन से कोई संबंध नहीं है। और वे प्रदर्शन स्थल से अच्छी खासी दूरी पर हैं। इसलिए अपनी जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों को छोड़कर गलत तरीके से प्रदर्शन पर आरोप मढ़ा जा रहा है।

## बंद रही दो स्टेशनों पर मेट्रो सेवाएं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ जाफराबाद में प्रदर्शन व इस दौरान दो गुटों में झड़प के चलते दिल्ली मेट्रो की सेवाएं भी बाधित हुई। दिल्ली मेट्रो के दो स्टेशनों पर प्रवेश व निकास पूरी तरह से बंद कर दिए गए थे। सीएए के खिलाफ शनिवार रात से यहां बड़ी संख्या में लोग जमा होने लगे थे। पथराव के बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। सुरक्षा कारणों के चलते मौजपुर-बाबरपुर मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार बंद कर दिए गए।



मेट्रो लाइन के नीचे बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के जमा होने व रविवार को भी हिंसक प्रदर्शन जारी रहने के कारण जाफराबाद स्टेशन के द्वार बंद कर दिए गए। इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात हैं। इसके बाद डीएमआरसी ने मेट्रो के इन स्टेशनों पर गाड़ी रोकने से बचने का फैसला किया। डीएमआरसी ने ट्वीट करके जानकारी दी कि सुरक्षा कारणों के चलते बाबरपुर-मौजपुर मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए हैं।

## एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर अब 'ट्रिप' की सुविधा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 फरवरी

दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन जो पहले से ही स्मार्टफोन के माध्यम से एकल यात्रा के लिए क्यूआर कोड आधारित टिकट सुविधा देता है, अब ट्रिप (एक तरह का स्मार्ट कार्ड) आधारित यात्रा के लिए भी यही सुविधा प्रदान करेगी। अपने यात्रियों के लिए इसकी शुरूआत डीएमआरसी सोमवार से करेगी।

इस सुविधा की शुरुआत के साथ, विशेष रूप से नियमित यात्री जो एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर यात्रा के लिए ट्रिप पास (केवल हवाई अड्डे वाली लाइन पर मान्य एक प्रकार का स्मार्ट कार्ड) का उपयोग करते हैं, वे अपने स्मार्ट फोन के जरिए क्यूआर कोड का उपयोग कर सकेंगे। मेट्रो स्टेशनों से उनके ट्रिप पास




खरीदने या रिचार्ज करने की सुविधा होगी। यूआर कोड सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक यात्रियों के लिए अलग से फिजिकल ट्रिप पास और बाद में उन्हें समय-समय पर रिचार्ज करने के लिए स्टेशनों पर कतार में लाइन लगाने से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है। स्मार्ट फोन का उपयोग करते हुए क्यूआर कोड के माध्यम से यात्रा आधारित टिकटिंग की यह प्रणाली यात्रियों को रिडलर या पेटीएम ऐप का उपयोग करके यात्रा आधारित टिकट खरीदने में सक्षम करेगी। इन एजेंसियों ने इस सुविधा के लिए डीएमआरसी के साथ करार किया है। यात्री मेट्रो स्टेशन पर आए बिना यात्रा आधारित यात्रा टिकटों के लिए क्यूआर कोड बनाने की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

वर्तमान में, हवाई अड्डा लाइन रोजाना 60,000 से अधिक यात्रियों को सेवाएं देती है, जिनमें से लगभग 65 फीसद यात्री अपनी यात्रा के लिए ट्रिप पास का उपयोग करते हैं,जो एकल यात्रा टोकन या क्यूआर टिकट की तुलना में इस लाइन पर की जाने वाली प्रत्येक यात्रा के लिए 40 फीसद तक की छूट प्रदान करते हैं। क्यूआर कोड सक्षम ट्रिप आधारित टिकटों पर समान छूट जारी रहेगी।

## डीडीए खरीदार बिना ब्याज कर सकेंगे भुगतान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने हाउसिंग योजना के तहत अपने कुछ इलाके में ऑनलाइन योजना के कुछ पंजीकृत व्यक्तियों से डिमांड राशि का भुगतान करने के लिए बिना किसी ब्याज के 31 मार्च, 2020 तक समय सीमा निर्धारित की है।

इसमें ऑनलाइन योजना के माध्यम से फ्लैटों को कुछ इलाके में बुक किया गया था परंतु जो बढ़ाई गई समय सीमा अवधि सहित निर्धारित डिमांड राशि जमा नहीं करवा सके। डीडीए प्रवक्ता के मुताबिक दिल्ली लोकनायक पुरम, सेक्टर-34 एवं 35 रोहिणी, सिरसपुर, रामगढ़ कॉलोनी सेक्टर-4 रोहिणी व सेक्टर जी-2, जी-8 नरेला में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर फ्री-होल्ड आधार पर फ्लैटों के आबंटन (आवासीय योजना-2017 की पुरानी इंवेंट्री) के लिए 18 जनवरी, 2019 को ऑनलाइन आवास योजना-2019 शुरू की गई थी। जिसमें भुगतान के लिए 90 दिनों का समय दिया गया और उसके बाद बिना किसी ब्याज राशि के 45 दिनों तक इसकी समय-सीमा को बढ़ाया गया। ऑनलाइन योजना-2019 के पंजीकृत व्यक्तियों को अक्तूबर, 2019 तक 50 हजार रुपए जमा करने और जनवरी 2020 तक बिना ब्याज शेष राशि जमा करने के लिए अंतिम अवसर भी दिया गया।

## एलडीसी परीक्षा में परीक्षार्थियों को प्रवेश की नहीं मिली इजाजत, हंगामा

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 23 फरवरी।

सेक्टर- 62 स्थित परीक्षा केंद्र पर रविवार सुबह दिल्ली सब ऑर्डिनेट सेलेक्शन बोर्ड की एलडीसी (लिपिक) की परीक्षा देने आए 300 से अधिक छात्रों ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि परीक्षा केंद्र का गेट समय से पहले बंद कर दिया गया। काफी मशक्कत करने के बाद भी छात्रों को प्रवेश नहीं करने दिया। इसके बाद छात्रों ने मामले की शिकायत थाना सेक्टर- 58 पुलिस से की। साथ ही दिल्ली पहुंचकर एलजी एवं मुख्यमंत्री आवास पर शिकायत करने का दावा किया है।

डीएसएसएसबी की एलडीसी का परीक्षा का केंद्र सेक्टर- 62 स्थित टीसीएस ईओएन डिजिटल जोन में बनाया गया था। परीक्षार्थियों को यहां रविवार सुबह आठ बजे आना था। परीक्षार्थियों का आरोप है कि सुबह सैकड़ों की संख्या में छात्र गेट पर कतारबद्ध होकर परीक्षा केंद्र में दाखिल हो रहे थे। गेट पर लगे नोटिस बोर्ड पर आयोजकों ने जोन 1 व 2 के परीक्षार्थियों के रोल नंबर इस तरह से मिला-जुलाकर लगा रखे थे कि अपना अनुक्रमांक संख्या देखने में काफी समय लग रहा था। एक ही प्रवेश द्वार से अंदर जाने और रोल नंबर डिस्प्ले में गड़बड़ी के चलते परीक्षार्थियों को काफी दिक्कत हो रही थी। आठ बजने से पहले ही गेट को बंद कर दिया, जिसके चलते करीब 300 से अधिक परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। जबकि परीक्षा साढ़े आठ बजे शुरू होनी थी।

## कंपनियों से वसूला जाएगा राजस्व

### बगैर स्टांप शुल्क दिए अचल संपत्ति खरीदने वालों की पहचान के निर्देश

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 23 फरवरी।

उत्तर प्रदेश सरकार उन हजारों कंपनियों से डूबे राजस्व को वसूलने की तैयारी में है, जिन्होंने बगैर स्टांप शुल्क दिए अचल संपत्ति की खरीद-फरोख्त की थी।

राज्य सरकार ने नोएडा प्राधिकरण को ऐसी कंपनियों की पहचान करने का निर्देश दिया है। जिन्होंने 2010 के बाद बिना स्टांप शुल्क का भुगतान किए बेची या खरीदी गई संपत्ति पर वाणिज्यिक, औद्योगिक या संस्थागत तरीके से व्यवसाय कर रही हैं। माना जा रहा है कि इस फैसले से शहर के शॉपिंग मॉल, स्कूल, कॉलेज, औद्योगिक इकाइयों और कॉरपोरेट ऑफिसों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा।

प्राधिकरण ने एसी कंपनियों की पहचान शुरू कर दी है। जिन पर कार्रवाई के लिए सूची स्टांप एवं निबंधन विभाग को सौंपा जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक राज्य सरकार के निर्देश पर 2010 के बाद बेची या खरीदी गई ऐसी संपत्तियों की जांच की जा रही है। जानकारों के मुताबिक जब कोई अचल संपत्ति बेची जाती या स्वामित्व का अधिकार हस्तांतरित किए जाते हैं, तो सरकार कुल संपत्ति की लागत का पांच फीसद स्टांप शुल्क के रूप में लेती है। मसलन यदि 10 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति बेची या स्वामित्व हस्तांतरित किया जाता है, तो खरीदार को स्टांप शुल्क के रूप में 50 लाख रुपए का भुगतान करना होता है।

11 अक्तूबर, 2010 को प्रदेश सरकार ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि जो कंपनियां अपने बोर्ड के सदस्यों एवं स्वयं के वाणिज्यिक, औद्योगिक व संस्थागत परिसंपत्तियों से चलती है, उन्हें स्टांप शुल्क का भुगतान करने की जरूरत नहीं है। आदेश से लाभांवित नोएडा में कई कंपनियों ने अपने बोर्ड के सदस्यों या कंपनी के नियमों को बदलकर स्वामित्व का हस्तांतरण बगैर स्टांप शुल्क के कर दिया।

## खबरों में शहर

### स्कूलों में रोबोट पढ़ाएंगे पाठ

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने के लिए रोबोट पेपे का इस्तेमाल किया जाएगा। इस समिति के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि अमृता विश्व विद्यापीठम विश्वविद्यालय ने यूनिर्विसटी ऑफ ग्लासगो के अनुसंधानकताओं के साथ मिलकर पेपे बनाया है। इसका इस्तेमाल डीएसजीएमसी के स्कूलों में बच्चों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7,000 रुपए की कीमत वाले इन रोबोटों को उन जगहों की दीवारों पर लगाया जाएगा, जहां बच्चे हाथ धोने आएंगे। इसके जरिए करीब 20,000 बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जाएगा। सिरसा ने कहा कि इस जीवन्त लगने वाले रोबोट द्वारा बच्चों से वार्तालाप करके उन्हें स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जायेगा तथा जीवन में स्वच्छता को अपनाने के लिए उत्साहित किया जाएगा।

### शहीद स्मारक में दी गई श्रद्धांजलि

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 23 फरवरी।

शहीद स्मारक नोएडा का 19वां वार्षिक दिवस 38 शहीदों को सम्मान देकर मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। नौसेना प्रमुख ने आइएनएस चेन्नई के मॉडल का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्मारिका 2020 जारी की। उन्होंने शहीदों के परिवारों को उनकी वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए धन्यवाद दिया, जिसे देश कभी नहीं भूलेगा। देश उनके परिवारों का ऋणी हैं। नोएडा शहीद स्मारक टीआरआइ सर्विस मेमोरियल है, जो सेवाओं के सहयोग और एकता का प्रतीक है। समारोह में मौजूद युवाओं से कहा कि वे स्वतंत्र भारत और राष्ट्र के भविष्य के प्रतीक हैं। उन्हें बहुत श्रद्धा, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना के साथ व्यवहार करना चाहिए। अंत में कहा कि हमारे झंडे नहीं उड़ते क्योंकि हवा इसे हिलाती है, यह प्रत्येक सैनिक की आखिरी सांस के साथ उड़ती है, जो इसे बचाने के लिए मर गए।

### बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या, मैदान में मिला शव

गाजियाबाद, 23 फरवरी (जनसत्ता)।

थाना टीला मोड़ क्षेत्र में ऑक्सी होम सोसाइटी के पीछे एक बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह बुजुर्ग का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। शव की शिनाख्त टीला शाहबाजपुर गांव के रहने वाले 56 वर्षीय महाराज सिंह के रूप में हुई। वे शनिवार रात को गांव में ही एक सगाई समारोह में गए थे और तब से लौटे नहीं। पुलिस हत्याकांड को रंजिश से जोड़कर देख रही है।

मूलरूप से बागपत के रहने वाले महाराज सिंह परिवार सहित टीला शाहबाजपुर में रह रहे थे। परिवार में पत्नी, दो बेटे अमित, अरुण और दो बेटियां है।

## आज के कार्यक्रम

### सभा/संगोष्ठी

**साहित्य अकादेमी:** साहित्योत्सव में अखिल भारतीय आदिवासी लेखक सम्मिलन, रवींद्र भवन परिसर, 35 फीरोजशाह मार्ग, दोपहर ढ़ाई बजे से।

### प्रदर्शनी

**साहित्य अकादेमी:** 2019 में साहित्य अकादमी की प्रमुख गतिविधियों की प्रमुख झलकियां-प्रदर्शनी, रवींद्र भवन परिसर, 35 फीरोजशाह मार्ग, सुबह दस बजे।

## दिल्ली मेरी दिल्ली

### अनुमति का खेल

जरूरत से ज्यादा पीने योग्य पानी उपलब्ध होने का दावा करने वाले नोएडा में इन दिनों केंद्रीय भूजल प्राधिकरण से मंजूरी मिलना मुश्किल हो गया है। वहीं, बगैर अनुमति से बोरवेल के जरिए पानी निकालने वाले बिल्डरों समेत अन्य प्रतिष्ठानों पर एनजीटी जुर्माना लगा रहा है। केंद्रीय भूजल प्राधिकरण की बोरवेल से पानी निकालने की मंजूरी के लिए जरूरी है कि जल आपूर्ति करने वाली सरकारी संस्था पानी देने में असमर्थता जताए। यह साबित होने पर कि जलापूर्ति एजंसी जब समुचित पानी नहीं दे पा रहा है, लिहाजा उसे काम चलाने के लिए जमीन से नीचे पानी निकालने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस काट के तैयार होने के बाद कई संस्थाएं इस काम में लग गई हैं, जो प्राधिकरण से यह प्राधिकर पत्र लाकर परामर्शदाताओं को उपलब्ध कर रही हैं। बगैर पड़ताल किए कि संबंधित प्रतिष्ठान के उपयोग योग्य पानी उपलब्ध है या नहीं, जलापूर्ति की असमर्थता संबंधी पत्र हासिल कर जमीन से पानी निकालने की मंजूरी की कोशिशें की जा रही हैं।

### *हित का 'हित'*

हरिनगर स्थित गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल के मालिकाना हक को लेकर अकाली नेता अवतार सिंह हित का 'हित' जैसे टकराया, वे देखते ही देखते अर्श से फर्श की ओर चल पड़े। दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के मौजूदा अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा को पूर्व अध्यक्ष अवतार सिंह हित से नाता तोड़ना ही ठीक लगा। क्योंकि अब आरोपो में घिर गए हैं हित ! सबने उनसे दूरी बना ली है। दरअसल जो स्कूल दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंधन में थी, उसकी 2.99 एकड़ जमीन पर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने खुद का मालिकाना हक बताया है। विरोधियों ने इसे मुद्दा बनाया। हाथ कालिख होता देख मौजूदा अध्यक्ष सिरसा ने हित से ही पल्ला झाड़ लिया। किसी ने ठीक ही कहा- कभी हित की इतनी चलती थी कि उन्होंने मौजूदा प्रधान सिरसा को 2007 में पहली बार पंजाबी बाग से निगम पार्षद बनवाकर सियासत में भेजा था। यह अलग बात है कि अब वही हित अपने 'निजी हितों' के चलते आडवाणी की तरह मार्गदर्शक मंडल भेजे जा चुके हैं!

### *दफ्तर में मायूसी*

एक बार फिर से देश की सबसे पुरानी पार्टी के दिल्ली प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों और नेताओं का आने का सिलसिला थम सा गया है। पदाधिकारियों और नेताओं को लग रहा है कि जब पार्टी की कमान ही किसी के पास नहीं है तो दफ्तर पहुंचकर किसकी 'जी हजूरी' की जाए। यह बीते छह महीने में दूसरी बार हुआ है। नेताओं ने कहा कि एक तो उम्मीद दिल्ली विधानसभा चुनाव से थी, लेकिन उसमें भी करारी हार ही मिली। खाता भी नहीं खुला और अधिकतर सीटों पर उम्मीदवारों की जमानत भी जब्त हो गई। और तो और जिन चार सीटों पर गठबंधन किया गया था। उनमें से कुछ सीटों पर नोटा से भी कम वोट मिले हैं। यही कारण है कि पार्टी के पदाधिकारी और नेता अब दफ्तर नहीं पहुंच रहे हैं। दबी जुबान से ये मान कर चल रहे हैं कि जब तक कोई नया अध्यक्ष नहीं आता। पार्टी दफ्तर जाने से कुछ फायदा या नुकसान होता दिख नहीं रहा है। यही कारण है कि बीते कुछ दिनों से हर समय दफ्तर में नजर आने वाले नेता और पदाधिकारी दफ्तर में नजर नहीं आ रहे हैं। लोग इंतजार कर रहे हैं कि जल्द ही दफ्तर लौटेगी लेकिन नए अध्यक्ष के आने पर।

### हार की नसीहत

सूत न कपास, जुलाहो में लट्ठम लट्ठा। यह कहावत इन दिनों प्रदेश भाजपा में खूब चर्चा में है। दरअसल प्रदेश भाजपा के एक पदाधिकारी चुनाव में पार्टी की हुई बुरी हार से तिलमिला गए हैं। ये महाशय खुद एक मुसलिम बहुल इलाके से चुनाव लड़कर बुरी तरह हार चुके हैं। लेकिन वे खुद की हार पचा नहीं पा रहे और प्रदेश भाजपा को ही नसीहत दे डाली। उनका कहना है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव में आए परिणाम के बाद सभी स्तरों पर समीक्षा होनी चाहिए। उनके तेवर से तो यह भी लग रहा था कि कहीं वे राष्ट्रीय नेतृत्व पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दें? लेकिन वे संयम में रहते राष्ट्रीय नेतृत्व को बक्श दिया। आपको बता दें कि ये महोदय निगम में कई बड़े पदों पर विराजमान रहे हैं। पहली बार पार्षद बनते ही उन्हें महत्त्वपूर्ण कई पदों के बाद मेयर तक बना दिया गया था। लोग यहां तक कहते नजर आ रहे हैं कि अपना चुनाव तो निकाल नहीं पाए लेकिन दूसरों को नसीहत देने में कुछ लोग आगे होते हैं। ऐसे हालत में यही कहा जा सकता है कि 'सूत न कपास, जुलाहो में लट्ठम लट्ठा'।

*-बेदिल*

## आपकी शिकायतें

### कई रूटों पर नहीं मिल रही बसें

**दिल्ली** परिवहन निगम की बस सेवा लगातार अनियमित होती जा रही है। शाम के समय तो बसें नदारद ही रहती हैं। जिससे सैकड़ों दैनिक यात्रियों को परेशानी हो रही हैं। इसमें अनेक रूट ऐसे हैं जिनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मसलन रूट संख्या 501, 502, 503, 534, 505 , 725, 605 और 533 के रूट पर बसें नहीं हैं। रेलवे स्टेशन और बस अड्डा की बसों के अलावा रूट संख्या 534 और 392 पर पहले काफी बसें थीं। परंतु अब या तो उनके रूट बदल दिए गए हैं। जबकि रात्रि सेवाएं तो पहले ही समाप्त हो गई हैं। जिन रूटों पर यदाकदा बसें चल रही हैं, उन रूटों पर बस ड्राईवर और कंडक्टर खूब मनमानी करते हैं। जल्दी से जल्दी अपने फेरे पूरा करने के लिए ये लोग फ्लाईओवर का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं, जबकि फ्लाईओवर के नीचे बने बस स्टाप सवारियों उन बसों का इंतजार करती रहती हैं। चाहे रिंग रोड पर बने फ्लाईओवर हों या खजूरी सहित कई फ्लाईओवर से अपनी बसों को ले जाते हैं। जहां ये बस वाले बस में फ्लाईओवर के नीचे उतरने वाली सवारियों को फ्लाईओवर से पहले उतार देते हैं, वहीं फ्लाईओवर के नीचे इन बसों के इंतजार में सवारियां खड़ी रहती हैं। संबंधित अधिकारियों से गुजारिश है कि हम जैसे यात्रियों की सहूलियत के लिए सभी बस के ड्राईवर और कंडक्टर निर्देश दें कि वे अपने निर्धारित बस स्टाप से होकर बस चलाएं।

**-आशानंद, महरौली, दिल्ली।**

# राज्यसभा सदस्यों के प्रदर्शन का बनेगा रिपोर्ट कार्ड

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

संसद के प्रत्येक सत्र के दौरान राज्यसभा में सभी सदस्यों की भागीदारी और उनके प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा और सत्र के समापन पर इसे हर सदस्य को मुहैया भी कराया जाएगा। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने राज्यसभा सचिवालय को निर्देश दिया है कि संसद के प्रत्येक सत्र के दौरान उच्च सदन में हर सदस्य की भागीदारी की पृथक रिपोर्ट बना कर सत्र खत्म होने के बाद इसे सदस्यों को दिया जाए।

राज्यसभा सचिवालय ने उच्च सदन की कार्यवाही में सदस्यों की भागीदारी को लेकर नायडू के निर्देश पर अपने तरह का पहला विश्लेषण भी किया है। इसमें 11 फरवरी को खत्म हुए बजट सत्र के पहले चरण की विश्लेषण रिपोर्ट तैयार की गई है। रिपोर्ट के अनुसार उच्च सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी दलों के सदस्यों को अपनी बात रखने के ज्यादा अवसर मिले हैं। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी को शुरु हुआ था। इस सत्र का दूसरा चरण दो मार्च को शुरु होकर तीन अप्रैल तक चलेगा।

विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार सदन में प्रश्नकाल और शून्यकाल सहित अन्य अवसरों पर नियमित कार्यवाही के दौरान विभिन्न सदस्यों को अपनी बात कहने के लिए कुल 1460 अवसर मुहैया कराए गए। इनमें एक तिहाई अवसर (लगभग 33 फीसद) भाजपा को मिले। राज्यसभा में कुल 239 सदस्यों में 82 सदस्यों वाली भाजपा की हिस्सेदारी (34 फीसद) है। जबकि सदन में 42 सदस्यों के साथ कांग्रेस की हिस्सेदारी 19 फीसद है और कांग्रेस के सदस्यों को सदन में अपनी बात रखने के 345 अवसर (24 फीसद) मिले।

राज्यसभा सचिवालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नायडू ने भविष्य में प्रत्येक सत्र के दौरान उच्च सदन में सभी सदस्यों के प्रदर्शन की रिपोर्ट बनाने का भी निर्देश दिया है। जिससे प्रश्नकाल और शून्यकाल सहित विभिन्न अवसरों पर उनकी भागीदारी से प्रत्येक सदस्य को सत्र के समापन पर अवगत कराया जा सके।

बजट सत्र के पहले चरण की विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार राज्यसभा में पांच या इससे अधिक सदस्यों वाले दस मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के 190 सदस्यों को सदन में अपनी बात रखने के 81 फीसद अवसर मिले। इन दलों के सदस्यों की सदन में हिस्सेदारी 80 फीसद है।

सदस्य संख्या के लिहाज से सदन में 20 फीसद हिस्सेदारी वाले क्षेत्रीय दलों और निर्दलीय सदस्यों को अपनी बात कहने के 19 फीसद अवसर मुहैया कराए गए। विश्लेषण में यह बात उजागर करने की कोशिश की गई है कि उच्च सदन में विभिन्न दलों की हिस्सेदारी के मुताबिक उनके सदस्यों को अपनी बात रखने के समान अवसर मिले। इसके अनुसार आठ गैर राजग दलों के सदस्यों को सदन में हिस्सेदारी के अनुपात के लिहाज से अपनी बात कहने के अधिक अवसर मिले। जबकि सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्यों को सदन में अपनी हिस्सेदारी से एक फीसद कम अवसर मिले।

इसी प्रकार राजग के घटक दल जद (एकी) के सदस्यों की सदन में हिस्सेदारी 2.51 फीसद है। जबकि जद (एकी) के सदस्यों को सदन में अपनी बात कहने के 0.55 फीसद अवसर मिले। विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार गैर राजग दलों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, अन्नाद्रमुक के सदस्यों को अपनी बात कहने के आनुपातिक तौर पर अधिक अवसर मिले। जबकि बीजद, द्रमुक, टीआरएस और माकपा को सदन में सदस्यों की हिस्सेदारी के अनुरूप अवसर मिले। सिर्फ सपा के सदस्यों को अपनी बात कहने के कम अवसर मिले।

राज्यसभा में बजट सत्र के पहले चरण की कार्यवाही के दौरान 107 सदस्यों ने प्रश्नकाल में और सौ सदस्यों ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और बजट प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लिया। जबकि 76 सदस्यों ने शून्यकाल में, 33 सदस्यों ने विशेष उल्लेख के विषय प्रस्तुत करने में और 24 सदस्यों ने निजी विधेयक पेश किए। इस दौरान सदन में 118 सदस्यों के 1120 अतारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर सदन पटल पर प्रस्तुत किए गए।

विश्लेषण में यह बात भी सामने आई है कि सदन में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने में क्षेत्रीय दलों के सदस्यों का प्रदर्शन बेहतर रहा। महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने वाले 30 अग्रणी सदस्यों में क्षेत्रीय दलों के 18 सदस्य (60 फीसद) शामिल हैं, जबकि आठ भाजपा और चार कांग्रेस के सदस्यों ने इस मामले में 40 फीसद भागीदारी दर्ज कराई।

## विदेशी कारतूस मिलने की जांच में केरल ने केंद्र व राज्यों से मांगा सहयोग

### पाक में बने होने का संदेह, जांच आतंक निरोधी दस्ते को

कोल्लम/तिरुवनंतपुरम, 23 फरवरी (भाषा)।

कोल्लम जिले में विदेश में बने 14 कारतूस बरामद होने के मामले की जांच के सिलसिले में केरल सरकार ने केंद्रीय एजंसियों और अन्य राज्यों से सहयोग मांगा है। इन कारतूसों के पाकिस्तान में बने होने का संदेह है और मामले में जांच की निगरानी एंटी टेरर स्क्वाड के पुलिस उप महानिरीक्षक करेंगे।

पुलिस महानिदेशक लोकनाथ बेहरा ने रविवार को कहा कि इस मामले की जांच आतंक निरोधी दस्ते को सौंप दी गई है और केंद्रीय जांच एजंसियों को इसके बारे में जानकारी दी गई है और मदद मांगी गई है। पुलिस ने कहा कि शनिवार को कुलाथपुझा में 14 कारतूस मिले थे, यह इलाका तमिलनाडु की सीमा से 60 किलोमीटर की दूरी पर है। उन्होंने बताया कि एर्नाकुलम से सैन्य खुफिया शाखा का दो सदस्यीय दल जांच के लिए रविवार को शहर पहुंच चुका है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि कारतूस पर पीओएफ लिखा है और ऐसा संदेह है कि यह पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री (पीओएफ) का संक्षिप्त रूप है। इसको लेकर हालांकि कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। बेहरा ने बताया कि एटीएस के उप महानिरीक्षक अनूप कुरुविला इस मामले की जांच की निगरानी करेंगे।

उन्होंने तिरुवनंतपुरम में संवाददाताओं से कहा, 'हमने कल ही एटीएस को इसकी जांच सौंप दी। हमें अन्य राज्यों के साथ मिलकर इसकी जांच करनी होगी। मैंने अपने समकक्षों से इस बारे में बातचीत की है।' उन्होंने राज्यों के नाम हालांकि नहीं बताए। केरल की सीमा तमिलनाडु और कर्नाटक से लगती है और यह दोनों राज्य जांच में शामिल हो सकते हैं।

## तेलंगाना में मिट्टी के टीले तले दबे तीन मजदूरों की मौत

हैदराबाद, 23 फरवरी (भाषा)।

तेलंगाना के कुमरा भीम-आसिफाबाद जिले में ढहे मिट्टी के टीले के नीचे दबकर तीन मजदूरों की मौत हो गई। ये श्रमिक जिले में एक निजी कागज मिल के परिसर में पिलर निर्माण का काम कर रहे थे।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शनिवार रात करीब 11 बजे 12 मजदूर इकाई में बॉयलर के लिए पिलर बनाने का काम कर रहे थे, तभी यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि मतृक मजदूरों में से दो झारखंड के निवासी हैं। जबकि तीसरा मजदूर उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखता है। अधिकारी ने बताया कि घटना में पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें पुलिस और दमकल कर्मियों ने बचाया। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## थाने में व्यक्ति की पिटाई, पुलिसकर्मी पर मामला दर्ज

मुंबई, 23 फरवरी (भाषा)।

माहिम थाने में अपहरण मामले की जानकारी लेने पहुंचे व्यक्ति को पीटने के आरोप में एक पुलिस उप निरीक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

मामला शुक्रवार रात का है, जब आरोपी उप निरीक्षक गहिनीनाथ सातव रात्रि ड्यूटी पर थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि माहिम इलाके में रहने वाले पश्चिमी रेलवे के कर्मचारी गणेश जलगांवकर (55) अपने पड़ोसी नदीम शेख के साथ उसके दो गुमशुदा बच्चों के मामले में प्रगति की जानकारी लेने माहिम पुलिस थाने पहुंचे थे।

शेख ने बुधवार को घर से ही लापता अपने दो नाबालिग बच्चों की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को जब जलगांवकर नदीम के साथ मामले में प्रगति की जानकारी लेने थाने पहुंचे, तो सातव ने कथित तौर पर जलगांवकर के साथ गाली-गलौज की और थप्पड़ मारा। आरोप है कि बाद में एक कमरे में ले जाकर सातव ने जलगांवकर को पीटा और उनका सिर मेज पर दे मारा, जिससे खून निकलने लगा। बाद में जलगांवकर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि मामले की रिपोर्ट मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई।

## नकली सोने के बिस्किट बेच ठगने वाले गिरोह के तीन लोग गिरफ्तार

जम्मू, 23 फरवरी (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यहां नकली सोने के बिस्किट बेचकर लोगों को ठगने में शामिल तीन सदस्यीय गिरोह का पर्दाफाश करने का सोमवार को दावा किया।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गिरोह के सदस्यों की पहचान मोहम्मद शरीफ, फयाद अहमद और शमीर अहमद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उन्हें 75 किलोग्राम नकली सोने के बिस्किट के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को झज्जर कोटली थानाक्षेत्र के मनवाल में पुलिस दल ने एक निजी कार को रोका और शरीफ के कब्जे से सोने के नकली बिस्किट बरामद किए। उन्होंने बताया कि शरीफ फयाज और शमीम के साथ जा रहा था।

प्रवक्ता के अनुसार पूछताछ के दौरान तीनों ने बताया कि वे सोने की चादर चढ़ी बिस्किट बेचकर लोगों को ठगते थे। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य घटना में पुलिस ने चारों के एक गिरोह का पर्दाफाश किया और यहां गांधीनगर से पांच नाबालिगों समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ में मिली जानकारी के अनुसार 29 लाख रुपए की चुराई चीजें बरामद की गई हैं।

## क्या ट्रंप के समक्ष एच-1बी वीजा का मामला उठाएंगे प्रधानमंत्री मोदी : कांग्रेस

### प्रमुख विपक्षी पार्टी ने जीएसपी दर्जे की बहाली और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे भी उठाए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा से एक दिन पहले रविवार को कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जानना चाहा कि क्या वह ट्रंप के समक्ष एच-1बी वीजा, जीएसपी दर्जे की बहाली और तालिबान से जुड़े सुरक्षा मुद्दों को उठाएंगे? पार्टी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पहले अमेरिका की चर्चा किए जाने का हवाला देते हुए यह भी पूछा है कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी ने पहले भारत की बात पर चुप्पी क्यों साध रखी है।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने अपने अलग अलग ट्वीट में इन तमाम मुद्दों को उठाते हुए रविवार को पूछा कि ईरान पर लगे प्रतिबंधों के मद्देनजर उससे तेल खरीदना बंद करने के बाद क्या प्रधानमंत्री भारत के लिए सस्ते तेल की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे और क्या भारत के तीन अरब की रक्षा खरीद के बाद भारतीय स्टील निर्यात को बढ़ावा मिलेगा? उन्होंने पूछा कि ट्रंप सरकार की प्रतिबंधात्मक आव्रजन नीतियों से एच-1बी वीजा प्रभावित हुआ है। भारतीयों को 85,000 एच-1बी वीजा में से 70 फीसद ही वीजा मिल रहे हैं।

सुरजेवाला ने कहा कि कि अमेरिका की आव्रजन नीति के तहत 2015 के छह फीसद की तुलना में 2019 में 24 फीसद वीजा आवेदनों को रद्द किया गया, जिसमें अधिकतर आईटी पेशेवर शामिल हैं। उन्होंने पूछा कि एक करोड़ लोगों के भव्य समारोह के बाद क्या प्रधानमंत्री मोदी एच-1बी वीजा में ढील देने की बात करेंगे? उन्होंने पूछा कि अमेरिका ने 29 फरवरी को तालिबान के साथ एक समझौता करने का फैसला कर लिया है , लेकिन भारत की चिंताओं का क्या ? उन्होंने कहा कि क्या हम आइसी-814 को हाईजैक किए जाने और फिर कंधार में उसके बदले मसूद अजहर को छोड़े जाने को भूल गए हैं, जो तब जैश ए मोहम्मद का सदस्य था और जिसने संसद और पुलवामा पर हमले किए? भव्य समारोह के खत्म होने के बाद क्या प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाएंगे?

कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेरिका ने पांच जून 2019 को सामान्य तरजीह व्यवस्था (जीएसपी) जैसी चीजों पर भारत को शुल्क मुक्त आयात की सुविधा देनी बंद कर दी। उन्होंने कहा कि इससे अमेरिका में 5.6 अरब डॉलर का भारतीय निर्यात प्रभावित हुआ, जिसमें रत्न, आभूषण, चावल, चमड़ा आदि शामिल हैं। उन्होंने पूछा कि 'हाउडी मोदी' और 'नमस्ते ट्रंप' जैसे भव्य समारोह के बाद क्या प्रधानमंत्री यह सुनिश्चित करेंगे कि जीएसपी के दर्जे को बहाल किया जाए।

सुरजेवाला ने कहा कि 2018 तक भारत ने ईरान से रुपए में भुगतान करते हुए प्रति महीने 250 करोड़ टन कच्चा तेल आयात किया, जिसके तहत 90 दिन की मोहलत और संयंत्रों तक इसे पहुंचाने की सुविधा भी दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि राजग सरकार ने अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद ईरान से सस्ते दामों में तेल खरीदना बंद कर दिया, जिससे भारत में तेल के दाम बढ़ गए। उन्होंने पूछा कि अमदाबाद में जश्न के दौरान क्या प्रधानमंत्री भारत के लिए सस्ता तेल सुनिश्चित कर पाएंगे।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि ट्रंप सरकार के आयात शुल्क में 25 फीसद की बढ़ोतरी के बाद अमेरिका में स्टील के 76.1 करोड़ डॉलर के आयात में 50 फीसद की गिरावट आने से यह 37.2 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। उन्होंने पूछा कि जब भारत तीन अरब डॉलर की रक्षा खरीद को लेकर प्रतिबद्ध है तो भारत के स्टील निर्यात पर कोई छूट क्यों नहीं? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 24-25 फरवरी को भारत यात्रा पर आ रहे हैं।


ADVERTISEMENT IN ACCORDANCE WITH REGULATION 18(7) OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011, AS AMENDED, AND CORRIGENDUM TO THE DETAILED PUBLIC STATEMENT WITH RESPECT TO THE OPEN OFFER TO THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF

**SNOWMAN LOGISTICS LIMITED**

Registered Office: Plot No. M-8, Taloja Industrial Area, MIDC, Raigad, Navi Mumbai, Maharashtra 410 206, India.
Tel: +91-9821383250 Fax: +91 80 3993 9500, CIN:L15122MH1993PLC285633

**OPEN OFFER FOR ACQUISITION OF UP TO 4,34,42,879 FULLY PAID UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF INR 10 EACH, REPRESENTING 26.00% OF THE VOTING SHARE CAPITAL OF SNOWMAN LOGISTICS LIMITED ("TARGET COMPANY") FROM ALL THE PUBLIC SHAREHOLDERS ("ELIGIBLE SHAREHOLDERS") OF THE TARGET COMPANY BY ADANI LOGISTICS LIMITED ("ACQUIRER") TOGETHER WITH ADANI PORTS AND SPECIAL ECONOMIC ZONE LIMITED ("PAC") IN ITS CAPACITY AS PERSON ACTING IN CONCERT WITH THE ACQUIRER, PURSUANT TO AND IN COMPLIANCE WITH REGULATIONS 3(1) AND 4 OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011 AND SUBSEQUENT AMENDMENTS THERETO ("SEBI (SAST) REGULATIONS") AT A PRICE OF INR 44.00 PER EQUITY SHARE ("OFFER/OPEN OFFER")**

This advertisement cum corrigendum is being issued by JM Financial Limited ("**Manager to the Offer**"), for and on behalf of the Acquirer and the PAC in respect of the Offer to the Eligible Shareholders of the Target Company, pursuant to and in compliance with Regulation 18(7) of the SEBI (SAST) Regulations ("**Offer Opening Public Announcement cum Corrigendum**"). The detailed public statement dated January 2, 2020 ("**DPS**") with respect to the Offer was published on January 3, 2020 in all editions of Financial Express (English national daily) and Jansatta (Hindi national daily), and Mumbai edition of Navshakti (Marathi daily, being the regional language of the place where the equity shares are listed, and which is also widely circulated in Navi Mumbai, being the place of the registered office of the Target Company) by the Manager to the Offer on behalf of the Acquirer and PAC, in compliance with the SEBI (SAST) Regulations.

This Offer Opening Public Announcement cum Corrigendum should be read in continuation of, and in conjunction with: (a) the Public Announcement dated December 27, 2019 ("**PA**"); (b) the DPS; and the letter of offer dated February 7, 2020 ("**LOF**").

For the purpose of this Offer Opening Public Announcement cum Corrigendum:

(a) "**Identified Date**" means February 7, 2020, being the date falling on the 10 (Tenth) Working Day prior to the commencement of the Tendering Period; and

(b) "**Tendering Period**" means the following period: Tuesday, February 25, 2020 to Monday, March 9, 2020 (both days inclusive).

Capitalized terms used but not specifically defined in this Offer Opening Public Announcement cum Corrigendum shall have the same meaning assigned to such terms in the LOF, unless otherwise defined.

1. **Offer Price**. The offer price is INR 44.00 per Offer Share ("**Offer Price**"). There has been no revision to the Offer Price. The maximum consideration payable under this Offer (assuming full acceptance) is up to INR191,14,86,676. For further details relating to the Offer Price, please refer to Paragraph 5 beginning on Page 34 of the LOF.

2. **Recommendation of the committee of independent directors**: The committee of independent directors of the Target Company (the "**IDC**") published its recommendation on the Offer on February 20, 2020 in the same newspapers in which the DPS was published. A summary of the relevant extracts of the IDC's recommendations are given below:

| | |
|---|---|
| Members of the Committee of Independent Directors | Chairperson: Mr. Anil Aggarwal<br>Member: Mr. Shabbir Hakimuddin Hassanbhai<br>Member: Mr. Bhaskar Avula Reddy<br>Member: Mr. Arun Kumar Gupta |
| Recommendation on the Open offer, as to whether the offer is fair and reasonable | The IDC is of the view that the Open Offer is fair and reasonable, as it is in accordance with the SEBI (SAST) Regulations. However, the shareholders shall independently evaluate the Open Offer and take an informed decision in their best interest. |
| Summary of reasons for recommendation | IDC has reviewed the PA, the DPS, the DLOF and the LOF and other documents released by the Manager to the Offer on behalf of the Acquirer and PAC, in connection with the Open Offer.<br>Based on the review of the above as well as based on the Certificate dated January 31, 2020 issued by T Ramachandran & Co., Chartered Accountants to the IDC certifying that the Offer Price is in compliance with Regulation 8(2) of the SEBI (SAST) Regulations, the IDC is of the view that the Offer Price offered by the Acquirer and PAC under the Open Offer is fair and reasonable as it is in accordance with the SEBI (SAST) Regulations.<br>However, the shareholders are advised to independently evaluate the Open Offer and take an informed decision before participating in the Open Offer. |
| Details of independent advisors (if any) | None |

3. **Other details of the Offer**:

3.1. The Offer is being made under Regulations 3(1) and 4 of the Takeover Regulations to the Public Shareholders of the Target Company

3.2. The Offer is not a competing offer in terms of Regulation 20 of the SEBI (SAST) Regulations. There was no competing offer to the Offer and the last date for making such competing offer has expired. The Offer is not conditional upon any minimum level of acceptance in terms of Regulation 19(1) of Takeover Regulations

3.3. The dispatch of the LOF to all the Public Shareholders of the Target Company holding Equity Shares as on the Identified Date has been completed (either through electronic or physical mode) by February 14, 2020. The Identified Date was relevant only for the purpose of determining the Public Shareholders as on such date to whom the LOF was to be sent. It is clarified that all the Public Shareholders (even if they acquire Equity Shares and become shareholders of the Target Company after the Identified Date) are eligible to participate in the Offer. A copy of the LOF (which includes the Form of Acceptance-cum-Acknowledgment) is also available on SEBI's website (https://www.sebi.gov.in) from which the Public Shareholders can download / print the same.

4. **Instructions to the Public Shareholders**:

4.1. In case the Equity Shares are held in physical form: As per the provisions of Regulation 40(1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and SEBI PR 51/2018 dated December 03, 2018, requests for transfer of securities shall not be processed unless the securities are held in dematerialised form with a depository w.e.f. April 01, 2019.Accordingly, the Public Shareholders who are holding Equity Shares in physical form and are desirous of tendering their Equity Shares in the Offer can do so only after the Equity Shares are dematerialised. Such Public Shareholders are advised to approach any depository participant to have their equity shares dematerialized.

4.2 In case the Equity Shares are held in dematerialized form: Public Shareholders who desire to tender their Equity Shares in the electronic / dematerialized form under the Offer would have to do so through their respective stock broker by giving the details of Equity Shares they intend to tender under the Offer and as per the procedure specified in the LOF. In case of non-receipt of the LOF, the Public Shareholders holding the Equity Shares may participate in the Offer by providing their application in plain paper in writing signed by all shareholder(s), stating name, address, number of Equity Shares held, client ID number, DP name, DPID number, number of Equity Shares tendered and other relevant documents. Public Shareholders have to ensure that their order is entered in the electronic platform of BSE or NSE which will be made available by BSE and NSE before the closure of the Tendering Period.

5. In terms of Regulation 16(1) of the SEBI (SAST) Regulations, the draft letter of offer was submitted to SEBI on January 10, 2020 ("**DLOF**"). SEBI, vide its letter no. SEBI/HO/CFD/DCR-2/OW/P/2020/4809/1dated February 5, 2020 ("**SEBI Letter**"), issued its comments on the DLOF. These comments have been incorporated in the LOF. This Offer Opening Public Announcement cum Corrigendum also serves as a corrigendum to the DPS, and as required in terms of the SEBI Letter, reflects the changes made in the LOF as compared to the DPS.

6. **Material updates**:

There have been no material changes in relation to the Offer since the date of the PA, save as otherwise disclosed in the DPS, DLOF and the LOF. The Public Shareholders are requested to note the following key changes to the DPS and the DLOF in relation to the Open Offer:

6.1. Paragraph 1.2 of Part 1 (Risk factors relating to the Underlying Transaction and the Open Offer) of Risk factors on Page 3 of the DLOF has been amended and reads as follows in the LOF:

*"In case of delay in receipt of any statutory approval, as per Regulation 18(11) of the SEBI (SAST) Regulations, SEBI may, if satisfied that non- receipt of such approval was not attributable to any wilful default, failure or neglect on the part of the Acquirer or the PAC to diligently pursue such approval, grant an extension of time for making payments, subject to the Acquirer and the PAC agreeing to pay interest to the Public Shareholders, for delay, at such rate as may be specified by SEBI. Where the statutory approvals extend to some but not all Public Shareholders, the Acquirer and PAC will have the option to make payment of the consideration to such Public Shareholders in respect of whom no statutory approvals are required in order to complete this Offer."*

6.2. Terms and conditions of the Offer:

Pursuant to the terms and conditions of the SPA, it is hereby clarified that the Acquirer reserves the right to complete the Underlying Transaction at any time after the expiry of 21 Working Days from the date of the DPS, subject to the provisions of Regulation 22 of the SEBI (SAST) Regulations.

7. **Statutory and other approvals**:

As disclosed in the LOF, to the best of the knowledge of the Acquirer and the PAC, there are no statutory approval(s) required by the Acquirer and the PAC to complete the transactions contemplated under the SPA and this Offer. However, in case of any further statutory approval(s) being required by the Acquirer at a later date, this Offer shall be subject to such approvals and the Acquirer shall make the necessary applications for such approvals. In case of delay in receipt of any statutory approval(s), SEBI may, if satisfied that such delay in receipt of the statutory approval(s) was not attributable to any wilful default, failure or neglect on the part of the Acquirer to diligently pursue such approval(s), and subject to such terms and conditions as specified by SEBI, including payment of interest in accordance with Regulation 18(11) of the SEBI (SAST) Regulations, grant an extension of time to the Acquirer, pending receipt of such statutory approval(s), to make the payment of the consideration to the Public Shareholders whose Equity Shares have been accepted in the Offer. Provided that where the statutory approval(s) extend to some but not all holders of the Equity Shares, the Acquirer shall have the option to make payment to such holders of the Equity Shares in respect of whom no statutory approval(s) are required in order to complete this Offer.

8. **Revised Schedule of Major Activities**:

The revised schedule of major activities pertaining to the Offer is set out below:

| Sr. No. | Activities | Original Schedule (Dates) (as disclosed in the DLOF) | Revised Schedule of Activities |
|---|---|---|---|
| 1 | Issue of PA | Friday, December 27, 2019 | Friday, December 27, 2019 |
| 2 | Publication of the DPS in newspapers | Friday, January 03, 2020 | Friday, January 03, 2020 |
| 3 | Filing of the DLOF with SEBI | Friday, January 10, 2020 | Friday, January 10, 2020 |
| 4 | Last date for public announcement for competing offer(s)* | Friday, January 24, 2020 | Friday, January 24, 2020 |
| 5 | Last date for receipt of SEBI observations on the DLOF (in the event SEBI has not sought clarifications or additional information from the Manager to the Offer) | Friday, January 31, 2020 | Wednesday, February 05, 2020** |
| 6 | Identified Date# | Tuesday, February 04, 2020 | Friday, February 07, 2020 |
| 7 | Last date by which the Letter of Offer is to be dispatched to the Public Shareholders whose names appear on the register of members on the Identified Date, and to Stock Exchanges and Target Company and Registrar to issue a dispatch completion certificate | Tuesday, February 11, 2020 | Friday, February 14, 2020 |
| 8 | Last date by which the committee of the independent directors of the Target Company shall give its recommendation to the Public Shareholders for this Open Offer | Friday, February 14, 2020 | Thursday, February 20, 2020 |
| 9 | Last date for upward revision of the Offer Price / the size of the Offer | Friday, February 14, 2020 | Thursday, February 20, 2020 |
| 10 | Date of publication of opening of the Open Offer public announcement in the newspapers in which the DPS was published | Monday, February 17, 2020 | Monday, February 24, 2020 |
| 11 | Date of commencement of the Tendering Period ("**Offer Opening Date**") | Tuesday, February 18, 2020 | Tuesday, February 25, 2020 |
| 12 | Date of closure of the Tendering Period ("**Offer Closing Date**") | Wednesday, March 04, 2020 | Monday, March 09, 2020 |
| 13 | Last date of communicating the rejection/ acceptance and completion of payment of consideration or return of Equity Shares to the Public Shareholders | Thursday, March 19, 2020 | Tuesday, March 24, 2020 |
| 14 | Last date for publication of post-Offer public announcement in the newspapers in which the DPS was published | Thursday, March 26, 2020 | Wednesday, April 01, 2020 |

**There was no competing offer*

***Actual date of receipt of SEBI Observation Letter*

*# Identified Date is only for the purpose of determining the names of the Public Shareholders as on such date to whom the Letter of Offer will be sent. It is clarified that all Public Shareholders, i.e. holders (registered or unregistered) of Equity Shares (except the Acquirer, PAC, parties to the SPA, or persons deemed to be acting in concert with such parties) are eligible to participate in the Offer any time during the Tendering Period.*

9. **Other Information**:

9.1. The Acquirer, PAC and their respective directors, severally and jointly, accept full responsibility for the information contained in this Offer Opening Public Announcement cum Corrigendum and also for the obligations of the Acquirer and PAC as laid down in the SEBI (SAST) Regulations. The Acquirer and PAC would be severally and jointly responsible to ensure compliance with the SEBI (SAST) Regulations.

9.2. All references to "Rs." or "INR" are references to the Indian Rupee(s)

10. This Offer Opening Public Announcement cum Corrigendum would also be available on SEBI's website at www.sebi.gov.in.

**ISSUED ON BEHALF OF THE ACQUIRER AND PAC BY MANAGER TO THE OFFER**

| MANAGER TO THE OFFER | REGISTRAR TO THE OFFER |
|---|---|
| JM FINANCIAL<br>**JM Financial Limited**<br>7th Floor, Cnergy, Appasaheb Marathe Marg, Prabhadevi<br>Mumbai 400025, India<br>Tel. No.: +91 22 6630 3030; Fax No.: +91 22 6630 3330<br>Email ID: snowman.openoffer@jmfl.com<br>Contact Person: Ms. Prachee Dhuri<br>SEBI Registration Number: INM000010361 | LINK Intime<br>**Link Intime India Private Limited**<br>C-101, 247 Park, Lal Bahadur Shastri Marg, Vikhroli (West),<br>Mumbai – 400 083<br>Tel.: + 91 22 49186200; Fax : + 91 22 49186195<br>Website: www.linkintime.co.in; Email: snowmanlogistics.offer@linkintime.co.in<br>Contact Person: Mr. Sumeet Deshpande<br>SEBI Registration Number: INR000004058 |

Place: Ahmedabad
Date: February 21, 2020

Adfactors 567


www.readwhere.com

## संकट में मजदूर

रोजी-रोटी कमाने दूसरे देशों में जाने वाले कामगारों को जिन मुश्किल हालात से गुजरना पड़ता है और कई बार इन्हें बंधक बना कर जिस तरह प्रताड़ित किया जाता है, वह गंभीर चिंता का विषय है। हाल में खाड़ी देश ओमान में झारखंड के तीस मजदूरों को बंधक बनाने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। इन सभी मजदूरों को 2017 में मस्कट की एक कंपनी में काम करने के लिए ले जाया गया था। लेकिन पिछले साल जून के बाद कंपनी ने इन्हें काम से हटा दिया था। तब से इन्हें बंधक बना कर रखा हुआ है। घटना का पता तब चला जब एक मजदूर ने इस बारे में किसी तरह फोन कर अपने परिजनों को दर्दभरी दास्तां बताई। एक मजदूर ने कुछ लोगों की मदद से भारतीय विदेश मंत्रालय को चिट्ठी लिखी। ये मजदूर फिलहाल उस कंपनी के परिसर में ही कैद हैं। यह ठीक है कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार इन मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए कोशिशों में जुट गई हैं, लेकिन सवाल यह है कि कंपनियों को सस्ते मजदूर मुहैया कराने वालों का जो तंत्र विकसित हो चुका है, उस पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है, ताकि लोग ऐसे गंभीर संकट में न फंसे।

खाड़ी देशों में लाखों भारतीय मजदूर काम कर रहे हैं। ज्यादा पैसा कमाने के लालच में ये लोग एजंटों के जरिए चले तो जाते हैं, लेकिन जाने के साथ ही इनके बुरे दिन भी शुरू हो जाते हैं। ज्यादातर कंपनियां इन्हें अमानवीय हालत में रखती हैं। कंपनियों के मालिक रसूखदार होते हैं, ऐसे में गरीब मजदूरों की कौन सुनेगा? कंपनियों में कोई श्रम कानून नहीं है। अठारह घंटे काम कराना मामूली बात है। यही सब झारखंड के ये मजदूर झेल रहे हैं। इन्हें चौबीस घंटे में एक बार खाना दिया जा रहा है और बकाया वेतन मांगने पर धमकियां। हालांकि बताया यह जा रहा है कि इन सभी मजदूरों की वीजा अवधि खत्म हो गई है और इसीलिए ये कैद में हैं। अगर किसी मजदूर की वीजा अवधि खत्म हो गई तो उसे बढ़वाना या उन्हें समय से भारत भेजना कंपनी की जिम्मेदारी क्यों नहीं होनी चाहिए?

दरअसल, ऐसी समस्याएं इसलिए खड़ी होती हैं कि बड़ी कंपनियों को मजदूरों की आपूर्ति करने वाली एजंसियां फर्जी दस्तावेजों के जरिए मजदूरों को दूसरे देशों में पहुंच तो देती हैं, लेकिन बाद जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती हैं। कई एजंट जो ठेकेदार कंपनियों के लिए काम करते हैं, वे इन्हें कंपनियों के हवाले कर निकल लेते हैं। कंपनियां मजदूरों को काम देते वक्त उनके सारे वैध दस्तावेज जब्त करके रख लेती हैं। ऐसे में मजदूर असहाय हो जाते हैं और बंधक के रूप काम करते हैं। लेकिन इससे भी बड़ा धंधा यह पनप गया है कि एजंट मजदूर की सकुशल वापसी के नाम पर उसके परिजनों से मोटी रकम ऐंठ लेते हैं। भारत में मजदूरों को बाहर भेजने वाले एजंटों का बड़ा नेटवर्क है। पंजाब, केरल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में कामगार दूसरे देशों में भेजे जाते हैं। सरकारी तौर पर मदद उन्हीं को ही पाती है जो वैध रूप से गए हों। समस्या अवैध रूप से जाने वालों की ज्यादा गंभीर है। ऐसे में सरकारी स्तर पर, संबंधित देशों के विदेश मंत्रालय और दूतावासों के स्तर पर इन्हें हल किया जाता है। लेकिन सवाल है कि अवैध रूप से मजदूरों को भेजे जाने का जो धंधा देश में फल-फूल चुका है, उस पर लगाम कैसे लगे?

## जनसंख्या का दबाव

हमारे यहां तेजी से बढ़ती जनसंख्या को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। तमाम अध्ययनों से जाहिर है कि जनसंख्या के दबाव की वजह से लोगों को आवास, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध कराना चुनौती साबित होता है। बेरोजगारी के चिंताजनक स्तर तक पहुंच जाने के पीछे भी यही बड़ी वजह है। इसका असर अनेक विकास कार्यक्रमों पर पड़ता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कोई व्यावहारिक नीति बनाने की सिफारिश की जाती रही है। मगर इंदिरा गांधी के शासनकाल में इस पर काबू पाने के मकसद से चलाए गए नसबंदी कार्यक्रम का अनुभव इतना कड़वा रहा कि उसके बाद कोई भी सरकार इस दिशा में कदम बढ़ाने की नहीं सोचती। उस वक्त सरकारी कर्मचारियों को नसबंदी के मामले लाने को बाध्य किया गया था। उस फैसले का काफी विरोध हुआ था और कांग्रेस पार्टी चुनाव हार गई थी। मगर उस अनुभव को नजरअंदाज करते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने पिछले दिनों एक परिपत्र जारी कर एक बार फिर सरकारी कर्मियों को नसबंदी के मामले लाने की अनिवार्यता लागू कर दी। मगर इस फैसले के शुरू में ही इतना विरोध हुआ कि सरकार को फैसला वापस लेना पड़ा। यह जनसंख्या नियंत्रण को लेकर नीति बनाने के मामले में सरकारों के लिए ताजा सबक है।

हालांकि जनसंख्या नियंत्रण की जरूरत सभी स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री ने भी अपने मन की बात कार्यक्रम में इसे रेखांकित किया था। फिर सरकार पर दबाव बनने लगे कि वह इस विषय में नीति बनाए। हाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक ने भी जनसंख्या नियंत्रण के लिए कोई व्यावहारिक नीति बनाने पर जोर दिया। मगर इंदिरा गांधी के शासनकाल और हाल के मध्यप्रदेश सरकार के अनुभवों को देखते हुए अब शायद ही कोई सरकार अनिवार्य नसबंदी जैसा नियम लागू करने का साहस दिखाएगी। हमारे देश में कुछ समुदायों में धार्मिक मान्यता के अनुसार नसबंदी जैसे फैसले स्वीकार्य नहीं हैं। फिर सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति आदि का लोभ देकर नसबंदी के मामले लाने को बाध्य करके इस लक्ष्य को प्राप्त करना भी सदा संदेह के घेरे में रहा है। इंदिरा गांधी के समय में नसबंदी के बहुत सारे फर्जी मामले दर्ज हुए थे। हैरानी की बात है कि यह सब जानते-बूझते मध्यप्रदेश सरकार ने जबरिया नसबंदी का कदम उठाया और नाहक किरकिरी झेलने को बाध्य हुई।

निस्संदेह आबादी का घनत्व भारत के विकास में बाधा है, मगर इस पर काबू पाने के लिए जोर-जबर्दस्ती का कोई भी रास्ता उचित नहीं कहा जा सकता। नसबंदी कार्यक्रम के विफल होने के बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने बड़े पैमाने पर लोगों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने का फैसला किया था। उसका असर भी हुआ। अब बहुत सारे लोग दो से अधिक बच्चे पैदा नहीं करते। ऐसे भी लोग हैं, जो केवल एक बच्चा पैदा करने और उसकी अच्छी परवरिश में विश्वास करते हैं। मगर हकीकत यह है कि पहले ही भारत में आबादी का दबाव इतना है कि उसमें हर दंपति का दो बच्चे पैदा करने का फैसला भी जनसंख्या का बड़ा दबाव बनाता है। इसलिए जनसंख्या विस्फोट से पार पाने और देश के समुचित विकास के लिए कारगर नीति की आवश्यकता अवश्य है, पर इसे लागू करने का तरीका क्या हो, जिससे लोग स्वतः इसे अपनाएं, इस पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। किसी के साथ जोर-जबर्दस्ती उचित कदम नहीं हो सकता।

### कल्पमेधा

संकट-काल हमेशा विजय के
साथ ही आता है।
-नेपोलियन

# गनी की चुनौतियों का दूसरा दौर

संजीव पांडेय

**अशरफ गनी के लिए अफगान सेना का सैन्य बजट भी बड़ी चुनौती है। सेना के लिए संसाधन जुटाना अशरफ गनी की मुख्य समस्या होगी। अफगान सेना का बजट अभी तक विदेशी अनुदान पर निर्भर है, जो करीब पांच अरब डॉलर सालाना है। सवाल है कि आने वाले वक्त में अफगान सेना के खर्च को लेकर विदेशी शक्तियां कितनी उदार रहती हैं।**

अशरफ गनी एक बार फिर अफगानिस्तान के राष्ट्रपति का चुनाव जीत गए हैं। अफगानिस्तान के चुनाव आयोग ने अंतिम नतीजे जारी करते हुए उन्हें विजयी घोषित कर दिया है। गनी को कुल 50.64 फीसद वोट मिले, जबकि उनके विरोधी अब्दुल्ला अब्दुल्ला को 39.52 फीसद। राष्ट्रपति बनने के बाद अब अगले पांच साल तक अशरफ गनी के सामने नई चुनौतियां होंगी, क्योंकि उनकी चुनावी जीत की घोषणा ऐसे वक्त में हुई है जब अफगान तालिबान और अमेरिका के बीच शांति मसौदा को अंतिम रूप देने की तैयारियां चल रही थीं और शुक्रवार को यह खबर भी आ गई कि अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी को शांति समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। अगर अमेरिका और अफगान तालिबान के बीच सब ठीक रहा और समझौते पर हस्ताक्षर हो गए, जैसी कि घोषणा हो चुकी है, तो तालिबान को अफगानिस्तान में सत्ता में हिस्सेदारी मिलना तय है। उस सूरत में उदारवादी पश्तून अशरफ गनी के सामने नई चुनौती आएंगी, जब उनके ही पश्तून बिरादरी के कट्टर इस्लामिक तालिबानी कमांडर अफगान शासन को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश करेंगे।

तालिबान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता के कई दौर चले। अब युद्ध विराम की घोषणा की गई है। दो चीजें साफ हैं। समझौते के बाद भी अफगानिस्तान में अशरफ गनी ही राष्ट्रपति के पद पर रहेंगे, क्योंकि शांति वार्ता और समझौते की संभावना के बीच अशरफ गनी को राष्ट्रपति पद के लिए विजयी घोषित किया गया है। पर शांति समझौता अगर सिरे चढ़ता है तो अशरफ गनी के शासन में तालिबान भी भागीदार होगा, यह तय है। इसके बाद अफगानिस्तान में आंतरिक विरोधाभास और बढ़ेगा। हालांकि अशरफ गनी ने अफगान तालिबान और अमेरिका के बीच चल रही शांति वार्ता पर अपनी सहमति पहले दे चुके हैं और उनका विरोध खत्म हो गया है। लेकिन उन्हें आने वाले समय की चुनौतियों का पता है। यह चुनौती सिर्फ तालिबान की तरफ से नहीं मिलेगी, बल्कि मजबूत ताजिक, उज्बेक और हजारा जनजाति भी अफगान सरकार के सामने संकट बन कर खड़ी है। ये तीनों जनजातियां तालिबान की घोर विरोधी हैं।



अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि तालिबान की भूमिका काबुल स्थित केंद्र सरकार और प्रांतीय सरकारों में क्या होगी? अफगानिस्तान की मुख्य समस्या सिर्फ भौगोलिक ही नहीं है, जनजातियों के बीच आपसी संघर्ष भी बड़ी समस्या है। अफगानिस्तान की सत्ता और संसाधनों पर कब्जे के लिए पश्तून, उज्बेक और ताजिक जनजातियों के बीच लंबे समय से हिंसक संघर्ष चलता आया है। अफगानिस्तान की कुल आबादी का बयालीस फीसद हिस्सा पश्तूनों का है, तो दूसरी मजबूत जनजाति ताजिक है जो सत्ताईस फीसद है। उज्बेक जनजाति भी तालिबान की घोर विरोधी है। संख्या के हिसाब से तीसरी प्रमुख जनजाति हजारा भी तालिबान विरोधी है, क्योंकि शिया हजारा सुन्नी तालिबान को नापसंद करती है। अशरफ गनी को यह पता है कि तालिबान का विरोध उदारवादी पश्तून नेताओं से भी है। पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई और खुद अशरफ गनी वैचारिक तौर पर तालिबान के घोर विरोधी रहे हैं। ऐसे में अगर तालिबान अशरफ गनी के प्रशासन में भागीदारी हासिल करता है, उदारवादी पश्तूनों और तालिबान के बीच भी टकराव निश्चित है। अफगान प्रशासन में शामिल ताजिक और उज्बेक भी तालिबान से टकराव पैदा करेंगे। अफगान नेशनल आर्मी में इन तीनों ही जनजातियों की खासी तादाद है। ताजिक नेता तालिबान को पाकिस्तान का मुखौटा मानते हैं। अफगान खुफिया एजंसी राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय के प्रमुख रहे ताजिक नेता अमरुल्लाह सालेह पाकिस्तान और तालिबान के घोर विरोधी हैं। इस स्थिति में अशरफ गनी ही नहीं, पूरे अफगानिस्तान के लिए मुख्य चुनौती तब सामने आएगी जब तालिबान को अफगान शासन में भागीदारी मिलेगी।

अमेरिका अफगानिस्तान में अब और सैन्य खर्च के लिए तैयार नहीं है। तालिबान से समझौता होने की स्थिति अपने तेरह हजार सैनिकों को अफगानिस्तान से वापस बुलाएगा। उस सूरत में अशरफ गनी के सामने बड़ी चुनौती तालिबान लड़ाकों और अफगान नेशनल आर्मी के बीच तालमेल बनाने की होगी। तालिबान की सैन्य क्षमता अभी भी मजबूत है। पिछले साल उसने कई बड़े हमलों को अंजाम दिया जिनमें तेईस सौ से ज्यादा लोग मारे गए। यह सच्चाई है कि नाटो सेना की मौजूदगी के बावजूद अफगानिस्तान के लगभग चालीस फीसद इलाके को तालिबान नियंत्रित कर रहा है। तालिबान ने अफगान सेना को अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी में भारी चुनौती दी है। अफगान सेना और अफगान पुलिस को तैयार करने पर अमेरिका अब तक तिरासी अरब डॉलर खर्च कर चुका है। तालिबान अफगान की सरकारी सेना को बेहद नापसंद करता है। अगर भविष्य में तालिबान शासन में भागीदार बनता है तो तालिबान की पहली कोशिश अफगान सेना के ढांचे को खराब करना होगा। पिछले साल अफगान सेना ने तालिबान के खिलाफ लगभग तीन हजार सैन्य कार्रवाइयां की थीं। दूसरी ओर, तालिबान ने भी अफगान सेना और पुलिस को भारी नुकसान भी पहुंचाया है। पिछले चार साल में आतंकी हमलों में अफगान सेना और पुलिस के पैंतालीस हजार जवान मारे जा चुके हैं। ऐसे में अहम सवाल यह है कि अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तालिबान और अफगान सरकार के बीच संबंध खराब होते हैं तो अफगान नेशनल आर्मी तालिबान से निपटने में कितनी सक्षम होगी?

अभी तक अफगान नेशनल आर्मी को तालिबान के खिलाफ कार्रवाई में अमेरिकी सैनिकों का सहयोग मिलता रहा है। पाकिस्तान भी यही चाहेगा कि अफगान नेशनल आर्मी कमजोर हो, क्योंकि इसमें पाकिस्तान विरोधी ताजिक, उज्बेक और हजारा जनजातियों के लोग मौजूद हैं। ये जनजातियां भारत के ज्यादा नजदीक हैं। अशरफ गनी के लिए अफगान सेना का सैन्य बजट भी बड़ी चुनौती है। सेना के लिए संसाधन जुटाना अशरफ गनी की मुख्य समस्या होगी। अफगान सेना का बजट अभी तक विदेशी अनुदान पर निर्भर है, जो करीब पांच अरब डॉलर सालाना है। सवाल है कि आने वाले वक्त में अफगान सेना के खर्च को लेकर विदेशी शक्तियां कितनी उदार रहती हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग ने खुद माना है कि अक्तूबर 2001 से लेकर मार्च 2019 तक अमेरिका अफगानिस्तान में सात सौ साठ अरब डॉलर खर्च कर चुका है। इसमें से अस्सी फीसद पैसा सैन्य मामलों पर खर्च हुआ। अशरफ गनी की सबसे बड़ी चुनौती जनजातीय खांचे में बंटे अफगानिस्तान को काबुल के प्रशासनिक ढांचे में एकजुट करना है। अफगानिस्तान की चारों प्रमुख जनजातियां अपने आप को एक दूसरे से ज्यादा सर्वोच्च समझती रही हैं। संसाधनों पर कब्जे के लिए इनके बीच आपसी संघर्ष है। इन जनजातियों के आपसी संघर्ष को खत्म करना आसान नहीं है। इस जनजातीय संघर्ष को पड़ोसी पाकिस्तान और ईरान हवा देते रहे हैं, क्योंकि इससे इन दोनों मुल्कों के हित सधते हैं। नब्बे के दशक से पाकिस्तान की नजर क्वेटा से अफगानिस्तान होकर तुर्कमेनिस्तान तक जाने वाले आर्थिक गलियारे पर रही है। इस गलियारे पर पाकिस्तान अपना वर्चस्व चाहता है। यह आर्थिक गलियारा अफगानिस्तान के जिन राज्यों से गुजरता है, उस इलाके में पश्तून जनजाति का वर्चस्व है। इन राज्यों में तालिबान 1990 के दशक से काफी मजबूत है। लेकिन क्वेटा से तुर्कमेनिस्तान तक जाने वाला यह आर्थिक गलियारा ईरान सीमा से काफी नजदीक है। ईरान 1990 के दशक से इस गलियारे पर वर्चस्व बनाए रखने के लिए पाकिस्तान की रणनीतियों को विफल करता रहा है। इसलिए राष्ट्रपति गनी को अब हर मोर्चे पर निपटने की तैयारी करनी होगी।

# जीवन का चौराहा

विवेक कुमार मिश्र

**दुनिया मेरे आगे**

जीवन की संरचना समूह के रास्ते बनती है। एक-एक कर अनुभव की जो कड़ी हमारे साथ जुड़ती है, वही धीरे-धीरे जीवन को रचती है। यह जीवन का क्रम चलता तो अकेले है, पर सफर में लोग जुड़ते जाते हैं और जीवन का परिक्षेत्र व्यापक हो जाता है। संसार को जानने के लिए हम आगे बढ़ते हैं और यह आगे बढ़ना संभव तब हो पाता है जब हम समाज में जाते हैं, समाज को देखते हैं और उसके अनुभव से कुछ न कुछ सीखते हैं। ज्ञान की प्रक्रिया एकतरफा नहीं होती। ज्ञान चारों तरफ से आता है, सभी से कुछ न कुछ सीखते हैं। यह लेन-देन ज्ञान की दिशा में एक सामाजिक और सचेत प्रक्रिया का हिस्सा है। यहां कुछ भी अनजाने में नहीं लेते जो कुछ भी ग्रहण करते, उसमें एक स्वीकार का भाव होता।

समाज की प्रक्रिया से जुड़ने के क्रम में संसार के हो जाते हैं और संसार हमारा हो जाता है। इस तरह व्यक्ति और समाज इस ज्ञान संसार में एक दूसरे को जोड़ते हुए जीवन को समृद्ध करते हैं। संसार को जीने के क्रम में एक साथ वह खुद से और समाज से बात करता है। समाज का सामान्य जीवन अनुभव उसके साथ जुड़ कर जीवन को न केवल समझदार बनाता है, बल्कि बड़ा बनाता है। मनुष्य अकेले नहीं रह पाता जीवन के लिए, सामाजिक सत्ता के लिए अपने अस्तित्व के लिए। उसके सारे क्रियाकलाप समाज के बीच होते हैं।

अकेले कोई भी दो-चार दिन रह सकता है। हो सकता है कि कुछ देर कोलाहल से मुक्त रहने के लिए अपने आपको समझने के लिए या जीवन को पढ़ने के लिए यह अकेलापन ठीक लगे। पर यह कुछ समय तक ही ठीक लगता है। बाद में अकेलापन काटने लगता है। जीवन पर भारी लगने लगता है। अकेलेपन से बचने के लिए यों ही आदमी चौराहे, बाजार और जहां कहीं चार-छह लोग बैठे होते हैं, वहां चला जाता है। इस तरह लोगों के बीच आना ही सामाजिक होने की कवायद है। लोगों के साथ रहना उठना-बैठना अच्छा लगता है। जीवन की समझ विकसित होती है। जीवन संसार को जानने के लिए परिवार, समाज, समय और संसार की सांसारिकता मिल कर एक ऐसा अनुभव संसार रच देती है, जिससे जीवन किसी एक के लिए नहीं, पूरे समाज के लिए आसान हो जाता है। यह जीवन का आसान होना ही तकनीक और लोकतांत्रिक चेतना का उदाहरण बनता है। एक न एक खोज करते यह वस्तु पदार्थ से लेकर विचार तकनीक और जीने का रास्ता हो सकता है।

लोगबाग घर में कितने देर रहें! बाहर की खुली हवा ताजगी और बातों का आकर्षण कुछ ऐसा होता है कि चल पड़ते हैं अपनी-अपनी गली और सड़क पर चाय की थड़ी पर या बातों के ठीहे पर या जहां भी चार-छह लोग मिल कर अलाव जलाए हों, वहीं सब इकट्ठे हो जाते हैं। कोहरे धुंध और ठंड की चर्चा के साथ आसपास, समाज और देश, अखबारों की सुर्खियां, वाट्सऐप 'विश्वविद्यालय' की खबरें और जीवन भर की बातें यहां एक सिरे से चल पड़ती हैं। यहां 'अलाय-बलाय' भी रहते हैं, जिन्हें कुछ करना नहीं होता, बस पड़े रहते हैं। पर लोगबाग औह चौराहा इन्हें खपा लेता है। यह समाज की ताकत होती है कि वह अपने हर हिस्से को स्वीकार करता है।

समाज कुछ भी फालतू नहीं समझता। समय-समाज में हर किसी का एक न एक उपयोग होता है या समाज घिस-घिस कर व्यक्ति को उपयोगी बना देता है। हो सकता है कि वह कुछ भी न करे या कुछ भी न करना चाहता हो, पर समाज की सामूहिक चेतना उससे कुछ न कुछ करवा लेती है। यह समाज की कार्य-व्यवहार शक्ति है जो मनुष्य के भीतर मनुष्यता के भाव को जोड़ती है। जब आप सामाजिक शक्ति के रूप में काम करते हैं, यानी आपका कार्य समाज के लिए होता है तो उसका प्रभाव उस हर व्यक्ति पर पड़ता है जो वहां होता है। वह दूर हो या पास, उस पर एक सामाजिक चेतना जन्म ले लेती है कि समाज के लिए हमें कुछ करना है। यह बात दीगर है कि सब अपने आपको खोल नहीं पाते कि सीधे समाज में आकर काम करें। इसीलिए अपना चौराहा, गली, मोहल्ला, पास-पड़ोस मनुष्य मात्र के बीच सामाजिकता पैदा करने के सामाजिक होने के सबसे बड़े प्रशिक्षण स्थल होते हैं।

यह चौराहा है। यहां चाय की थड़ी और अलाव जीवन को समझने के ठीहे बन जाते हैं। यहां से बातों के क्रम में जीवन और समाज को समझने की युक्ति मिल जाती है। यह जीवन और पड़ोस का चौराहा मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, जहां से मानवीय संबंध और अनुभव की पूंजी लिए मनुष्य ज्ञान का सिरा पकड़े चलता है। यहां जीवन और सामाजिक चिंता पर एक साथ बात करते हुए सब सामाजिक और संवेदनशील होते हैं। मनुष्य की चेतना सामूहिक जीवन की होती है। समाज में हर तरह की बातें चलती हैं, जिससे जीवन चलता है। आखिर जीवन चलाना ही सामाजिकता है।

## वंचित किसान

देश में अभी तक कृषि क्षेत्र से संबंधित जितनी भी योजनाएं बनती रही है, उनका लाभ बड़े किसांन को ही मिलता रहा है। लघु और सीमांत किसान इन योजनाओं के लाभ से वचिंत रहे हैं। इसके पीछे ा ध्यान रखा गया है कि देश के समस्त लघु और सीमांत किसानों को इस योजना में शामिल किया जाए। वैसे कृषि योजनाएं बनती तो सबके लिए एक जैसी ही हैं, परंतु उसकी पहुंच लघु और सीमांत किसानों तक नहीं हो पाती है।

लघु एवं सीमांत किसानों की आमद बढ़ाने और खेती से संबंधित जोखिम कम करने के लिए देश में छोटी-छोटी योजनाओं की अपेक्षा अब बड़ी योजनाएं बनाए जाने की ज़रूरत है। वर्तमान में लघु एवं सीमांत किसान खेती को व्यवसाय की तरह न लेकर इसे जिंदगी जीने का एक साधन मानते हैं। अतः छोटे और गरीब किसान किसी भी प्रकार की जोखिम लेने को तैयार नहीं होते हैं। लघु एवं सीमांत किसानों की समस्याएं उन्हें सरकारी अनुदान देकर हल करने की कोशिश की जाती रही है। लेकिन इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाता। ऐसे किसानों के लिए कृषि का व्यवसायिक मॉडल विकसित करने की जरूरत है। कम से कम लागत में ज्यादा से ज्यादा कृषि आय कैसे प्राप्त कर सकें, इस ओर ध्यान देना होगा। इस तरह की योजनाओं में निजी क्षेत्र को मुख्य भूमिका निभानी होगी। अब समय आ गया है जब लघु एवं सीमांत किसानों को भी व्यावसायिक नजरिए वाला व्यक्ति बनाना होगा। छोटे और सीमांत किसानों के पास छोटी-छोटी जोत वाली जमीन होती है। यह भूमि इतनी छोटी होती है कि इस पर उगने वाली फसल की लागत बहुत बढ़ जाती है और उस फसल पर लाभ या तो बहुत कम होता है या नहीं के बराबर होता है। इसलिए लघु एवं सीमांत किसानों को आज संगठित होने की जरूरत है ताकि वे अपनी जमीन मिला कर खेती करें, कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण करें, उत्पादों का स्वयं विपणन करें ताकि आमदनी में इजाफा हो सके। देश में सत्तासी प्रतिशत किसान छोटे एवं सीमांत किसान की श्रेणी के हैं। यदि इस वर्ग की आमदनी में वृद्धि होगी तो बाजार में विभिन्न फसलों और उत्पादों की मांग भी बढ़ेगी, इससे अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। लघु एवं सीमांत किसानों को संगठित करके इनका आकार बढ़ाया जा सकता है। इजराइल जैसे देश में छोटी-छोटी जोत वहां कोई समस्या नहीं है, क्योंकि वहां इन छोटी-छोटी जोतों को प्रोद्योगिकी सहयोग, निवेश की दृष्टि से बहुत ही उचित तरीके से संभाला जाता है। वहां छोटी-छोटी जोतों को मिलाकर तकनीकी का उपयोग कर खेती की जाती है।

● *प्रहलाद सबनानी, लश्कर, (ग्वालियर)*

## दलितों पर अत्याचार

राजस्थान के नागौर जिले में दलित युवकों से मारपीट की घटना मानवता को कलंकित करने वाली है। घटना का वीडियो रूह कंपा देने वाला है। देश में दलितों के लिए कड़ा कानून भी बनाया गया है, लेकिन उत्पीड़न की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। कई जगह दलितों को घोड़ी पर नहीं चढ़ने दिया जाता, आटा चक्की के हाथ लगाने पर पिटाई, पानी के बर्तन छू जाने पर मारपीट जैसी घटनाएं लगातार देखने-सुनने को मिलती हैं। इसी संकीर्ण मानसिकता की वजह से इक्कीसवीं सदी में भी भेदभाव और जातिवाद जैसी बुराइयों को हम खत्म नहीं कर पा रहे हैं। राजनीतिक दल वोट की राजनीति कर रहे हैं और इसीलिए दलितों के घर भोजन करन और रात बिताने जैसे ढोंग करते हैं। लेकिन दलितों के हालात पर चर्चा कोई नहीं करता।

● *महेश कुमार, सिद्धमुख (राजस्थान)*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**




## गरीबी की दीवार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत दौरे को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जिस तरह किसी के घर कोई मेहमान आता है तो सफाई और सजावट की जाती है, उसी तरह अमदाबाद, आगरा और दिल्ली को चमकाया गया है। अमदाबाद में तो पानी की तरह पैसा बहाया गया। ट्रंप के काफिले के बीच पढ़ने वाली एक झुग्गी बस्ती के किनारे दीवार लगा कर उसे ढक दिया गया। इस दीवार को खड़ा करने के सरकार के फैसले का देशभर में विरोध हुआ है। होना भी चाहिए, क्योंकि सरकार को इन झुग्गियों का समाधान पक्के मकानों से करना चाहिए, न एक दीवार खड़ी करके। झुग्गी बस्ती के लोगों का कहना है कि पहले भी किसी वीआइपी की यात्रा के दौरान इन बस्तियों को पर्दे से ढक दिया जाता था। गरीबी मिटाने की जगह छुपाई जा रही है, जो बहुत ही शर्म की बात है।

● *अमन माहेश्वरी, दिल्ली विश्वविद्यालय।*

## जहरीले बयान

चुनाव आते ही नारों का सिलसिला भी शुरू हो जाता है। नारों के सहारे ही राजनीतिक दल वोट साधने की कोशिश करते हैं और यही नारे पार्टी की पहचान भी बन जाते हैं। आजकल राजनीतिक दलों के नारों के अलावा उनके प्रतिनिधियों के नारों की गूंज हर जगह गूंज रही है। हाल में दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर के नारे 'देश के गद्दारों....' ने पार्टी को भारी नुकसान पहुंचाया और इसका नतीजा दिल्ली में भाजपा को करारी हार के रूप में सामने आया।

भारत में नारों का इतिहास पुराना है। एक अच्छा नारा धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा के आधार पर बंटे हुए लोगों को साथ ला सकता है, लेकिन वहीं जहरीले नारे राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा को पलीता लगा देते हैं। अब तो देखने में यही आ रहा है कि ज्यादातर राजनीतिक दलों के नेता ऐसी बयानबाजी करते हैं जो लोगों को एक दूसरे के खिलाफ उकसाते हैं, संप्रदायों के बीच वैमनस्य पैदा करते हैं। एक दूसरे के धार्मिक स्थलों और आस्था पर चोट करते हैं। कभी किसी मुख्यमंत्री को आतंकी कह देते हैं। राजनीतिक दलों को चाहिए कि ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर कारवाई करें।

● *गौतम एस.आर, खंडवा (मध्यप्रदेश)*

www.readwhere.com

# लैंगिक न्याय के लक्ष्य पर आगे बढ़ी है न्यायपालिका : राष्ट्रपति

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने लैंगिक न्याय के लक्ष्य पर आगे बढ़ने के लिए भारतीय न्यायपालिका के प्रयासों की रविवार को प्रशंसा की और कहा कि सुप्रीम कोर्ट हमेशा से सक्रिय व प्रगतिशील रहा है। 'न्यायपालिका और बदलती दुनिया' विषयक अंतरराष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन 2020 में राष्ट्रपति ने कहा कि शीर्ष अदालत ने प्रगतिशील सामाजिक परिवर्तन की अगुआई की है।

उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए लागू दो दशक पुराने विशाखा दिशा-निर्देशों के संदर्भ का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने सेना में महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन और कमान पोस्टिंग देने के हालिया निर्देश का भी जिक्र किया। कोविंद ने कहा- अगर एक उदाहरण दें तो लैंगिक न्याय के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट हमेशा से सक्रिय और प्रगतिशील रहा है।



*राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने* **कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए लागू दो दशक पुराने विशाखा दिशा-निर्देशों के संदर्भ का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन और कमान पोस्टिंग देने के हालिया निर्देश का भी जिक्र किया।**

उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए दो दशक पहले दिशा-निर्देश जारी करने से लेकर सेना में महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने के लिए इस महीने निर्देश जारी करने तक सुप्रीम कोर्ट ने प्रगतिशील सामाजिक परिवर्तन की अगुआई की है। कोविंद ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले अब नौ स्वदेशी भाषाओं में उपलब्ध हैं। जिससे आम लोगों की पहुंच इन फैसलों तक सुगम होगी। साथ ही उन्होंने राष्ट्र की भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए किए गए इस प्रयास को असाधारण करार दिया। कोविंद ने कहा- सुप्रीम कोर्ट की कई क्रांतिकारी सुधार करने के लिए भी प्रशंसा की जानी चाहिए। जिनसे न्याय तक आम लोगों की पहुंच सुगम बनी है। इस अदालत द्वारा पारित ऐतिहासिक फैसलों ने देश के कानूनी एवं संवैधानिक ढांचों को मजबूत किया है।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ एवं बार को अपनी कानूनी विद्वता एवं बौद्धिक विवेक के लिए जाना जाता है। इसने जो हासिल किया है वह न्याय देने के तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली समस्याओं का पता लगाने और उन्हें ठीक करने की मौन क्रांति से कम नहीं है। कोविंद ने पर्यावरणीय संरक्षण एवं सतत विकास के समन्वय में न्यायपालिका की भूमिका का संदर्भ दिया। जिस पर कई देशों में बहुत ध्यान दिया जाता है। सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के मद्देनजर न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों पर राष्ट्रपति ने कहा कि डेटा संरक्षण और निजता के अधिकार जैसे नए प्रश्न उठ गए हैं।

उन्होंने कहा- सूचना प्रौद्योगिकी के उदय के साथ, नए सवाल भी पैदा होए हैं जैसे डेटा और निजता से जुड़े प्रश्न।

कोविंद ने कहा कि अंततः सतत विकास की सबसे अहम चिंता पर अभी से अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है। आपने इन मुद्दों पर व्यापक चर्चा की और चुनौतियों से निपटने के लिए उपाय भी सुझाए। सम्मेलन के सत्रों के लिए, लैंगिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण पर समसामयिक दृष्टिकोण, बदलती दुनिया में संविधान की गतिशील विवेचना, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास का समन्वय और इंटरनेट के युग में निजता के अधिकार का संरक्षण जैसे पांच अहम पहलुओं को चुने जाने से बेहतर कोई और विषय नहीं हो सकते थे। उन्होंने कहा कि ये पहलु वैश्विक समुदाय के प्रत्येक सदस्य को प्रभावित करते हैं। इस बात पर गौर करते हुए कि इन पांच स्पष्ट रूप से परिभाषित विषयों में दुनिया भर में न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियां शामिल हैं, उन्होंने कहा कि लैंगिक न्याय वैश्विक एजंडा पर सबसे ऊपर रहना चाहिए। पिछले दशक में संवैधानिक मूल्यों के संदर्भ में बढ़ते लोकलुभावनवाद पर काफी चर्चा हुई। परिणामस्वरूप, कई को संविधानों पर नए सिरे से नजर डालनी पड़ी। हाल के वर्षों में विश्व बहुत तेजी से और अप्रत्याशित ढंग से बदला है और न्यायपालिका की भूमिका, इन नाटकीय परिवर्तनों के बीच निर्णायक होनी चाहिए।

वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र लाने की तरफ उठाए गए हालिया कदमों से काफी हद तक अदालत का बोझ कम होने की संभावना का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा-मुकदमेबाजी की लंबी प्रक्रिया अपनाने की बजाय मध्यस्थता और समझौते के जरिए विवाद समाधान समस्या को प्रभावी ढंग से परस्पर सहमति से सुलझाने में मदद मिलती है। न्याय प्रक्रिया को गति देने के लिए भारतीय अदालतें नई प्रौद्योगिकियों को अपना रही हैं और कृत्रिम बुद्धिमता की संभावना पर भी विचार कर रही हैं।

## खबर कोना



बॉलीवुड अदाकारा तापसी पन्नू नई दिल्ली में रविवार को अपनी आगामी फिल्म 'थप्पड़' के प्रचार के दौरान।

### हर भारतीय के खून में है धर्मनिरपेक्षता : नायडू

हैदराबाद, 23 फरवरी (भाषा)।

उपराष्ट्रपति एम वैंकेया नायडू ने रविवार को कहा कि धर्मनिरपेक्षता हर भारतीय के खून में समाई है और अल्पसंख्यक किसी दूसरे देश के मुकाबले भारत में कहीं अधिक सुरक्षित हैं, साथ ही उन्होंने कुछ देशों को भारत के अंदरूनी मामलों से दूर रहने की सलाह भी दी। वारंगल में आंध्रा विद्याभी वर्धनी (एवीवी) शिक्षण संस्थान के 75 साल पूरा होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद नायडू ने अपने संबोधन में कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय संस्कृति का मूल भाव है। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया, 'सभी धर्मों का आदर और 'सर्व धर्म समभाव' हमारी संस्कृति है। हमें इसका पालन करते रहना चाहिए।' उपराष्ट्रपति ने देश की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत माता की जय का अर्थ 130 करोड़ भारतीयों की जय है। उन्होंने भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने की कुछ देशों की प्रवृत्ति पर आपत्ति जताई और उन्हें इससे दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा संसदीय लोकतंत्र होने के नाते भारत अपने मामलों से खुद निपट सकता है। नायडू ने कहा कि विकास के लिए शांति पूर्व आवश्यक शर्त है।

### मानव तस्करी के जरिए अमेरिका जाने की सात लोगों की साजिश नाकाम

मुंबई, 23 फरवरी (भाषा)।

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा और केंद्रीय जांच एजंसियों ने एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तानी आतंकवाद का झांसा देकर लोगों को फर्जी तरीके से अमेरिका भेजने के एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि इस गोरखधंधे का सरगना पाकिस्तान मूल का है और वह सात लोगों को अमेरिका भेजने की साजिश में शामिल है जिनके रिश्तेदार पहले से वहां हैं। पुलिस उपायुक्त दत्ता नलावडे ने कहा, 'मानखुर्द पुलिस को 20 फरवरी को एक ई-मेल से सूचना मिली कि पाकिस्तान की एक महिला समेत सात लोगों के मुंबई से दुबई के रास्ते पाकिस्तान जाने की संभावना है।'अधिकारी के अनुसार खुद को रमीश माखन बताने वाले शख्स ने ईमेल में कहा था कि ये सभी आतंकवादी प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान जाएंगे और फिर भारत लौट जाएंगे। उन्होंने कहा कि लेकिन जांच से पता चला कि ये सातों पाकिस्तान नहीं बल्कि कनाडा होते हुए अमेरिका जा रहे हैं। नलावडे ने कहा, 'हमें यह भी पता चला कि प्रेषक का नाम रमीश माखन नहीं बल्कि रिजवान सैयद हैं और वह पाकिस्तान मूल का व्यक्ति है।

### बजट सत्र में सीएए विरोधी प्रस्ताव ला सकती है छत्तीसगढ़ सरकार

रायपुर, 23 फरवरी (भाषा)।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार राज्य विधानसभा के आगामी बजट सत्र में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रस्ताव ला सकती है। सत्र की शुरुआत 24 फरवरी से होगी। संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार सीएए विरोधी प्रस्ताव पेश कर सकती है। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार ने सीएए के विरोध में जारी प्रदर्शनों के मद्देनजर केंद्र से इस कानून को निरस्त करने की अपील करने का फैसला किया था। इस बीच, विपक्षी दल भाजपा ने रविवार को कहा कि वह बजट सत्र के दौरान चुनाव में किए गए वादों को पूरा करने में राज्य सरकार की विफलता और किसानों से जुड़े मुद्दे उठाएंगे। राज्यपाल अनुसुइया उइके सत्र के पहले दिन सदन को संबोधित करेंगी। बजट सत्र का समापन एक अप्रैल को होगा।

# 'पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर एकल कानूनी व्यवस्था की जरूरत'

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसए बोबडे ने रविवार को कहा कि पर्यावरण से जुड़े मुद्दों के लिए कानूनों की एकल व्यवस्था की सबसे ज्यादा जरूरत है क्योंकि ये मुद्दे राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से बाधित नहीं होते। 'न्यायपालिका और बदलती दुनिया' विषय पर अंतरराष्ट्रीय न्यायाधीश सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए बोबडे ने न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों का भी उल्लेख किया और कहा कि संविधान सिर्फ सत्ता में बैठे लोगों पर नजर रखने के लिए नहीं बल्कि वंचित नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए भी है। पर्यावरण से जुड़े मुद्दों की समानता का संदर्भ देते हुए न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा- पर्यावरण से जुड़े मुद्दे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से बाधित नहीं हो सकते। पानी और हवा जमीन और उसके नीचे बिना किसी बाधा के बहते हैं। वनस्पतियों की बढ़ोतरी इंसानों और जानवरों को प्रभावित करती है जबकि इंसान दोनों को प्रभावित करता है। इस संदर्भ में संभवतः कानूनों की एकल व्यवस्था की



सबसे ज्यादा जरूरत है। यह कहा जाता है कि इंसान पृथ्वी के बीज और परजीवी दोनों हैं। हम धरती को जितना देते हैं उससे कहीं ज्यादा वापस ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय देने की प्रतिबद्धता वह धागा है जो दुनियाभर के न्यायाधीशों को जोड़ता है। दुनिया भर में न्यायपालिका के समक्ष साझा चुनौती लैंगिक रूप से न्यायपूर्ण दुनिया सुनिश्चित करने की है। न्यायपालिका संवैधानिक मूल्यों की अभिभावक है और कानून के शासन की प्रतिबद्धता में लोकलुभावन ताकतों का मुकाबला करने के लिए कार्य करती है।



**मेला** नई दिल्ली में रविवार को आयोजित हुनर हाट मेला में देश भर से 50 फीसद से अधिक महिलाओं के साथ मास्टर कारीगरों, शिल्पकारों और पाक विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# कश्मीर पर पाक के राष्ट्रपति की चिंताओं का समर्थन करने से शत्रुघ्न ने किया इनकार

पटना, 23 फरवरी (भाषा)।

कांग्रेस नेता शत्रुघ्न सिन्हा ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के इस दावे को रविवार को खारिज कर दिया कि सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद वहां लगाए गए प्रतिबंधों पर अल्वी की चिंता का समर्थन किया था।

74 वर्षीय सिन्हा पाकिस्तान में एक विवाह में शामिल होने के लिए निजी यात्रा पर वहां गए थे। उन्होंने इसी दौरान अल्वी से अचानक निमंत्रण मिलने के बाद शनिवार को लाहौर स्थित गर्वनर हाउस में मुलाकात की थी।

सिन्हा ने ट्वीट किया, 'पाकिस्तान के



राष्ट्रपति के इस व्यवहार ने हमारे दिल को छुआ और हमने प्रेम, गर्मजोशी, शुक्रिया अदा कर और आभार का भाव व्यक्त कर इसका जवाब दिया। मैं कुछ साल पहले कराची में राष्ट्रपति के पुत्र के विवाह में शामिल हुआ था, इसलिए मैं उनके परिवार से भली भांति परिचित हूं।'

सिन्हा ने कहा कि अल्वी के साथ मुलाकात के दौरान उन्होंने राजनीति पर नहीं, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक मामलों पर बातचीत की। उन्होंने कहा, 'हालांकि बैठक कुछ देर चली, लेकिन यह केवल सामाजिक एवं व्यक्तिगत और आभार व्यक्त करने के लिए शिष्टाचार मुलाकात थी। हमने सामाजिक एवं सांस्कृतिक मामलों से जुड़ी कई बातें कीं लेकिन राजनीति पर कोई चर्चा नहीं की गई।' उन्होंने कहा, 'यह बैठक राजनीतिक या आधिकारिक नहीं थी। अभिनेता से नेता बने सिन्हा का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अल्वी के कार्यालय ने ट्वीट किया था कि सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने के भारत सरकार के पांच अगस्त के फैसले के बाद कश्मीर में लगाए गए प्रतिबंधों पर पाकिस्तान के राष्ट्रपति की चिंताओ का समर्थन किया था।



**गेंदा फूल** जम्मू में रविवार को खेत से गेंदे के फूल एकत्रित करतीं महिलाएं।

## अंतर्देशीय जलमार्ग यात्री जहाज सेवा फिर शुरू करने की योजना

पणजी, 23 फरवरी (भाषा)।

गोवा सरकार शहरों को ग्रामीण इलाकों से जोड़ने वाली अंतर्देशीय जलमार्ग यात्री जहाज सेवा को फिर से शुरू करने की योजना बना रही है। गोवा में पुर्तगाली शासन के दौरान ऐसी जहाज सेवा चलती थी लेकिन 1961 में राज्य को पुर्तगालियों के चंगुल से मुक्त कराए जाने के बाद इसे बंद कर दिया गया। वर्तमान में राज्य नदी नौवहन विभाग छोटे मार्गों पर लोगों को लाने-ले जाने के लिए नौका सेवाएं चलाता है। राज्य के बंदरगाह मामलों के मंत्री माइकल लोबो ने शनिवार को बताया कि छोटे जहाजों का इस्तेमाल कर लोगों को लाने-ले जाने के लिए अंतर्देशीय जलमार्गों के इस्तेमाल के वास्ते राज्यभर में जेटी बनाई जा रही हैं।

# तीन साल में हुनर हाट में तीन लाख कारीगरों को रोजगार के मौके मिले : मोदी

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि पिछले तीन साल में हुनर हाट से करीब तीन लाख कारीगरों को रोजगार के अवसर मिले हैं जिसमें महिलाओं की काफी संख्या है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों खासकर युवाओं को विपरीत परिस्थितियों में अपनी इच्छाशक्ति से हौसला बरकरार रखने का मंत्र देते हुए जीवन में रोमांच की अहमियत को रेखांकित किया। उन्होंने देशवासियों से भारत की जैव विविधता का संरक्षण करने की अपील की।

आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, 'कुछ दिन पहले मैंने दिल्ली के हुनर हाट में छोटी सी जगह में हमारे देश की विशालता, संस्कृति, परंपराओं के दर्शन किए। हुनर हाट में मुझे कई कारीगरों और शिल्पकारों से मिलने का मौका मिला। हुनर हाट में भाग लेने वाले कारीगरों में करीब 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं।' मोदी ने कहा कि हुनर हाट में दिव्यांग महिला की बातें सुनकर बड़ा संतोष हुआ। मोदी ने कहा, 'उन्होंने (महिला) मुझे बताया कि पहले वो फुटपाथ पर अपनी पेंटिंग बेचती थीं लेकिन हुनर हाट से जुड़ने के बाद उनका जीवन बदल गया। आज वो न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि उन्होंने अपना घर भी खरीद लिया है।'



*मन की बात*
**कहा, मुझे कई कारीगरों और शिल्पकारों से मिलने का मौका मिला**

**वायुसेना के विमान एएन-32 में जैव ईंधन का उपयोग** : प्रधानमंत्री ने भारतीय वायु सेना के विमान में जैव ईंधन के इस्तेमाल करने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी, 2020 को लेह के कुशोक बाकुला रिम्पोची हवाईअड्डे से भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान में 10 फीसद जैव ईंधन का मिश्रण किया गया था। ऐसा पहली बार हुआ जब विमान के दोनों इंजनो में इस मिश्रण का इस्तेमाल किया गया। लेह के जिस हवाई अड्डे पर इस विमान ने उड़ान भरी, वह न केवल भारत में, बल्कि दुनिया में सबसे ऊंचाई पर स्थित एयरपोर्ट में से एक है। विमान में इस्तेमाल किया गया जैव ईंधन पेड़ से निकाले गए तेल से तैयार किया गया है। इसे भारत के विभिन्न आदिवासी इलाकों से खरीदा जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं इस बड़े कार्य से जुड़े सभी लोगो को बधाई देता हूं। विशेष रूप से देहरादून स्थित भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के वैज्ञानिकों को, जिन्होनें जैव ईधन से विमान उड़ाने की तकनीक को संभव कर दिया।'

**20 साल पहले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया था ताज का दीदार** | **यादें** | **उस समय आठ हेलिकॉप्टर और 2200 जवान सुरक्षा में थे तैनात**

# ताज की खूबसूरती पर फिदा हो गए थे बिल क्लिंटन

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

हिंदुस्तान के मुगल शहंशाहों से में से एक शाहजहां की मोहब्बत को बयान करता आगरा का ताजमहल दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रंप के दिल में हिंदुस्तान के प्रति मोहब्बत जगा पाएगा या नहीं, यह तो वक्त तय करेगा लेकिन आज से 20 साल पहले जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ताज देखने आए, तो इसकी खूबसूरती पर फिदा हो गए थे। चांदनी रात में दूधिया संगमरमर की चमक उनकी आंखों में कुछ यूं बस गई कि इश्क की इस बेनजीर बानगी को देखकर उन्होंने कहा था-दुनिया में दो तरह के लोग हैं। एक मेरी तरह के जिन्होंने ताज को देखा है और दूसरे वे जिन्होंने ताज को नहीं देखा है।



*कहा था,* **दुनिया में दो तरह के लोग हैं-एक वे हैं जिन्होंने ताज देखा है, दूसरे वे हैं जिन्होंने ताज को नहीं देखा है**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के ताज के दीदार के गवाह रहे उत्तर प्रदेश सरकार के तत्कालीन वजीर अशोक यादव बताते हैं कि उनके दौरे का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि दुनिया भर के लोगों में ताज के दीदार की चाहत बढ़ी और पर्यटकों की लाइन लग गई। सरकार का खजाना भरने में कोई कसर बाकी नहीं रही। बहुत बड़ी संख्या में पर्यटक आगरा आए और ताज को देखा। उन्होंने बताया कि क्लिंटन की यात्रा से पहले रात में ताज के दीदार पर पाबंदी लग गई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट से आग्रह कर यह सुविधा दोबारा चालू कराई गई क्योंकि चांदनी रात में आंखों को मोहित कर देने वाली चमक बिखेरते ताज को देखना अपने आप में एक अलग आनंद देता है और पर्यटकों को यह नजारा लाजिमी तौर पर बेहद भाता है। यादव बताते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा के प्रबंध का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आसमान में आठ हेलिकॉप्टर और धरती पर 2200 जवान तैनात थे। अमेरिकन सुरक्षा एजंसियां इतनी सख्त थीं कि जैड सुरक्षा हासिल होने के बावजूद मुझे खुद भी कई बार इंतजाम देखने के लिए पहुंचने में मशक्कत करनी पड़ती थी और कई बार सुरक्षा अधिकारियों से उलझना भी पड़ता था। उन्होंने कहा कि जिस दिन क्लिंटन को आना था, उस दिन उनके स्वागत के लिए मैं अपने जहाज से चार घंटे पहले आगरा पहुंचा। लेकिन सुरक्षा एजंसियों को इस पर भी एतराज था। उनके ख्याल में उमुझे और पहले पहुंच जाना चाहिए था। क्लिंटन और उनकी बेटी चेलसा के ताज दौरे के दौरान उनके साथ रहे यादव ने कहा कि एक ओर तरफ इतना सख्त पहरा और दूसरी तरफ इतना नर्म और मोम सा पिघला देने वाली क्लिंटन की शख्सियत। उनका कोई सानी नहीं थे। वे बेहद अच्छा वक्ता तो थे ही एक अतिथि के तौर पर भी उनका व्यवहार आप भुला नहीं सकते। यादव ने उम्मीद जताई कि बिल क्लिंटन की तरह ही डोनाल्ड ट्रंप का दौरा भी हमारे देश के लिए बेहद मुफीद साबित होगा और जहां तक ताजमहल का ताल्लुक है, तो निश्चित रूप से विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा करने वाला साबित होगा। अलबत्ता, यह बात जरूर है कि जब क्लिंटन आए थे, तब हम पर बहुत दबाव में थे, अब शायद वैसा दबाव नहीं हो क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में दुनिया में भारत का रुतबा बहुत बुलंद हुआ है।

www.readwhere.com

# दिल्ली विकास मॉडल के नाम पर उत्तर प्रदेश में वोट मांगेगी 'आप'

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 23 फरवरी।

दिल्ली में लगातार तीसरी बार धमाकेदार जीत से उत्साहित आम आदमी पार्टी (आप) अब उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के में जुट गई है। उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव में आप दिल्ली विकास मॉडल के नाम पर वोट मांगेगी। आप के राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने के लिए आप एक महीने तक राष्ट्र निर्माण के लिए पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाएगी। पूरे प्रदेश में 25 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। गौतम बुद्ध नगर समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आप पदाधिकारी रविवार को लखनऊ स्थित चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां से संजय सिंह का काफिला रोड शो करते हुए विधानसभा के पास से निकलते हुए दोपहर करीब डेढ़ बजे कैसरबाग स्थित गांधी भवन पहुंचा। यहां प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं को संजय सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2014 लोकसभा चुनाव में गुजरात मॉडल के नाम पर वोट लिए थे लेकिन गुजरात मॉडल झूठ के सिवा कुछ नहीं था। हाल के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने बताया दिया है कि दिल्ली मॉडल का विकास ही असल विकास है। राजनैतिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में पार्टी जमीनी स्तर पर अपने आप को मजबूत करने में जुट गई है। 22 मार्च तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। अगले 90 दिनों में पार्टी कार्यकर्ता 1.07 लाख गांवों में जाएंगे। भाजपा की तमाम जहरीली बातों और हथकंड़ों के बावजूद दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल सरकार को लगातार तीसरी बार लाई है, जो साबित करती है कि जनता अब नफरत की राजनीति के बजाए विकास देखना चाहती है। उत्तर प्रदेश विधानसभा का अगला चुनाव भी पार्टी विकास के मुद्दे पर लड़ेगी।

उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव 2020 में आप अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता जनता से राय और मुद्दों की जानकारी लेंगे। पार्टी संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इसके बाबत तीन महीने में रिपोर्ट देंगे। शहरी इलाकों में जनाधार मजबूत करने के लिए नगरों के 12 हजार वार्डों में जनसंपर्क किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी और दिल्ली विधानसभा के 15 विधायक प्रदेश में पार्टी की जमीन तैयार करेंगे। इन विधायकों को चुनाव में अहम जिम्मेदारी देकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा।

दूसरी तरफ, रविवार को लखनऊ में विभिन्न दलों व संगठनों से आए लोगों ने संजय सिंह की उपस्थिति में आप की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं का प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने आभार व्यक्त किया। लखनऊ में हो रहे सम्मेलन में गौतम बुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र जादौन के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## अलीगढ़ में पुलिस पर पथराव, इंटरनेट पर रोक

**पेज 1 का बाकी**

जिला प्रशासन ने रविवार आधी रात तक इंटरनेट पर रोक लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान पुलिस की जीप पर पथराव किया और इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। अलीगढ़ परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक प्रीतिंदर सिंह ने बताया कि तुर्कमान गेट इलाके में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों ने पुलिस की एक जीप पर पथराव किया। जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ दिया। प्रदर्शनकारियों द्वारा नजदीक के रविदास मंदिर में पथराव किए जाने की खबर को गलत बताते हुए सिंह ने कहा कि मंदिर में कहीं कोई तोड़फोड़ नहीं हुई है।

उन्होंने बताया कि पुलिस जीप पर पथराव के मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। हम सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाल रहे हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सोशल मीडिया पर 'बाहुबली' बने ट्रंप

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा से पहले सोशल मीडिया पर उनका 'बाहुबली' जमकर वायरल हुआ। एक मीम वीडियो में बहुचर्चित फिल्म 'बाहुबली-2 द कनक्लूजन' फिल्म के कुछ दृश्यों को संपादित कर राष्ट्रपति ट्रंप को बाहुबली के तौर पर दिखाया गया है। ट्रंप ने इस वायरल हो रहे मीम को अपने ट्विटर अकाउंट से रीट्वीट किया है। अपने रीट्वीट में उन्होंने लिखा, 'भारत में अपने शानदार दोस्तों से मिलने के लिए उत्सुक हूं।'

ट्विटर हैंडल @Silmemes1 से एक मिनट 21 सेकंड का वीडियो जारी किया गया, जिसमें एनीमेशन में किरदारों के साथ भारत और अमेरिका की दोस्ती को दिखाया गया है। इस क्लिप में इवांका ट्रंप, मेलानिया ट्रंप और ट्रंप जूनियर के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पत्नी जशोदाबेन को भी दिखाया गया है। भारत यात्रा पर निकलने के महज कुछ घंटे पहले ट्रंप ने यह वीडियो रीट्वीट किया, जिसमें फिल्म के अभिनेता प्रभास के चेहरे पर खुद उनका चेहरा मोर्फ कर लगा हुआ है। पार्श्व में चल रहे गाने- 'जियो रे बाहुबली' में फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप को भी दिखाया गया है, जिसका चेहरा फिल्म में शिवगामी की भूमिका में रही राम्या कृष्णन के चेहरे पर सुपर इंपोज किया गया है। इस वीडियो में यह देखा जा सकता है कि ट्रंप घोड़े पर बैठकर युद्धभूमि में तलवार भांजते हुए वीरों की तरह आगे बढ़ रहे हैं।

इस वीडियो का अंत 'अमेरिका और भारत युनाइटेड' लिखते हुए होता है। इस वीडियो को ट्वीट किए जाने के शुरुआती दो घंटे में ही इसे करीब 17 हजार बार शेयर किया गया। ट्रंप के ट्वीट के बाद ट्विटर पर इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई। 24 घंटे के भीतर 18 लाख से ज्यादा लोग इसे देख चुके हैं। कुछ दिनों पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' फिल्म की तारीफ में भी एक ट्वीट करते हुए अपने देश के खास वर्ग को संबोधित किया था।

## अमेरिका में आव्रजन के नए नियम से भारतीयों को दिक्कत

**पेज 1 का बाकी**

नागरिक प्रभावित हो सकते हैं जिनके पास एच-1बी वीजा हैं और जो लंबे समय से स्थायी कानूनी निवास की अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

वाइट हाउस की प्रेस सचिव स्टेफनी ग्रीशम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद होमलैंड सुरक्षा विभाग सोमवार को अपना कानून लागू कर पाएगा।' उन्होंने कहा, 'इस फैसले से कठिन परिश्रम कर रहे अमेरिकी करदाताओं को सुरक्षा मिलेगी, वास्तव में जरूरतमंद अमेरिकियों के लिए कल्याण /इ /इ /इबाकी पेज 8 पर /इयोजनाएं सुरक्षित होंगी, संघीय घाटा कम होगा। यह मौलिक कानूनी सिद्धांत पुनः स्थापित होगा कि हमारे समाज में आने वाले नए लोग वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर हों और अमेरिका के करदाताओं पर बोझ न बनें।'

14 अगस्त, 2019 को प्रकाशित अंतिम नियम को 15 अक्तूबर, 2019 से लागू करना था लेकिन अदालतों के विभिन्न फैसलों के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका था। इस कानून से होमलैंड सुरक्षा विभाग यह पहचान करेगा कि कौन विदेशी नागरिक देश में रहने योग्य नहीं है और क्यों उसे अमेरिका में स्थायी निवास की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि वह विदेशी भविष्य में कभी भी 'पब्लिक चार्ज' बन सकता है।

अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा के अनुसार नए कानून में स्थायी निवास की अनुमति मांग रहे व्यक्ति को यह दिखाना होगा कि उसने गैरप्रवासी दर्जा हासिल करने के बाद से वित्तीय फायदे वाली योजनाओं का लाभ नहीं उठाया। माइग्रेशन पॉलिसी इंस्टीट्यूट रिपोर्ट, 2018 के अनुसार 61 फीसद गैर नागरिक बांग्लादेशी परिवारों, 48 फीसद गैर-नागरिक पाकिस्तानी और 11 फीसद गैर नागरिक भारतीय परिवारों ने जन लाभ हासिल किए जिनकी नए कानून के अनुसार जांच की जाएगी।

## दूरसंचार उद्योग को राहत देने पर चर्चा के लिए बैठक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

दूरसंचार विभाग और अन्य प्रमुख मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों की रविवार को बैठक हुई। यह बैठक कंपनियों पर सांविधिक बकायों मामले से परेशान दूरसंचार उद्योग को राहत देने के उपायों पर चर्चा के लिए हुई। दूरसंचार उद्योग बड़े पैमाने पर सांविधिक बकाए के कारण अप्रत्याशित संकट से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है। यह बैठक दूरसंचार विभाग में हुई और करीब एक घंटे चली। समझा जा रहा है कि बैठक में सरकार के समक्ष उपलब्ध उन विकल्पों पर विचार किया गया जो समायोजित सकल आय (एजीआर) के बकाए से प्रभावित उद्योग को उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

भारती एअरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल ने पिछले हफ्ते सरकार से शुल्क और करों में छूट देने की अपील की थी ताकि अप्रत्याशित संकट से क्षेत्र को उबारा जा सके।

रविवार को हुई बैठक के बारे में अधिकारियों ने कुछ भी कहने से मना कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में नीति आयोग और वित्त मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। दूरसंचार विभाग के सचिव अंशु प्रकाश से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं मिल पाई है।

यह बैठक ऐसे समय हुई है जब दूरसंचार कंपनियां 1.47 लाख करोड़ रुपए के सांविधिक बकाया लौटाने से जूझ रहे हैं। इसमें 92,642 करोड़ लाइसेंस शुल्क के रूप में व 55,054 करोड़ रुपए स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क के रूप में बकाया है। इस बकाए में ब्याज और जुर्माना शामिल हैं। कुल बकाए में करीब 60 फीसद एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया इन दो कंपरनियों पर बकाया है।

## सीएपी का जमीन आबंटन रद्द

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

संसद और संसद से बाहर राजनीतिक दलों की गतिविधियों के विश्लेषण व शोध के लिए पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर द्वारा स्थापित संस्था 'सेंटर आफ एप्लाइड पालिटिक्स' (सीएपी) को मध्य दिल्ली में आबंटित भूखंड का आबंटन, सरकार ने संस्था द्वारा आबंटन शर्तों का उल्लंघन किए जाने के कारण रद्द कर दिया है। आवास व शहरी विकास मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत भूमि व विकास विभाग ने सीएपी को 1977 में मध्य दिल्ली स्थित आईटीओ के पास आईपी इस्टेट में 2000 वर्ग गज का भूखंड आबंटित किया था। लेकिन कालांतर में यह संस्था कार्यरत नहीं होने और इसके नाम पर कुछ अन्य लोगों द्वारा भू आबंटन की शर्तों का उल्लंघन करने के कारण विभाग ने इसका आबंटन रद्द कर दिया।

भूमि व विकास अधिकारी अमित कटारिया द्वारा 12 फरवरी को जारी आदेश के अनुसार विभाग ने सीएपी का आबंटन रद्द कर संस्था द्वारा भूखंड पर किए गए अतिक्रमण को भी हटा दिया है। उल्लेखनीय है कि संस्था का संचालन आबंटित भूखंड पर निर्मित 'नरेंद्र निकेतन' नामक अस्थाई भवन से किया जा रहा था। विभाग ने आदेश के अनुपालन में समूचे परिसर को पिछले हफ्ते शुक्रवार को खाली करा कर इसका कब्जा अपने क्षेत्राधिकार में ले लिया। आदेश में कहा गया है कि नरेंद्र निकेतन परिसर में विभाग द्वारा 2015 और 2016 में किए गए निरीक्षण में भी संपत्ति का दुरुपयोग किए जाने की बात सामने आई थी। सीएपी के महासचिव एचएन शर्मा के नाम जारी आदेश के अनुसार- सीएपी 'नरेंद्र निकेतन' को भूखंड के आबंटन की शर्तों के उल्लंघन को देखते हुए इसका आबंटन तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किया गया है। आबंटन की शर्तों के मद्देनजर आवंटित भूखंड पर संस्था द्वारा किया गया अस्थाई निर्माण कार्य और अन्य सामग्री आवंटी (विभाग) के क्षेत्राधिकार में आ जाएगी।

## चीन को कुछ चिकित्सकीय उपकरणों के निर्यात पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

भारत ने रविवार को कहा कि देश में कुछ चिकित्सा उपकरणों की कम आपूर्ति के मद्देनजर चीन में उनके निर्यात पर कुछ प्रतिबंध लगाए गए हैं और प्राधिकारियों ने कोरोना वायरस के संबंध में डब्ल्यूएचओ के परामर्श के अनुसार ही एहतियाती कदम उठाए हैं।

प्रवक्ता के इस बयान से पहले चीन ने उम्मीद जताई थी कि भारत उसके देश में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पैदा हो रही स्थिति की समीक्षा 'वस्तुपरक व तर्कसंगत' तरीके से करेगा और द्विपक्षीय व्यापार व लोगों का आवागमन बहाल करेगा। चीनी दूतावास की प्रवक्ता जी रोंग ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस संक्रमण के बाद चीन में हर प्रकार के यात्रा व व्यापार प्रतिबंधों का कई बार विरोध किया है।

## बहुत से पद खाली हैं कांग्रेस में

**पेज 1 का बाकी**

संगठन में बदलाव की प्रक्रिया लगातार चल रही है और आने वाले समय में पार्टी के विभागों एवं प्रकोष्ठों में रिक्त पदों को भर दिया जाएगा। पार्टी के 20 से अधिक विभागों व प्रकोष्ठों में से तीन- 'विधि, मानवाधिकार एवं आरटीआइ विभाग', 'अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस' और 'अखिल भारतीय किसान कांग्रेस' के अध्यक्ष के पद लंबे समय से खाली हैं।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद 'विधि विभाग' के अध्यक्ष विवेक तन्खा ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अब तक इस विभाग के अध्यक्ष पद पर किसी नए व्यक्ति की नियुक्ति नहीं की गई। आदिवासी समुदाय में पार्टी का आधार बढ़ाने के मकसद से काम करने वाले 'अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस' के अध्यक्ष का पद पिछले एक वर्ष से रिक्त है। पूर्व केंद्रीय मंत्री किशोर चंद्र देव ने लोकसभा चुनाव से पहले आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। फिलहाल कांग्रेस का यह विभाग इसके दो उपाध्यक्षों महेंद्रजीत सिंह मालवीय और श्यामसुंदर हंसदाह की अगुआई में चल रहा है। पार्टी का एक और महत्त्वपूर्ण प्रकोष्ठ 'किसान कांग्रेस' भी पिछले तीन महीनों से अध्यक्ष के बिना काम कर रहा है। पिछले साल नवंबर में महाराष्ट्र में शिवसेना-कांग्रेस-राकांपा की सरकार बनने के बाद किसान कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले विधानसभा अध्यक्ष बन गए थे। इसके बाद किसान कांग्रेस का अध्यक्ष पद खाली है।

यही नहीं, 'ओबीसी विभाग' के अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ में गृह मंत्री भी हैं। वे पिछले 14 महीने से दोनों पदों पर हैं। इसी तरह 'अनुसूचित जाति विभाग' के अध्यक्ष नितिन राउत तीन महीने पहले महाराष्ट्र सरकार में मंत्री बन गए। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी अपने इन दोनों विभागों के लिए नए अध्यक्ष नियुक्ति कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक कई अन्य विभागों में विभिन्न पद खाली हैं। मसलन, करीब डेढ़ साल पहले बने 'सिविक एंड सोशल आउटरीच कांग्रेस' में अध्यक्ष और सचिव के अलावा किसी अन्य पदाधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई है।

कांग्रेस के विभागों-प्रकोष्ठों में पदों के खाली होने के बारे में पूछे जाने पर पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि संगठन में विभिन्न स्तर पर लगातार बदलाव और नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। आने वाले समय में खाली पदों पर नियुक्ति कर दी जाएगी। पार्टी के कई विभाग-प्रकोष्ठ सिर्फ पदों के खाली होने की मुश्किल से नहीं जूझ रहे हैं, बल्कि कुछ तो निष्क्रियता की स्थिति में पड़े हैं।

## शहरों को छोड़कर गावों में जा बसी हैं गौरैया

**पेज 1 का बाकी**

संख्या कम हो रही है। हालांकि मोबाइल टावरों से निकलने वाली हानिकारक किरणों के चलते इस चिड़िया के शहर छोड़ने की बात भी अटकल ही है क्योंकि मौजूदा साक्ष्य इसकी गवाही नहीं देते।

विशेषज्ञों का कहना है कि चिड़िया के महानगरों से दूर जाने की वजह दाने-चुग्गे की कमी, घोंसले बनाने की जगह नहीं मिलना और ध्वनि तथा प्रकाश प्रदूषण हो सकता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई जब गौरैया के लगातार गायब होने की चिंता जताई जा रही है। उसको बचाने के लिए अनेक अभियान शुरू किए गए हैं। कहा यही जा रहा है कि मोबाइल फोन टॉवर से निकलने वाली किरणों, कीटनाशकों के कारण गौरैया लुप्त हो रही है। दिल्ली और बिहार में घरेलू गौरैया (हाउस स्पैरो) को राजकीय पंछी घोषित किया जा चुका है और 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। रपट 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड 2020' 17 फरवरी को गांधी नगर में जारी की गई। भारत में पक्षी, पखेरूओं, परिंदों की स्थिति पर यह अपनी तरह की पहली विस्तृत रपट है।

इस रिपोर्ट में भारत में मिलने वाली पक्षियों की 1300 से अधिक प्रजातियों में से 867 का विश्लेषण किया गया है। यह रपट मोटे तौर पर 15,000 पक्षी प्रेमियों द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि पिछले लगभग 25 साल में 126 प्रजातियों में कोई कमी या बढ़ोतरी नहीं हुई।

डा डूकिया के अनुसार यह रपट अपने आप में अच्छी पहल है क्योंकि अब तक हमारे पास भारतीय पक्षियों पर इतने बड़े पैमाने पर डेटा उपलब्ध नहीं था। चिड़िया की बात हो रही है तो बताते चलें कि इसका वैज्ञानिक नाम पासर डोमेस्टिक है। देश के विभिन्न हिस्सों व अलग अलग भाषाओं में से इसे चिरैया, झिरकी, चिरी, चेर, चराई पाखी, घराछतिया, चकली, चिमनी, पिछुका, गुबाच्ची और कुरूवी के नाम से जाना जाता है।

## ट्रंप का कार्यक्रम

**पेज 1 का बाकी**

ट्रंप और मेलानिया 150 मिनट अमदाबाद में रुकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति का काफिला दोपहर बाद 3:30 बजे आगरा के लिए रवाना होगा।

**24 फरवरी, आगरा**

ट्रंप और मेलानिया शाम 16:45 बजे आगरा पहुंचेंगे। 17: 15 बजे ताजमहल का भ्रमण करेंगे।

18:45 बजे दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

19: 30 बजे दिल्ली पहुंचेंगे।

**मंगलवार, 25 फरवरी**

राष्ट्रपति भवन में सुबह 10 बजे अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का औपचारिक स्वागत। गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे।

10.30 बजे ट्रंप और मेलानिया राजघाट जाएंगे, जहां वे महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

11.00 बजे नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता होगी।

12:40 बजे हैदराबाद हाउस में सहमति पत्रों का आदान-प्रदान होगा और दोनों राष्ट्राध्यक्ष साझा बयान जारी करेंगे। दोपहर के भोज के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति की विदेश मंत्री एस जयशंकर और उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू से मुलाकात होगी। मेलानिया ट्रंप दिल्ली स्थित सरकारी स्कूल के 'हैप्पीनेस क्लास' का दौरा करेंगी।

दोपहर तीन बजे ट्रंप अमेरिकी दूतावास में भारतीय उद्योगपतियों से मिलेंगे।

रात आठ बजे राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज। रात को 10 बजे ट्रंप और मेलानिया अमेरिका के लिए रवाना होंगे।

## सीएए विरोधियों और समर्थकों में भिड़ंत

**पेज 1 का बाकी**

बाद पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी। जाफराबाद में शनिवार रात प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर गए और जाफराबाद मेट्रो के नीचे सड़क को जाम कर दिया। पुलिस ने बल प्रयोग कर सड़क को खाली कराया लेकिन थोड़ी देर बाद फिर महिलाएं मेट्रो स्टेशन के नीचे धरने पर बैठ गईं। जाफराबाद में प्रदर्शन को देखते हुए चांदबाग, खुरेजी और यमुना विहार के नूर ए इलाही में धरने पर बैठी महिलाएं रविवार को सड़क पर उतर आईं। उन्होंने धरनास्थल के पास सड़क को जाम कर दिया। चांदबाग से जाने वाले वजीराबाद मार्ग पर महिलाओं ने जाम लगा दिया। दूसरी ओर सीएए और एनआरसी के समर्थन में भाजपा नेता कपिल मिश्रा और स्थानीय पार्षद कुसुम तोमर समर्थकों के साथ मौजपुर चौक पर पहुंचे। वहां धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। मिश्रा ने कहा कि प्रदर्शन का क्या यह कोई तरीका है? इस इलाके को शाहीन बाग नहीं बनने देंगे। सड़कें बाधित करने से 35 लाख लोग प्रभावित हुए है। उनके पास यमुना पार जाने का कोई और रास्ता नहीं है।

दोनों समूहों के बीच दोपहर बाद झड़प हो गई और दोनों ने एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। पुलिस ने कर्दमपुरी की ओर बढ़ रहे सीएए समर्थक प्रदर्शनकारियों को बीच रास्ते में रोक दिया। कर्दमपुरी में सीएए विरोधी प्रदर्शनकारी थे। संयुक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी रेंज) आलोक कुमार ने कहा कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर रहे हैं। हालात नियंत्रण में हैं।

मिश्रा ने ट्वीट किया, 'हमने दिल्ली पुलिस को सड़क खाली कराने के लिए तीन दिन का समय दिया है। जाफराबाद और चांदबाग की सड़क खाली कराएं।' मिश्रा ने वीडियो भी ट्वीट किया, जिसमें वह सभा को संबोधित करते हुए कह रहे हैं, 'वे (प्रदर्शनकारी) दिल्ली में तनाव पैदा करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने सड़कें बंद कर दी हैं। इसीलिए उन्होंने यहां दंगे जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। हमने कोई पथराव नहीं किया।' उन्होंने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत में रहने तक, हम इलाके को शांतिपूर्वक छोड़ रहे हैं। इसके बाद अगर तब तक सड़कें खाली नहीं हुईं तो हम आपकी (पुलिस की) नहीं सुनेंगे।'

पथराव के कई वीडियो भी वायरल हुए जिसमें पुलिसकर्मियों को पथराव कर रहे लोगों को हटाते हुए देखा गया। भारी संख्या में अर्धसैनिक बल व पुलिस पहुंच गई। देर शाम पत्थरबाजी रुकी, लेकिन मौहाल तनावपूर्ण रहा। पुलिसकर्मी पथराव के बीच दोनों पक्ष के लोगों को दौड़कर पकड़ने की कोशिश करते दिखे। जो भी पकड़ में आया, उसकी जमकर पिटाई कर दी। युवक की पिटाई के दौरान कपड़े भी फाड़ दिए। हालांकि एक युवक को गोली के छर्रे लगने की बात सामने आई, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। पुलिस इसकी जांच कर रही है। पथराव के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें लगी थी। प्रदर्शनकारियों ने एक-दूसरे पर हमला करते हुए पुलिस बैरीकेडिंग को भी तोड़ दिया।

## 'यौन उत्पीड़न कानून के बेजा इस्तेमाल की अनुमति नहीं'

**पेज 1 का बाकी**

जा सकती। अदालत ने केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी को राहत प्रदान की जिस पर एक महिला अधिकारी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। अदालत ने साथ ही यह भी कहा कि प्रशासनिक प्रमुख या प्रमुख को काम कराने का पूरा अधिकार है और उसके पास अपने विवेक और विशेषाधिकार हैं। न्यायमूर्ति एम सत्यनारायणन और न्यायमूर्ति आर हेमलता के पीठ ने ट्रेड मार्क्स एंड जीआइ, भारतीय बौद्धिक संपदा, चेन्नई के डिप्टी रजिस्ट्रार वी नटराजन की अर्जी स्वीकार करते हुए उनके खिलाफ केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण और जिला स्थानीय शिकायत कमेटी (एलसीसी) के आदेशों को रद्द कर दिया।

पीठ ने शनिवार को जारी आदेश में कहा, 'ऐसा प्रतीत होता है कि शिकायतकर्ता ने याचिकाकर्ता के साथ अपना व्यक्तिगत मामला निपटाने के लिए एक व्यर्थ प्रयास किया है। प्रत्येक कार्यालय को कुछ शिष्टाचार बरकरार रखना होता है।' पीठ ने कहा कि यदि किसी महिला कर्मचारी के साथ उसकी अक्षमता या किसी अन्य आधिकारिक कारणों से भेदभाव किया जाता है तो उसके लिए रास्ता शिकायतकर्ता द्वारा अपनाया गया रास्ता नहीं है।

पीठ ने कहा, 'हालांकि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए समानता और सौहार्दपूर्ण कार्यस्थल बनाना है, जिसमें उनकी गरिमा और आत्मसम्मान की रक्षा हो, लेकिन महिलाओं द्वारा इसका किसी को परेशान करने के लिए दुरुपयोग की अनुमति नहीं दी जा सकती।' महिला अधिकारी ने 2 दिसंबर, 2013 को याचिकाकर्ता के खिलाफ रजिस्ट्रार एंड कंट्रोलर जनरल ऑफ ट्रेड मार्क्स एंड जीआइ एंड पेटेंट्स एंड डिजाइन के पास एक शिकायत दी थी। महिला अधिकारी ने उक्त शिकायत में उन पर दुर्व्यवहार और अभिमानी व्यवहार का आरोप लगाया था और कहा था कि इससे उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंची।

रजिस्ट्रार एंड कंट्रोलर जनरल ने अधिनियम के अनुसार एक आंतरिक शिकायत कमेटी (आइसीसी) का गठन किया था।

## मंदिर निर्माण पहले के मॉडल के अनुरूप ही : चंपत

**पेज 1 का बाकी**

हिंदू परिषद व राम जन्मभूमि न्यास के मॉडल के अनुरूप ही मंदिर का निर्माण होना चाहिए। प्रस्तावित गर्भगृह की भूमि की मिट्टी का पहले परीक्षण कराया जाएगा और उसके बाद ही शिलान्यास कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि न्यास के पास प्रस्तावित मंदिर के मॉडल और आकार को विस्तार देने सहित कई तरह के सुझाव आ रहे हैं, लेकिन बदलाव करने से समय ज्यादा लगेगा और खर्च भी बढ़ जाएगा। पहले से तैयार मॉडल के अनुरूप मंदिर बनाने से सभी पत्थर काम आ जाएंगे, जिनको मापकर तराशा गया है।

मंदिर को भव्य रूप देने और आकार बढ़ाने के सुझाव पर चंपत राय ने कहा कि रामजन्मभूमि न्यास की ओर से प्रस्तावित मॉडल के अनुरूप ही मंदिर का निर्माण होना चाहिए। राम जन्मभूमि पर गगनचुंबी मंदिर के न्यास के प्रस्तावित मॉडल को खारिज किया जाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण उसी मॉडल पर किया जाना चाहिए, जो तीन दशकों से समाज के मानसपटल पर अंकित है और कार्यशाला में उसी के अनुरूप पत्थरों का तराशने का काम चल रहा है। मॉडल में बदलाव से राम मंदिर निर्माण में काफी समय लगेगा। प्रस्तावित राम मंदिर पर भूमि पूजन या शिलान्यास की तारीख के बारे में महासचिव ने कहा कि सबसे पहले पुरातात्विक और स्थापत्य कला के विशेषज्ञ, इंजीनियर एक साथ बैठेंगे और भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा से विचार विमर्श करेंगे। एक पहलू यह भी है कि जहां गर्भगृह बनना है, उस भूमि की मिट्टी का परीक्षण होगा और उसके बाद ही शिलान्यास संभावित है।

चंपत राय के मुताबिक, वैसे भी मंदिर का शिलान्यास तो 1989 में कामेश्वर चौपाल ने कर दिया था, जो तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य भी बनाए गए हैं। हालांकि नए सिरे से निर्माण से पहले पूजन की परंपरा रही है और इन सभी विषयों पर ट्रस्ट की बैठक में चर्चा होगी।

## 'नेतृत्व का मुद्दा पहले हल करे पार्टी'

**पेज 1 का बाकी**

को लेकर अनिश्चितता का समाधान करना पार्टी को फिर से खड़ा करने के लिए बड़ा महत्त्वपूर्ण है। थरूर ने एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि यह राहुल गांधी की इच्छा पर निर्भर करता है कि वे कांग्रेस प्रमुख के रूप में लौटना चाहते हैं या नहीं, लेकिन यदि वे अपना पिछला रुख नहीं बदलते हैं तो ऐसे में पार्टी के लिए 'सक्रिय और पूर्णकालिक नेतृत्व' तलाशने की जरूरत है ताकि पार्टी आगे बढ़ सके जैसा कि राष्ट्र अपेक्षा करता है। पिछले हफ्ते कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्लूसी) के चुनाव की फिर मांग कर चुके तिरुवनंतपुरम के सांसद ने कहा कि पार्टी का निर्णय लेने वाली इस शीर्ष समिति के कुछ सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया से एक ऐसी ऊर्जावान नेतृत्व टीम सामने आएगी जिसके पास संगठन की चुनौतियों का हल करने के लिए मिलकर काम करने का अधिकार होगा।

उन्होंने कहा कि हम जैसे कई लोगों के लिए तत्काल चिंता का विषय यह है कि ऐसा लगता है कि लोगों में यह धारणा बढ़ती जा रही है कि बतौर राजनीतिक निकाय हम डांवाडोल हैं। थरूर ने कहा कि इसकी वजह से स्वाभाविक रूप से कुछ मतदाता अन्य राजनीतिक विकल्पों पर सोचने लगते हैं और सबसे हाल का इसका उदाहरण दिल्ली में देखा गया जहां मतदाता आप (आम आदमी पार्टी) के साथ चले गए और कुछ हद तक भाजपा के खेमे में भी चले गए। कांग्रेस शून्य रही। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लेकिन ऐसा करने के लिए हमें वर्तमान नेतृत्व मुद्दा हल करने की जरूरत है। हमें अंतरिम के विपरीत दीर्घकालिक कांग्रेस अध्यक्ष और कार्यसमिति की 'निर्वाचित सदस्यता' के साथ शुरुआत करने की जरूरत है। थरूर ने कहा कि वह पार्टी में इन पदों के लिए स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव के पैरोकार हैं क्योंकि ऐसी प्रक्रिया से उनकी (निर्वाचित व्यक्तियों की) विश्वसनीयता एवं वैधता खूब बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि सीडब्लूसी ने सोनिया गांधी के रूप में शानदार अंतरिम हल ढूंढा लेकिन पार्टी अनिश्चितकाल तक एक ऐसे अध्यक्ष पर निर्भर और बोझ बनकर नहीं रह सकती है जिन्होंने दो साल से भी कम समय पहले ही यह पद छोड़ दिया था, ऐसा करना न तो उनके लिए और न ही मतदाताओं के लिए उचित होगा।

थरूर ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में गांधी या गैर गांधी के बार-बार उठने वाले सवाल में असल स्थिति को भुला दिया जाता है। थरूर से जब यह यह पूछा गया कि कहीं समस्या यह तो नहीं है कि बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि फिलहाल मुद्दा खासकर गांधी परिवार के सदस्यों के सामने इन चिंताओं को उठाने की असमर्थता को लेकर है। यह बेहद महत्त्वपूर्ण है कि हम और देर न करें और मिलकर आगे बढ़ें। दीर्घकालिक नेतृत्व की अनिश्चतता का हल हमारे फिर से उठ खड़े होने की प्रक्रिया का अपरिहार्य पहलू है। इससे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि यदि राहुल गांधी (पार्टी प्रमुख के रूप में) वापस लौटने के लिए तैयार नहीं होते हैं तो क्या प्रियंका गांधी को नेतृत्व की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, उन्होंने कहा कि वह किसी भी कांग्रेस नेता के पक्ष या विरोध में नहीं हैं जो अपना नाम पेश करना चाहते हैं।



www.readwhere.com

## खबर कोना



जर्मनी में 70वें बर्लिनेल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री जूलिया गार्नर।

### जापान के सम्राट के 60वें जन्मदिन का उत्साह ठंडा

तोक्यो, 23 फरवरी (एपी)।

जापान के सम्राट नारुहितो ने अपने 60वें जन्मदिन पर कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति प्रकट की। उनके जन्मदिन पर हजारों शुभचिंतकों के राजमहल के बाहर जुटने की परंपरा रही है लेकिन इस साल इसे रद्द कर दिया गया है। रविवार को नारुहितो का जन्मदिन खास है क्योंकि सम्राट बनने के बाद यह उनका पहला जन्मदिन है। जापान के राशि चक्र कैलेंडर के अनुसार 60 साल को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। कोरोना वायरस के खतरे के बीच सम्राट के जन्मदिन को लेकर उत्साह गायब सा है।

### ईस्टर संडे हमलाः श्रीलंका ने छह सदस्यीय टीम नियुक्त की

कोलंबो, 23 फरवरी (भाषा)।

श्रीलंका की सरकार ने पिछले साल ईस्टर संडे पर हुए आतंकवादी हमले की चल रही जांच को तेज करने और प्रामाणिक जानकारी एकत्र करने के लिए पुलिस की मदद के वास्ते रविवार को छह सदस्यीय टीम नियुक्त की है। इस हमले में 250 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने 21 अप्रैल को हुए हमले की जांच तेज करने का निर्णय लिया है। बयान के अनुसार हमले की जांच को तेज करने के लिए पुलिस की मदद करने के वास्ते छह सदस्यीय टीम की नियुक्ति की गई है और जांच की प्रगति पर रक्षा मंत्रालय को साप्ताहिक रपट सौंपी जाएगी।

### यूएन प्रस्ताव से बाहर निकलने की घोषणा करेगा श्रीलंका

कोलंबो, 23 फरवरी (भाषा)।

श्रीलंका के विदेश मंत्री दिनेश गुणवर्धने युद्ध अपराधों पर जवाबदेही से संबंधित 2015 के संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद प्रस्ताव से कोलंबो के बाहर निकलने की बुधवार को आधिकारिक घोषणा करेंगे। वह परिषद के सत्र में अपने संबोधन के दौरान यह एलान करेंगे। गुणवर्धने के कार्यालय ने यह जानकारी दी।श्रीलंका ने अपने यहां 2009 तक चले गृहयुद्ध के दौरान कथित मानवाधिकार उल्लंघन की जांच के लिए अमेरिका और ब्रिटेन सहित 11 अन्य देशों के साथ प्रस्ताव को सहप्रायोजित किया था। गुणवर्धने जिनेवा में मानव अधिकार परिषद (एचआरसी) के 43वें सत्र में अपने संबोधन के दौरान बुधवार को यह घोषणा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विदेश सचिव रविनाथ आर्यसिन्हा ने सत्र से पहले जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की अध्यक्ष एलिजाबेथ टिची-फिस्लबर्जर को प्रस्ताव से बाहर निकलने के श्रीलंका के फैसले से अवगत करा दिया है।

### नवाज शरीफ थे कठपुतली प्रधानमंत्री : बिलावल

लाहौर, 23 फरवरी (भाषा)।

विपक्षी दलों की एकता के बयान से पलटते हुए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि इमरान खान की तरह ही पीएमएल-एन के प्रमुख नेता नवाज शरीफ भी कठपुतली प्रधानमंत्री थे। बिलावल के हवाले से 'डॉन न्यूज' ने खबर में कहा, 'इमरान खान से पहले, नवाज शरीफ कठपुतली प्रधानमंत्री थे।' शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ पर निशाना साधते हुए पीपीपी नेता ने कहा, 'सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की तरह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) भी संसद को महत्व नहीं देती है।

# जापानी जहाज में चार भारतीय और संक्रमित, संख्या हुई 12

तोक्यो, 23 फरवरी (भाषा)।

जापान तट के पास खड़े क्रूज पोत पर चालक दल के चार भारतीय सदस्य 'कोविड-19' की जांच में पॉजीटिव पाए गए हैं।

भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा कि सभी परिणाम आने के बाद जिन लोगों में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है, उन्हें घर लाने में मदद की जाएगी। दूतावास ने बताया कि इसी के साथ पोत पर सवार संक्रमित भारतीयों की कुल संख्या 12 हो गई है। कोरोना वायरस के संक्रमण से होने वाली बीमारी को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने औपचारिक नाम 'कोविड-19' दिया है।

जहाज को पृथक रखने की अवधि पिछले सप्ताह खत्म होने के बाद जिन यात्रियों में घातक बीमारी के कोई लक्षण नहीं थे, उन्होंने जहाज से उतरना शुरू कर दिया था। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिहिदे सुगा ने कहा कि अनेक लोगों के जहाज से उतरने के बावजूद पोत पर 1,000 से अधिक यात्री और चालक दल के सदस्य अब भी मौजूद हैं। शनिवार को करीब 100 और लोगों को जहाज से उतरने की अनुमति दी गई जो जहाज पर संक्रमित लोगों के करीबी संपर्क में थे।

भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, 'दुर्भाग्य से, स्थानीय समयानुसार 12 बजे प्राप्त हुए परिणामों में चालक दल के चार भारतीय सदस्य जांच में पॉजीटिव पाए गए हैं।' इससे पहले आठ भारतीयों में 'कोविड-19' की पुष्टि हुई थी। दूतावास ने कहा, 'संक्रमित सभी 12 भारतीयों पर उपचार का अच्छा असर हो रहा है।' भारतीय दूतावास ने कहा कि जापानी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पोत पर सवार सभी यात्रियों के नमूने एकत्र किए गए और उन्हें जांच के लिए भेजा गया है।

दूतावास ने ट्वीट किया, 'सभी परिणाम 25 या 26 फरवरी तक आने की उम्मीद है। पोत पर मौजूद जिन भारतीय नागरिकों की जांच पॉजीटिव नहीं आएगी, भारतीय दूतावास उनके जल्द से जल्द घर लौटने में मदद करेगा।' दूतावास ने शनिवार को कहा कि सभी स्वस्थ यात्रियों के उतरने के बाद पोत पर मौजूद भारतीयों और अन्य लोगों में वायरस की जांच की जाएगी। इसने कहा, 'जापान के अधिकारी डायमंड प्रिंसेस पोत पर सवार सभी भारतीय नागरिकों की कोविड-19 के लिए जांच की जाएगी।'

तोक्यो के पास योकोहामा तट पर तीन फरवरी को खड़े किए गए पोत 'डायमंड प्रिंसेस' में सवार कुल 3,711 लोगों में 138 भारतीय भी शामिल थे। इनमें चालक दल के 132 सदस्य और छह यात्री थे। इसे उस वक्त अलग-थलग रखा गया था जब पिछले महीने हांगकांग में उतरे एक यात्री में इस बीमारी की पुष्टि हुई थी। चीन के बाद 'कोविड-19' के सबसे ज्यादा मामले इस पोत से सामने आए हैं।

# जहाज छोड़ने के बाद महिला संक्रमित, उठे सवाल

तोक्यो, 23 फरवरी (एएफपी)।

जापान ने रविवार को पुष्टि की कि कोरोना वायरस से प्रभावित 'डायमंड प्रिंसेस' क्रूज पोत से उतरी महिला पहले जांच में नेगेटिव पाई गई लेकिन बाद में उसमें संक्रमण की पुष्टि हुई। इससे जहाज को पृथक रखे जाने और बचाव के उपायों के प्रभावों पर सवाल उठने लगे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री कत्सुनोबो कातो ने उचित जांच के बिना 23 यात्रियों को पोत से जाने देने की इजाजत देने के लिए माफी भी मांगी है। इस संबंध में स्थानीय अधिकारी ने बताया कि बुधवार को पोत से उतरी 60 वर्षीय महिला ट्रेन से तोक्यो के तोचिगी में अपने घर लौटी लेकिन शुक्रवार को उसे बुखार आया और शनिवार को वह जांच में पॉजीटिव पाई गई। जहाज से उतरने के बाद जापान में वह पहली यात्री है जिसकी जांच के नमूने पॉजीटिव पाए गए। तोचिगी के गवर्नर तोमोकाजु फुकदा ने शनिवार देर रात संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'ऐसा माना जा रहा था कि जो लोग नेगेटिव पाए जाने के बाद जहाज से उतरे, उनको कोई समस्या नहीं हुई लेकिन अब यह साफ हो गया है कि वे लोग भी पॉजीटिव पाए जा सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम सरकार से अतिरिक्त कदम उठाने की अपील करेंगे।'

### तीसरे यात्री की मौत

तोक्यो, 23 फरवरी (एएफपी)।

जापान में पृथक खड़े किए गए डायमंड प्रिंसेस क्रूज जहाज पर सवार तीसरे यात्री की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हो गई। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बताया कि मंत्रालय ने मृतक की पहचान करीब 80 वर्षीय जापानी व्यक्ति के रूप में की। संक्रमण की पुष्टि के बाद डायमंड प्रिंसेस पर सवार व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसकी जानकारी नहीं दी गई कि पीड़ित की कब जांच की गई और कहां उसका इलाज किया गया। व्यक्ति की मौत का कारण 'निमोनिया' बताया गया है।

# चीन में मृतक संख्या 2,442 हुई, डब्लूएचओ का वुहान दौरा

## डब्लूएचओ टीम और उनके चीनी समकक्षों के पास सबसे बड़ा काम मानक दवा तैयार करना

बेजिंग, 23 फरवरी (भाषा)।

चीन में घातक कोरोना वायरस से 97 और लोगों की मौत के बाद शनिवार को इससे मरने वालों की संख्या 2,442 हो गई। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के विशेषज्ञों ने इससे सबसे अधिक प्रभावित हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान का दौरा किया।

चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने बताया कि 31 प्रांत स्तरीय क्षेत्रों में शनिवार को इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,442 हो गई और संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 76,936 तक पहुंच गई है। मौत के 97 नए मामलों में से 96 लोग हुबेई प्रांत के थे और एक व्यक्ति की मौत गुआंगदोंग में हुई। वहीं, विषाणु संक्रमण के 648 नए मामले सामने आए। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार सर्वाधिक प्रभावित हुबेई प्रांत में 630 नए मामले सामने आए हैं। एनएचसी ने कहा कि मामलों की संख्या में गिरावट आ रही है। शनिवार को 2,230 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जो कि उसी दिन सामने आए नए मामलों की संख्या से काफी अधिक है।



वुहान में कोरोना वायरस के लिए बने आइसीयू वार्ड में भर्ती मरीज।

एनएचसी ने बताया कि अभी तक कुल 22,888 संक्रमित लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है।

इस बीच, डब्लूएचओ के विशेषज्ञों की टीम ने वायरस के बारे में विस्तृत जांच के लिए हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान का दौरा किया। ऐसा माना जाता है कि वायरस गत वर्ष दिसंबर में कथित तौर पर एक 'सीफूड' बाजार से फैला। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि डब्लूएचओ विशेषज्ञों ने अपने चीनी समकक्षों के साथ संयुक्त जांच दल बनाया है और वुहान में स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकारियों के साथ बातचीत की है। इस दल ने स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों का दौरा किया।

'साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट' ने बताया कि दल में अमेरिका, जर्मनी, जापान, नाइजीरिया, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया के विशेषज्ञ शामिल हैं। गत सोमवार को चीन पहुंचे 12 सदस्यीय दल का शुरुआत में बस बेजिंग, गुआंगदोंग और शिचुआन प्रांत जाना तय था जबकि बुरी तरह प्रभावित हुबेई प्रांत और उसकी राजधानी वुहान उनकी सूची में शामिल नहीं था। हालांकि चीन सरकार ने अंततः टीम को वुहान जाने की इजाजत दे दी।

वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने के अलावा डब्लूएचओ टीम और उनके चीनी समकक्षों के पास सबसे बड़ा काम बीमारी के इलाज के लिए मानक दवा तैयार करने का है। एनएचसी ने बताया कि दल ने चीन के श्वसन रोग विशेषज्ञ जोंग नानशान से गुआंगडोंग में मुलाकात की और गुआंगडोंग में रोग नियंत्रण व रोकथाम केंद्र, शेनझेन और सिचुआन का भी दौरा किया। इसने बताया कि विशेषज्ञों ने अपने चीनी समकक्षों के साथ जंगली जानवरों के व्यापार और सामुदायिक रोकथाम के उपायों पर भी चर्चा की।

### साम्यवादी चीन का सबसे बड़ा स्वास्थ्य आपातकाल : जिनपिंग

बेजिंग, 23 फरवरी (एएफपी)।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रविवार को कहा कि कोरोना वायरस देश के साम्यवाद अपनाने के बाद से सबसे बड़ा स्वास्थ्य आपातकाल है। शी ने एक बैठक में कहा कि यह तेजी से और दूर तक फैलने वाला वायरस है और इसे रोकना और नियंत्रण पाना बहुत मुश्किल काम है।

# विदेशी मीडिया ने मतदाताओं को हतोत्साहित किया : ईरान

तेहरान, 23 फरवरी (एएफपी)।

ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने रविवार को विदेशी मीडिया पर कोरोना वायरस का डर दिखाकर देश के आम चुनाव में जनता को मतदान से हतोत्साहित करने की कोशिश का आरोप लगाया।

खामनेई ने कहा कि यह नकारात्मक प्रचार कुछ महीनों पहले शुरू हुआ और चुनाव नजदीक आते-आते बड़ा हो गया। एक वायरस और उसकी बीमारी के संदर्भ में पिछले दो दिनों के भीतर उनकी मीडिया ने जनता को मतदान से हतोत्साहित करने का छोटे से छोटा अवसर भी नहीं छोड़ा। अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर खामनेई को उद्धृत करते हुए कहा गया, 'यहां तक की हमारे दुश्मन ईरान के लोगों द्वारा आयोजित किसी भी चुनाव का विरोध करते हैं।' देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले सामने आने के दो दिन बाद ईरान में संसदीय चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था। आम चुनाव में पहले ही कम मतदान की आशंका जताई जा रही थी। इस बीच, खामनेई ने लोगों से देश के हित में आगे आकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की थी। इस इस्लामिक गणतंत्र में बुधवार तक कोरोना वायरस से पांच लोगों की मौत हो चुकी है। मध्य-पूर्व में इस वायरस से मौत होने का यह पहला मामला था।

सरकार ने निवारक उपाय के तहत देशभर के सभी 14 प्रांतों में रविवार से स्कूल, विश्वविद्यालय समेत अन्य शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का आदेश दिया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मेट्रो स्टेशनों में पानी के फव्वारे और खाने-पीने की दुकानें बंद रखने का आदेश दिया गया है। कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव अभियान के तहत इस बड़े शहर में जगह-जगह पोस्टर चस्पा कर लोगों से हाथ नहीं मिलाने की अपील की गई है।

# दक्षिण कोरिया में कोरोना के मामले बढ़े, इटली में कई शहर हुए बंद

कोडोग्नो/शंघाई, 23 फरवरी (एएफपी)।

दक्षिण कोरिया में रविवार को कोरोना वायरस के मामले काफी बढ़ गए जबकि इटली और ईरान ने इस महामारी के फैलने के डर से कठोर कदम उठाए हैं। इस संक्रामक बीमारी के फैलने पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अफ्रीका की स्वास्थ्य प्रणाली को आगाह किया है जो 'कोविड-19' से निपटने के लिहाज से तैयार नहीं है।

**दक्षिण कोरिया** : दक्षिण कोरिया कोरोना वायरस को लेकर जारी अलर्ट के स्तर को बढ़ाकर गंभीर कर रहा है। राष्ट्रपति मून जेई-इन ने संक्रमण के 123 नए मामले सामने आने के बाद रविवार को यह बात कही। दक्षिण कोरिया में हाल के कुछ दिनों में कोरोना वायरस के मामलों में अचानक तेज वृद्धि हुई है जहां के दक्षिणी शहर दाएगू के धार्मिक प्रतिष्ठान में पिछले हफ्ते संक्रमण के कई मामले सामने आए। मून ने वायरस को लेकर हुई सरकारी बैठक के बाद कहा, 'कोविड-19 घटना में गंभीर मोड़ आ गया है। अगले कुछ दिन बहुत अहम रहने वाले हैं। सरकार विशेषज्ञों की अनुशंसाओं के आधार पर अलर्ट को उच्चतम स्तर 'गंभीर' कर रही है और हमारे प्रतिक्रिया तंत्र को काफी मजबूत कर रही है।' उन्होंने अधिकारियों से प्रकोप को रोकने के लिए अभूतपूर्व शक्तिशाली कदम उठाने से नहीं हिचकिचाने की भी अपील की।

**इटली** : इटली में दो लोगों की मौत के बाद शनिवार को कई शहरों को कुछ हफ्तों तक के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इटली यूरोप में पहला देश है जहां शुक्रवार को कोरोना वायरस से उसके एक नागरिक की मौत का मामला सामने आया। इसके बाद करीब 12 शहरों में यात्रा पाबंदियां लगा दी गईं। इन शहरों में इस संक्रामक बीमारी के चपेट में आने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। लोम्बार्डी में छोटे से शहर कोडोग्नो के पास शनिवार को 77 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले वेनेतो में वायरस से 78 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। इटली के नागरिक सुरक्षा विभाग के प्रमुख एंजेलो बोरेली ने बताया कि कोरोना वायरस के पुष्ट मामलों की संख्या शनिवार तक बढ़कर 79 हो गई। इनमें दो मृतक भी शामिल हैं।

**मिस्र** : मिस्र इकलौता अफ्रीकी देश है जहां 'कोविड-19' के मामले की पुष्टि हुई है। डब्ल्यूएचओ ने आगाह किया है कि अफ्रीका महाद्वीप की स्वास्थ्य प्रणाली कोरोना वायरस से निपटने के लिए सक्षम नहीं है।

# पाकिस्तान ने ईरान से लगती सीमा बंद की

इस्लामाबाद, 23 फरवरी (भाषा)।

पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि उसने सीमा पार से कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे से निपटने के प्रयास के तहत चिकित्सा आपातकाल घोषित कर दिया है और ईरान के साथ लगती अपनी सीमा को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है।

ईरान में इस घातक विषाणु के कारण अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है और इस संक्रमण के 43 मामले सामने आ चुके हैं। बलूचिस्तान के गृह मंत्री मीर जियाउल्लाह लैंगोव ने कहा कि बलूचिस्तान प्रांत में ईरान के साथ लगती पाकिस्तान की सीमा स्थायी रूप से बंद कर दी गई है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि कोरोना वायरस के खतरे के कारण यह कदम उठाया गया है और पाकिस्तानियों के तीर्थयात्रा के लिए सड़क मार्ग से ईरान जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सीमावर्ती शहर ताफ्तान में 100 बिस्तरों का शिविर लगाया है। प्रांतीय सरकार ने एक बयान में कहा कि ईरान से आने वाले सभी लोगों की चिकित्सकीय जांच की जा रही है।

### चिकित्सा आपातकाल घोषित

पाकिस्तानियों के तीर्थयात्रा के लिए सड़क मार्ग से ईरान जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सीमावर्ती शहर ताफ्तान में 100 बिस्तरों का शिविर लगाया है। प्रांतीय सरकार ने एक बयान में कहा कि ईरान से आने वाले सभी लोगों की चिकित्सकीय जांच की जा रही है।

# ईरान में आए भूकम्प से तुर्की में आठ मरे

इस्तांबुल, 23 फरवरी (एएफपी)।

उत्तर-पश्चिम ईरान में रविवार को आए 5.7 तीव्रता के भूकंप से पड़ोसी देश तुर्की में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई जबकि सीमा के दोनों ओर दर्जनों लोग घायल हो गए।

अनादोलु न्यूज एजंसी ने तुर्की के गृह मंत्री सुलेमान सोयलु के हवाले से रविवार को कहा कि पड़ोसी देश में आए भूकंप से तीन बच्चों समेत आठ नागरिकों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्री फहरत्तिन कोका ने कहा कि 21 लोग घायल हो गए। इनमें से आठ की हालत गंभीर है। तुर्की के चैनल ने ईरान की सीमा पर मौजूद वान प्रांत के गांवों में कई तबाह घरों की तस्वीरें प्रसारित की। राज्यपाल मेहमेत इमिन बिलमेज ने कहा कि फिलहाल किसी के मलबे में दबे होने की सूचना नहीं है। अमेरिका के भूगर्भीय सर्वेक्षण के मुताबिक सुबह 9.23 बजे आए भूकंप का केंद्र ईरान के गांव हबास-ए-ओलया के पास रहा, जो सीमा से दस किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। देश की आपातकालीन सेवाओं के मुताबिक 40 घायलों में से 17 लोगों को ईरान के पश्चिमी अजरबैजान प्रांत के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि 43 गांवों में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। ईरान के पश्चिमी प्रांत करमंशाह में साल 2017 में आए 7.3 तीव्रता के भूकंप से करीब 620 लोगों की मौत हो गई थी।



तुर्की के वान प्रांत में घायल बच्चे को लेकर जाता एक व्यक्ति।

www.readwhere.com

# बढ़ सकती है बैंकों के महाविलय की समय सीमा

मुंबई, 23 फरवरी (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों के महाविलय के लिए तय एक अप्रैल की समय सीमा तेजी से नजदीक आ रही है। लेकिन ऐसा लगता है कि यह समय सीमा आगे बढ़ सकती है क्योंकि अभी कई नियामक मंजूरियां मिलनी बाकी हैं।

एक बैंक अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित महाविलय योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बावजूद शेयर आदान-प्रदान अनुपात तय करना, शेयरधारकों की सहमति और अन्य नियामक मंजूरियां मिलने में करीब 30-45 दिन का समय लग सकता है। अधिकारी ने बताया- ऐसा माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इन बैंकों से अगले तीन से पांच साल के लिए उनके वित्तीय पूर्वानुमानों की जानकारी मांगी है। इसमें एनपीए, पूंजी आवश्यकता, ऋण वृद्धि और विलय से लागत में कमी के बारे में जानकारी मांगी गई है।

सार्वजनिक क्षेत्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ऐसे में अगले वित्त वर्ष की शुरुआत से विलय को अमलीजामा पहनाए जाने की संभावना इस समय थोड़ी अवास्तविक लग रही है। नियामक मंजूरियों के अलावा विलय योजना को 30 दिनों तक संसद में भी रखा होगा, ताकि सांसद इसका अध्ययन कर सके। बजट सत्र का दूसरा भाग दो मार्च को शुरू होगा। पिछले साल अगस्त में सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों का विलय कर चार बड़े बैंक बनाने का फैसला किया था।

योजना के मुताबिक यूनाइडेट बैंक ऑफ इंडिया और ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स का विलय पंजाब नेशनल बैंक में किया जाएगा। इस विलय के बाद यह सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक होगा। सिंडीकेट बैंक का केनरा बैंक के साथ विलय होना है, जबकि इलाहाबाद बैंक का विलय इंडियन बैंक में होगा। इसी तरह आंध्रा बैंक और कोऑपरेशन बैंक को यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया में मिलाया जाएगा।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विलय की घोषणा के 10 महीने बाद भी विजया बैंक और देना बैंक के बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ विलय के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एकीकरण की प्रक्रिया अभी भी जारी है। साथ ही मानव संसाधन संबंधी मुद्दे कारोबार को नुकसान पहुंचा रहे हैं और ग्राहकों को असुविधा हो रही है। बैंक यूनियन भी प्रस्तावित विलय का विरोध कर रही हैं। उनका कहना है कि बैंकिंग क्षेत्र की समस्याओं और अर्थव्यवस्था में सुस्ती का समाधान बैंकों का विलय नहीं है।

# लॉटरी पर एक मार्च से लगेगा 28 फीसद जीएसटी

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

लॉटरी पर एक मार्च से 28 फीसद की दर से माल व सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी गई।

जीएसटी परिषद ने पिछले साल दिसंबर में राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे और मान्यता प्राप्त लॉटरी पर 28 फीसद की एक समान दर से जीएसटी लगाने का पैसला किया था। राजस्व विभाग ने लॉटरी की आपूर्ति पर जीएसटी दर की अधिसूचना जारी की और पहले की केंद्रीय कर (दर) अधिसूचना में संशोधन किया। इसके अनुसार लॉटरी की आपूर्ति पर केंद्रीय कर की दर 14 फीसद हो गई है और राज्य सरकारें भी समान दर से कर वसूलेंगी। इस तरह लॉटरी पर लगने वाला कुल जीएसटी 28 फीसद हो गया है।

राजस्व विभाग ने अधिसूचना में कहा कि यह एक मार्च 2020 से अमल में आ जाएगी। अभी राज्यों द्वारा संचालित लॉटरी पर 12 फीसद और मान्यता प्राप्त लॉटरी पर 28 फीसद की दर से जीएसटी लगता है। ऐसी मांग उठ रही थी कि लॉटरी पर एक समान दर से कर लगना चाहिए। इस पर सुझाव देने के लिए मंत्रियों का एक समूह गठित किया गया। इसके बाद जीएसटी परिषद ने दिसंबर में लॉटरी पर 28 फीसद की दर से एक समान कर लगाने के पक्ष में वोट दिया।

# बीएसएनएल कर्मचारियों की आज राष्ट्रव्यापी भूख हड़ताल

## पुनरोद्धार पैकेज में देरी का कर रहे विरोध

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के कर्मचारी संगठनों ने सोमवार को राष्ट्रव्यापी भूख हड़ताल बुलाई है। कर्मचारी सरकार द्वारा घोषित 69,000 करोड़ रुपए के पुनरोद्धार पैकेज में देरी का विरोध कर रहे हैं।

ऑल यूनियंस एंड एसोसिएशंस ऑफ बीएसएनएल (एयूएबी) ने एक बयान में कहा कि वह 24 फरवरी, 2020 को देशव्यापी भूख हड़ताल बुला रही है। इस हड़ताल की प्रमुख वजह बीएसएनएल के पुनरोद्धार पैकेज को अमल में लाने में देरी और कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण है। अक्तूबर में केंद्र सरकार ने बीएसएनएल और एमटीएनएल के पुनरोद्धार के लिए 68,751 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की थी। इसमें 4-जी स्पेक्ट्रम का आबंटन, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) और कंपनियों का विलय शामिल है।

एयूएबी ने कहा कि बीएसएनएल की पुनरोद्धार योजना में 4-जी स्पेक्ट्रम का आबंटन, वीआरएस, परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण और दीर्घावधि बांड जारी कर 15,000 करोड़ रुपए का कोष जुटाने के लिए सरकार की गारंटी शामिल है। इस कोष में 8,500 करोड़ रुपए बीएसएनएल के और 6,500 करोड़ रुपए एमटीएनएल के लिए जुटाए जाने हैं।

बयान के अनुसार इन सारी घोषणाओं में से वीआरएस को छोड़कर कुछ और लागू नहीं किया गया है। इसके माध्यम से 78,569 बीएसएनएल कर्मचारियों की सेवा खत्म कर दी गई है। यह बहुत दुख की बात है कि चार महीने बीत जाने के बावजूद बीएसएनएल को 4-जी स्पेक्ट्रम आबंटित नहीं किया गया है। इसके अलावा 8,500 करोड़ रुपए जुटाने के लिए सरकार ने बीएसएनएल को अभी तक गारंटी भी नहीं दी है। वहीं कंपनी की परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण का काम भी धीमी गति से चल रहा है।

# ‘दूरसंचार कंपनियों की बैंक गारंटी भुनाना क्षेत्र के लिए विनाशकारी’

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

दूरसंचार क्षेत्र के संगठन सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआइ) ने सरकार द्वारा दूरसंचार कंपनियों पर प्रस्तावित एजीआर गणना की ‘परीक्षण जांच’ को मानक ऑडिट प्रक्रिया बताया है।

उसने यह भी कहा है कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) को बकायों में किसी प्रकार के अंतर गणना करने के दौरान सभी सर्कलों में एकरूपता सुनिश्चित करना चाहिए। सीओएआइ ने सरकार को सावधान भी किया है कि सांविधिक बकाया न चुकाने वाली कंपनियों की बैंक गारंटी भुनाने जैसी कोई भी कार्रवाई दूरसंचार उद्योग के लिए विनाशकारी होगी क्योंकि इस समय बाजार में निजी क्षेत्र की केवल तीन कंपनियां ही बची हैं। सीओएआइ के महानिदेशक राजन मैथ्यू ने बताया कि बैंक गारंटी को भुनाने जैसे कदम से हालात और बिगाड़ेंगे। मैथ्यू ने दूरसंचार विभाग द्वारा कंपनियों पर बकायों की गणना में किसी प्रकार के अंतर की जांच के लिए परीक्षण जांच को मानक ऑडिट प्रक्रिया बताया है।

उन्होंने कहा कि बकाया धनराशि का निर्धारण जल्द से जल्द करना चाहिए। साथ ही ऑपरेटर्स को भी गणना को लेकर अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। मैथ्यू ने कहा कि धनराशि की गणना कैसे होगी, इस बारे में डीओटी के सभी लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए) में एकरूपता होनी चाहिए। सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि वह 17 मार्च से पहले औचक परीक्षण जांच के जरिए एजीआर गणना पर कंपनियों के दावों की पुष्टि करेगी और अपनी गणना से किसी भी विचलन की जांच करेगी।

# विदेशी निवेशकों ने फरवरी में अब तक 23,102 करोड़ का निवेश किया

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

बजट के बाद बनी सकारात्मक धारणा और रिजर्व बैंक के उदार रुख बनाए रखने से उत्साहित विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) ने फरवरी महीने में अब तक घरेलू बाजार में 23,102 करोड़ रुपए लगाए हैं।

डिपोजिटरी के आंकड़ों के अनुसार तीन से 20 फरवरी के दौरान एफपीआइ ने इक्विटी में 10,750 करोड़ और बांड श्रेणी में 12,352 करोड़ रुपए लगाए हैं। इस दौरान एफपीआइ का कुल निवेश 23,102 करोड़ रुपए रहा। एफपीआइ पिछले साल सितंबर से घरेलू बाजार में शुद्ध निवेशक बने हुए हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट एडवाइजर इंडिया के वरिष्ठ विश्लेषक प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि बजट के बाद बनी सकारात्मक धारणा और रिजर्व बैंक द्वारा हालिया मौद्रिक नीति समीक्षा में उदार रुख बनाए रखने समेत कई कारक हैं।

# दिल्ली के आदित्य एस्टेट के लिए अडाणी की 400 करोड़ की बोली को मंजूरी

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

आदित्य एस्टेट प्रा. लि. के लिए अडाणी समूह की बोली को राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) की अनुमति मिल गई है। दिवाला प्रक्रिया के तहत नीलाम की गई आदित्य एस्टेट की दिल्ली के संभ्रांत मंडी हाउस इलाके में 3.4 एकड़ की आवासीय संपत्ति है। अडाणी समूह को यह सौदा कुल 400 करोड़ रुपए का पड़ रहा है।

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण की दिल्ली स्थित प्रधान पीठ ने अडाणी प्रॉपर्टी की ऋण समाधान योजना को मंजूर किया। अडाणी प्रॉपर्टी इसमें 265 करोड़ रुपए आदित्य एस्टेट को देगी और 135 करोड़ रुपए सरकारी शुल्कों आदि पर खर्च होंगे। आइसीआइसीआइ बैंक के नेतृत्व वाली आदित्य एस्टेट के ऋणदाताओं की समिति ने 93.01 फीसद मतों के साथ अडाणी की 400 करोड़ रुपए की समाधान योजना को मंजूरी दे दी। इसमें अडाणी प्रॉपर्टी 265 करोड़ रुपए का अग्रिम भुगतान करेगी।

इस संपत्ति को खरीदने में इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति, फोर्टिस समूह के सह-संस्थापक मलविंदर सिंह, अनिल राय गुप्ता और पारस प्रमोद अग्रवाल इत्यादि की भी रुचि थी। इसके अलावा डालमिया सीमेंट (भारत), वीणा इन्वेस्टमेंट, वेलस्पन लॉजिस्टिक, अडाणी प्रॉपर्टीज और पांच तत्त्व प्रमोटर्स भी इस संपत्ति को खरीदना चाहते थे। हालांकि इनमें से केवल दो अडाणी प्रॉपर्टीज और वीणा इन्वेस्टमेंट ने ही अपनी समाधान योजना जमा कराई थी।

# फास्टैग कतार में बिना टैग घुसने वाले वाहनों से वसूले गए 20 करोड़

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ट्राई) ने रविवार को कहा कि उसने टोल प्लाजा पर फास्टैग वाले लेन में घुसने वाले बिना टैग के 18 लाख वाहनों से 20 करोड़ रुपए वसूल किए हैं।

सड़क परिवहन मंत्रालय ने पिछले साल दिसंबर में इलेक्ट्रॉनिक टोल वसूली के लिए फास्टैग की शुरुआत की थी। मंत्रालय ने तब कहा था कि यदि कोई वाहन बिना टैग के समर्पित लेन में घुसता है तो उससे दोगुना टोल वसूल किया जाएगा। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि फास्टैग लेन में बिना टैग के घुसने वाले वाहनों से दोगुना टोल वसूला जा रहा है। उसने कहा- अभी तक देशभर में 18 लाख वाहनों ने बिना टैग के फास्टैग लेन में घुसने की कोशिश की है और इनसे 20 करोड़ रुपए वसूले गए हैं। अभी तक देशभर में 1.55 करोड़ से अधिक फास्टैग जारी किए जा चुके हैं।

# प्राकृतिक गैस के दाम में अप्रैल से 25 फीसद तक हो सकती है कटौती

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

वैश्विक स्तर पर गैस के दाम में नरमी के साथ देश में प्राकृतिक गैस की कीमतों में अप्रैल से 25 फीसद की कटौती हो सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लि. एक अप्रैल से छह महीने की अवधि के लिए गैस के दाम में कटौती कर करीब 2.5 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर सकती हैं। फिलहाल यह 3.23 डॉलर प्रति यूनट है। देश में उत्पादित गैस में इन दोनों कंपनियों की अच्छीखासी हिस्सेदारी है। सूत्रों के अनुसार कठिन फील्डों से उत्पादित गैस की कीमत भी मौजूदा 8.43 डॉलर प्रति यूनिट से कम कर 5.50 डॉलर प्रति यूनिट की जा सकती है।

प्राकृतिक गैस के दाम हर छह महीने पर- एक अप्रैल और एक अक्तूबर को तय किए जाते हैं। प्राकृतिक गैस का उपयोग उर्वरक और बिजली उत्पादन में किया जाता है। साथ ही उसका उपयोग वाहनों में ईंधन के रूप में उपयोग के लिए सीएनजी और घरों में खाना पकाने की गैस में होता है।

गैस की दर से जहां यूरिया, बिजली और सीएनजी की कीमतें तय होती हैं, वहीं इससे ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जैसी गैस उत्पादकों की आय भी निर्धारित होती है। इससे पहले, प्राकृतिक गैस की कीमत में एक अक्तूबर को 12.5 फीसद की कटौती की गई थी। इसके तहत दर 3.69 डॉलर प्रति यूनिट से कम कर 3.23 डॉलर प्रति यूनिट की गई। वहीं कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस के लिए कीमत उच्चतम स्तर 9.32 डॉलर प्रति यूनिट से घटाकर 8.43 डॉलर प्रति यूनिट की गई।

सूत्रों ने कहा कि दाम में कटौती से देश की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी ओएनजीसी की आय पर असर पड़ेगा। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज और उसकी भागीदार बीपी की आय भी प्रभावित हो सकती है जो दूसरे चरण में पूर्वी अपटीय क्षेत्र में केजी-डी6 ब्लाक में खोजे गए फील्ड से 2020 के मध्य से उत्पादन की योजना बनाई है। गैस की कीमतों में कटौती से सीएनजी के दाम भी कम होंगे जिसका उपयोग कच्चे माल के रूप में प्राकृतिक गैस में किया जाता है। घरों में पाइप के जरिए पहुंचने वाली रसोई गैस और उर्वरक व पेट्रोरसायन की लागतें भी कम होंगी।

सूत्रों के अनुसार ओएनजीसी की गैस करोबार से आय और कमाई करीब 3,000 कम होगी। गैस के दाम में एक डॉलर प्रति यूनिट के बदलाव से यूरिया की उत्पादन लागत करीब 1,600 से 1,800 रुपए प्रति टन का बदलाव आता है। कीमत में कटौती से सरकार की सबसिडी में 2020-21 की पहली छमाही में 800 करोड़ रुपए की कमी आएगी।

# शीर्ष छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 29,487 करोड़ घटा

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

सूचकांक की शीर्ष छह कंपनियों की बाजार हैसियत पिछले हफ्ते 29,487 करोड़ कम हो गई।

गुरुवार को समाप्त सप्ताह में भारती एअरटेल का बाजार पूंजीकरण 10,692.9 करोड़ घटकर 2,97,600.65 करोड़ रुपए पर आ गया। टीसीएस के बाजार पूंजीकरण में 10,319.06 करोड़ की गिरावट आई और यह 8,09,126.71 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 5,162.75 करोड़ घटकर 4,10,062.89 करोड़ रुपए पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर्स का 1,515.37 करोड़ गिरकर 4,86,617.28 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक का 1,068.34 करोड़ लुढ़ककर 6,66,914.4 करोड़ रुपए और रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 729.01 करोड़ कम होकर 9,41,693.57 करोड़ रुपए रह गया। जबकि इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 4,471.59 करोड़ बढ़कर 3,39,287.61 करोड़ रुपए, बजाज फाइनेंस का 5,863.46 करोड़ बढ़कर 2,93,666.38 करोड़, कोटक महिंद्रा बैंक का 956.14 करोड़ चढ़कर 3,22,542.94 करोड़ और आइसीआइसीआइ बैंक का 541.78 करोड़ बढ़कर 3,53,766.96 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।


**कार्यालय वसूली अधिकारी-।।**
**ऋण वसूली अधिकरण-।।, दिल्ली**
**चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001**

आर. सी. सं. 222/2017

**बिक्री उद्घोषणा**

**कार्पोरेशन बैंक बनाम मैसर्स गार्डेनिया इण्डिया लि.**

बिक्री की उद्घोषणा अन्तर्गत आयकर अधिनियम 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 52(2)
बैंक और वित्तीय संस्थान की ऋण वसूली अधिनियम 1993

सीडी#1 मैसर्स गार्डेनिया इंडिया लि., इसके निदेशक द्वारा, आर-19, तृतीय तल, मेन शकरपुर मार्केट, लक्ष्मी नगर, विकास मार्ग, दिल्ली-110092 और: प्लॉट नं., 9, सैक्टर-75, नोएडा-201301

सीडी#2 श्री मनोज कुमार रॉय पुत्र श्री नरेंद्र प्रसाद रॉय, निवासी : ए-504, वेधमान अपार्टमेंट, एम.वी. एक्सटेंशन, फेज- I, दिल्ली-110091, और: फ्लैट नं. 604, टॉवर-4, कॉमन वैल्थ गेम्स विलेज, नई दिल्ली -110090, और: ए-218 मंगल अपार्टमेंट, वसुंधरा एन्कलेव, दिल्ली-110096, और: प्लॉट नं. जीएच एसपीएल 2, गाजियाबाद, यू.पी.- 201010

सीडी#3 श्री संजीव कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, निवासी : सी-164, मनु अपार्टमेंट, मयूर विहार, दिल्ली-110091, और: बी-43, प्रथम तल, कॉमन कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली-110048, और : आर-19, तृतीय तल, मेन शकरपुर मार्केट, लक्ष्मी नगर, विकास मार्ग, दिल्ली -110092, और: जी -3, प्लॉट नं. 170, सैक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, यू.पी.- 201001

सीडी#4 सुश्री पूनम कुमारी पत्नी श्री संजीव कुमार, निवासी : सी-164, मनु अपार्टमेंट, मयूर विहार, दिल्ली-110091, और: जी-3, प्लॉट नं. 170, सैक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, यू.पी-201001

सीडी#5 सुश्री कुमारी अनुपमा पत्नी श्री मनोज कुमार रॉय, निवासी : ए-504, वेधमान अपार्टमेंट, एम.वी. एक्स्टेंशन फेज- I, दिल्ली -110091, और: ए-218, मंगल अपार्टमेंट, वसुंधरा एन्क्लेव, दिल्ली-110096,

सीडी#6 मैसर्स फुटैक शेल्टर्स प्रा. लि., इसके निदेशक द्वारा 17, गफ्फार मार्केट, आर्य समाज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005 और : ए-19, तृतीय तल, मणि शकरपुर मार्केट, लक्ष्मी नगर, विकास मार्ग, दिल्ली -110092

जबकि वसूली प्रमाणपत्र सं 222/2017 के अनुसार माननीय पीठासीन अधिकारी, **ऋण वसूली अधिकरण-।।, दिल्ली के** द्वारा प्रतिवादी से वाद के शुरुआत से **रु. 33,90,53,115/- (रु. तैंतीस करोड़ नब्बे लाख तिरेप्पन हजार एक सौ पंद्रह केवल)**, प्रतिवादी संयुक्त रूप/व्यक्तिगत रूप से और **रु. 33,89,03,115/- (रु. तैंतीस करोड़ उनासी लाख तीन हजार एक सौ पंद्रह केवल) साथ में ओ.ए. की फाईलिंग की तिथि अर्थात दिनांक 25.05.2015 से 13 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अदायगी की तिथि तक एवं खर्च लागत** भी प्रमाणपत्र देनदार से वसूली किया जाएगा।

2. और जहाँ पर अधोहस्ताक्षी ने इस प्रमाणपत्र से संतुष्ट हो कर निम्नलिखितानुसार अनुसूची में संपत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

3. सूचित किया जाता है कि स्थगन के किसी आदेश के आभाव में उक्त सम्पत्ति ई-नीलामी के द्वारा वेबसाईट : **website https://bankauctions.in** पर **"ऑन लाईन ईलैक्ट्रॉनिक बिडींग" के माध्यम से दिनांक 28.03.2020 को अपराह्न 03.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक (अपराह्न 04.00 बजे के बाद 5 मिनट प्रत्येक की अवधि के विस्तार के साथ, यदि अपेक्षित है) किया जायेगा।**

4. उपरोक्त नाम के प्रतिवादी की सम्पत्ति की बिक्री निम्नलिखितानुसार सम्पत्ति के लिए संलग्न देनदारियों एवं दावें को जैसा अभी तक निर्धारित किया गया है, वे प्रत्येक लॉट के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट है।

5. सम्पत्ति बिक्री के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट लॉट पर की जाएगी, यदि सम्पत्ति भाग की बिक्री की राशि संतुष्टि लायक होगी तो शेष के संबंध में बिक्री को तुरन्त समाप्त कर दिया जाएगा। नीलामी समाप्त होने से पूर्व बिक्री समाप्त कर दी जाएगी यदि बिक्री कर रहे अधिकारी के समक्ष प्रमाणपत्र में उल्लिखित बकाया, ब्याज शुल्क (बिक्री लागत सहित) प्रस्तुत करने होंगे अथवा उनकी संतुष्टि के साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा कि प्रमाणपत्र, ब्याज एवं लागत अधोहस्ताक्षरी को भुगतान किए जा चुके हैं।

6. बिक्री से संबंधित कोई अधिकारी या अन्य व्यक्ति निविदा के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पत्ति की बिक्री के लिए बोली, अधिग्रहण अथवा प्रयास नहीं करेगा।

7. आयकर अधिनियम 1961 के द्वितीय अनुसूची के शर्तों एवं उसके नियमों के तहत तथा निम्न शर्तों के अनुरूप ही बिक्री की जाएगी।

7.1 बिक्री उद्घोषणा के अनुसूची में उल्लिखित विवरण अधोहस्ताक्षरी के सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दर्शाया गया है परन्तु किसी त्रुटि, गलत बयान अथवा उद्घोषणा में चूक के होने पर अधोहस्ताक्षरी की जवाबदेही नहीं होगी।

7.2 सम्पत्ति का विवरण, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि निम्नानुसार है।

| क्र.सं. | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि(ईएमडी) |
|---|---|---|---|
| 1. | फ्लैट नं. पी-1201, ग्रुप हाउसिंग रिहायशी कॉम्पलैक्स अर्थात् गार्डेनिया ग्लैमर, प्लॉट नं. जीएच(एसपीएल)-2 पर निर्मित, सैक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद, यू.पी में स्थित | रु. 39,00,000/- | रु. 3,90,000/- |

7.3 इच्छुक बोलीदाताओं जिन्होंने अपनी बोली (आरक्षित मूल्य से कम नहीं) के साथ में दस्तावेज जैसे पैन कार्ड, पहचान साक्ष्य और पता साक्ष्य इत्यादि दस्तावेजों और कंपनी के प्रतिनिधित्व/अटॉर्नी की पुष्टि करने वाले अन्य दस्तावेज व्यक्तिगत के मामले में, एक घोषणा अगर बोली उसकी ओर से है या उसकी / उसके प्रमुख की ओर से भी प्रस्तुत की जानी चाहिए। **वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय में दिनांक 26.03.2020 को सांय 4.00 बजे से पहले जमा कराया होगा वे ही दिनांक 28.03.2020 को अपराह्न 03.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक** आयोजित होने वाली ई-नीलामी में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। बोली यदि ई-नीलामी समाप्ति हेतु निर्धारित समय के अंतिम 5 मिनट में प्रस्तुत की जाती है तो उस दशा में ई-नीलामी बंद होने का समय 5 मिनट स्वतः बढ़ जायेगा।

7.4 **बोलीदाता अपना बोली रु. 1,00,000/- (रुपए एक लाख मात्र) के गुणकों में बढ़ाएंगे।**

7.5 असफल बोलीदाता अपनी धरोहर राशि ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया बंद होने के तत्काल बाद सीधे वसूली अधिकारी-।।, डी आर टी-।।, दिल्ली से प्राप्त कर सकते हैं।

7.6 सफलतम/उच्चतम बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत राशि **वसूली अधिकारी-।।, डी आर टी-।।**, दिल्ली, **खाता आर सी न. 222/2017 के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट/पे-ऑर्डर के द्वारा तैयार करना होगा** और धरोहर राशि को समायोजित करने के पश्चात बंद होने से अगले कार्यदिवस अर्थात 04.00 बजे तक के भीतर वसूली अधिकारी-।।, डी आर टी-।।, दिल्ली के कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए, ऐसा ना करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।

7.7 सफलतम / उच्चतम बोलीदाता सम्पत्ति बिक्री मूल्य का बकाया 75 प्रतिशत राशि **वसूली अधिकारी-।।, डी आर टी-।।, दिल्ली, खाता आर सी न. 222/2017 के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट/पे-ऑर्डर के द्वारा** सम्पत्ति की बिक्री की तिथि (उस दिन को छोड़कर) से 15वें दिन या उससे पहले **वसूली अधिकारी-।।, डी आर टी-।।, दिल्ली** के समक्ष जमा करेगा और यदि 15वें दिन रविवार या अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस पर (15 दिन के पश्चात) ऐसा किया जाएगा। एवं 2 प्रतिशत रु. 1000/- तक और उसके बाद शेष राशि पर 1 प्रतिशत की दर से पाउण्डेज फीस का भुगतान रजिस्ट्रार, ऋण वसूली अधिकरण-।।, दिल्ली के पक्ष में जमा करवाना होगा (25 प्रतिशत शेष जमा राशि के मामले में यदि पोस्ट के माध्यम से भेजा जाता है तो उपरोक्तानुसार में वसूली अधिकारी तक पहुँच जाना चाहिए)

7.8 उपरोक्त समयावधि में भुगतान ना करने पर, उक्त सम्पत्ति की पुन: बिक्री नई उद्घोषणा जारी करके की जाएगी। उस स्थिति में चूककर्ता क्रेता के द्वारा जमा राशि को अधोहस्ताक्षरकर्ता यदि उचित समझता है तो विक्रय के खर्चे समायोजित किये जाने के पश्चात सरकारी खाते में जब्त कर ली जायेगी एवं उस स्थिति में चूककर्ता क्रेता के उक्त सम्पत्ति के संबंध में या राशि के किसी भाग के संबंध में प्राप्त समस्त अधिकार जब्त हो जायेंगे।

8. **सम्पत्ति को "जहाँ है जैसा है आधार" पर बेचा जाएगा**

9. यदि कोई बोली या सभी बोलियाँ अस्वीकार्य पाई जाती हैं तो वसूली अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिक्री प्रास्थगित या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

**सम्पत्तियों की अनुसूची**

| | अन्य सह मालिकों के नाम के सहित, बेची जाने वाली सम्पत्ति का विवरण, जहाँ सम्बन्धित सम्पत्ति डिफाल्टर या जो किसी अन्य व्यक्ति के सह-स्वामित्व में है। | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर राजस्व जिसका मूल्यांकन किया गया है | किसी भी प्रकार के भार का विवरण जिसके लिए सम्पत्ति उत्तरदायी है | विवाद अगर कोई है जो कि सम्पत्ति के सम्बंध में आगे आया है एवं अन्य कोई ज्ञात विशिष्टियां जोकि इसके मूल्य एवं प्रकृति प्रभाव रखता है। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फ्लैट नं. पी-1201, ग्रुप हाउसिंग रिहायशी कॉम्पलैक्स अर्थात् गार्डेनिया ग्लैमर, प्लॉट नं. जीएच(एसपीएल)-2 पर निर्मित, सैक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद, यू.पी में स्थित | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

मेरे समक्ष दिनांक 14-02-2020 को मोहर किया गया

हस्ता/- (अविनाश चन्दा), वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली



**PUBLIC NOTICE**
**LOST AND FOUND**

Notice is hereby given to the public that the Original Sale Deed No. 8726 dated 19.07.2006, book No. 1, Vol. 9322, pages 99-100 for the land measuring 29 Kanal 16 Marla falling in the revenue estate of Village Sihi, Tehsil and District Gurgaon, registered before Sub-Registrar, Gurgaon, have been lost. Any person(s) who finds the above mentioned sale deed is requested to return the same to us at the below mentioned address. No person(s) shall misuse this document, and if any person(s) found misusing the same shall be liable for such acts

Sd/-
Director,
M/s Growmore Buildtech Pvt. Ltd.,
Plot No. 77, Sector 44, Gurugram (HR)
PIN:122003, Tel.: +91-124-4335100



**PUBLIC NOTICE**
**LOST AND FOUND**

Notice is hereby given to the public that the Original Sale Deed No. 4546 dated 24.05.2007, book No. 1, Vol. 9867, pages 63-64 for the land measuring 8 Kanal 0 Marla falling in the revenue estate of Village Sihi, Tehsil and District Gurgaon and Sale Deed No. 13176 dated 20.09.2007, book No. 1, Vol. 100845, pages 93-94 for the land measuring 8 Kanal 0 Marla falling in the revenue estate of Village Sihi, Tehsil and District Gurgaon, both registered before Sub-Registrar, Gurgaon, have been lost. Any person(s) who finds any of the above mentioned sale deeds is requested to return the same to us at the below mentioned address. No person(s) shall misuse this document, and if any person(s) found misusing the same shall be liable for such acts

Sd/-
Director,
M/s Style Towers Pvt. Ltd.,
Plot No. 77, Sector 44, Gurugram (HR)
PIN:122003, Tel.: +91-124-4335100



सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

**सिंडीकेट बैंक, हैदरपुर शाखा**
177, हैदरपुर, दिल्ली-110088, दूरभाष : 011-27490670, 27490671, ई-मेल : br.9021@syndicatebank

**कब्जा सूचना**
**[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के तहत]**

जैसा कि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण (2002 का 54) के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में सिंडीकेट बैंक हैदरपुर शाखा, दिल्ली के अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते कर्जदार मैसर्स स्काई कंस्ट्रक्शन एण्ड बिल्डर्स को सूचना में लिखित राशि रु. 50,10,013.27 (रुपये पचास लाख दस हजार तेरह एवं सत्ताईस पैसे मात्र) तथा 01.11.2019 से भावी ब्याज तथा आकस्मिक प्रभारों का कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने के लिए कहते हुए 18.11.2019 को एक माँग सूचना निर्गत की थी।

कर्जदार द्वारा राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण कर्जदार/जमानती को तथा जनसामान्य को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों पर 20 फरवरी, 2020 को कब्जा कर लिया है।

व्यक्तिगत रूप से कर्जदार/जमानती और जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किसी प्रकार का लेन-देन रु. 50,10,013.27 (रुपये पचास लाख दस हजार तेरह एवं सत्ताईस पैसे मात्र) तथा 01.11.2019 से भावी ब्याज तथा आकस्मिक प्रभारों के लिए सिंडीकेट बैंक, हैदरपुर शाखा, दिल्ली के अभियोग का विषय होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

जी.टी. रोड ग्राम चिपियाना बुजुर्ग, परगना एवं तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर में स्थित खसरा नं. 174 में प्लॉट सं. 8, माप 100 वर्ग गज अर्थात 83.61 वर्ग मीटर की भूमि तथा भवन।

**सीमाएँ:**
**उत्तर:** श्री राजेश कुमार यादव की सम्पत्ति तथा प्लॉट सं. 5 एवं 6,
**दक्षिण:** प्लॉट सं. 7,
**पूर्व:** अन्य की सम्पत्ति,
**पश्चिम** : 15.3 फीट चौड़ा रास्ता

तिथि: 20.02.2020
स्थान: गाजियाबाद

अधिकृत प्राधिकारी
सिण्डीकेट बैंक



**आईबीसी 2016 के अंतर्गत बिक्री सूचना**
**आर्चिड सैलून सर्विसेस प्रा.लि. (परिसमापन में)**
**पंजी. कार्यालय: 14 बी, शिव शक्ति अपार्टमेन्ट्स, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075**

परिसमापन सम्पदा के भाग का निर्माण करने वाली आर्चिड सैलून सर्विसेस प्रा.लि. (परिसमापन) की निम्न परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों की आदेश तिथि 10.01.2020 के माध्यम से माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ II द्वारा नियुक्त परिसमापक द्वारा आईबीबीआई (परिसमापक प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 32 (ए) के अनुसार जैसा है जहां है आधार पर बिक्री की जायेगी।

| परिसम्पत्ति का विवरण | बिक्री का तरीका | निरीक्षण की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | आरक्षित मूल्य (रु.) लाख में) | दस्तावेज जमा करने की समय सीमा | ईएमडी राशि | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. यूनिट 1 में सैलून एसेट्स (जीएफ-37, जकारण्डा मार्ग, डीएलएफ फेज-2, गुरुग्राम) | परिसम्पत्तियों की बिक्री सामूहिक आधार पर | 1.3.2020 | 13.3.2020 11.30 पूर्वा. से 3.30 अप. | 3.10 | 10.3.2020 | 30000/- | रु. 5000 |
| 2. यूनिट (2) (साउथ प्लाइन्ट माल) गुरुग्राम में सैलून एसेट्स | - वही - | 2.3.2020 | - वही - | 4.25 | 10.3.2020 | 40000/- | रु. 5000 |
| 3. यूनिट (3) (गैलेरिया मॉल) गुरुग्राम में सैलून एसेट्स | - वही - | 3.3.2020 | - वही - | 2.50 | 10.3.2020 | 25000/- | रु. 5000 |
| 4. स्विफ्ट VDI कार, मैन्यु. 2014 डीजल मॉडल | स्टैंडएलॉन आधार पर परिसम्पति की बिक्री | 2.3.2020 | - वही - | 2.50 | 10.3.2020 | 25000/- | रु. 5000 |
| 5. मर्सडीज बैंज ई-220, कार 211 डीजल मॉडल | - वही - | 2.3.2020 | - वही - | 7.50 | 10.3.2020 | 75000/- | रु. 5000 |

अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म http://eauction.org के माध्यम से यह बिक्री होगी।

1. इच्छुक आवेदक ऑन लाइन ई-नीलामी के नियमों एवं शर्तों, ई-नीलामी बोली प्रपत्र, योग्यता मानदंड, बोलीदाताओं द्वारा उद्घोषणा, ईएमडी की आवश्यकता से शामिल सम्पूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया सूचना दस्तावेज (निविदा दस्तावेज) वेब पोर्टल अर्थात Claim-Bridge Technologies पर देख सकते हैं। ई-नीलामी के विवरणों के लिये सम्पर्क करें: श्री अंकित, एम-9873694065, ई-नीलामी प्लेटफार्म: https://eauctions.org अथवा कम्पनी की वेबसाईट: http://orchidsalonservices.wordpress.com
2. परिसमापक को किसी भी समय ई-नीलामी के किसी भी नियमों को स्वीकार या निरस्त या विस्तार या संशोधित करने का अधिकार है। परिसमापक को बिना कारण बताये किसी भी बोली को निरस्त करने का अधिकार है।

तिथि: 24.2.2020
स्थान: नई दिल्ली

राकेश कुमार जैन, परिसमापक
IBBI/IPA-002/IP-N00053/2017-18/10105



सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

**सिंडीकेट बैंक, हैदरपुर शाखा**
177, हैदरपुर, दिल्ली-110088, दूरभाष : 011-27490670, 27490671, ई-मेल : br.9021@syndicatebank

**कब्जा सूचना**
**[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के तहत]**

जैसा कि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण (2002 का 54) के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में सिंडीकेट बैंक हैदरपुर शाखा, दिल्ली के अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते कर्जदार मैसर्स कृष्णा एन्टरप्राइजेज को सूचना में लिखित राशि रु. 64,41,959.93 (रुपये चौंसठ लाख इकतालीस हजार नौ सौ उनसठ एवं तिरानबे पैसे मात्र) तथा 01.11.2019 से भावी ब्याज तथा आकस्मिक प्रभारों का कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने के लिए कहते हुए 18.11.2019 को एक माँग सूचना निर्गत की थी।

कर्जदार द्वारा राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण कर्जदार/जमानती को तथा जनसामान्य को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों पर 20 फरवरी, 2020 को कब्जा कर लिया है।

व्यक्तिगत रूप से कर्जदार/जमानती और जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किसी प्रकार का लेन-देन रु. 64,41,959.93 (रुपये चौंसठ लाख इकतालीस हजार नौ सौ उनसठ एवं तिरानबे पैसे मात्र) तथा 01.11.2019 से भावी ब्याज तथा आकस्मिक प्रभारों के लिए सिंडीकेट बैंक, हैदरपुर शाखा, दिल्ली के अभियोग का विषय होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

खसरा नं. 688, ग्राम बसन्तपुर सेठली, परगना जलालाबाद, तहसील मोदी नगर, जिला गाजियाबाद में स्थित 1285 वर्ग मीटर माप के भूमि क्षेत्र का प्लॉट।

**सीमाएँ:**
**उत्तर:** 25 फीट चौड़ी सड़क
**दक्षिण:** श्री राजीव कुमार एवं श्रीमती मोनिका गर्ग की अन्य भूमि
**पूर्व:** रेलवे की भूमि
**पश्चिम:** श्री देवतारा की चहारदीवारी

तिथि: 20.02.2020
स्थान: गाजियाबाद

अधिकृत प्राधिकारी
सिण्डीकेट बैंक


www.readwhere.com

# डिजिटल युग में निजता को हैकरों, निजी कंपनियों, सरकार से चुनौती

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, इससे पैदा होती हैं विभिन्न चिंताएं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि डिजिटल युग में निजता को हैकरों, निजी कंपनियों और सरकार की ओर से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है और न्यायपालिका को निजता के अधिकारों को अन्य अधिकारों और पूरक मौजूदा विधायी ढांचे के साथ संतुलित करते हुए निपटना पड़ता है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 'इंटरनेट के युग में नागरिकों की रक्षा में न्यायपालिका की भूमिका' विषयक एक परिचर्चा में कहा- इन तीन कर्ताओं से उत्पन्न चुनौतियां कई चिंताएं पेश करती हैं। उन्होंने कहा- निजता को चुनौतियां तीन प्रमुख कारकों से मिलती हैं- (1) हैकर,(2) निजी कंपनियां और (3) सरकार। इससे विभिन्न चिंताएं उत्पन्न होती हैं- पहली यह कि इससे डेटा सार्वजनिक होने और व्यक्तिगत सूचना के दुरुपयोग की आशंका होती है। दूसरा- डेटा का इस्तेमाल लोगों के बारे में जानकर उनकी प्रोफाइलिंग करने और कुछ विशेष समूहों के साथ भेदभाव के लिए किया जा सकता है। तीसरा- मुक्त अभिव्यक्ति और सूचना के खुलासे पर एक हतोत्साहित करने वाला प्रभाव होता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि मुद्दा यह है कि कैसे जजों के रूप में हम एक ऐसे युग में व्यक्तियों की स्वायत्तता और सूचनात्मक आत्मनिर्णय को कैसे संरक्षित कर सकते हैं, जहां प्रौद्योगिकी हमारे जीवन के हर पहलू को नियंत्रित करती है। या निजता एक भ्रम है? उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति इंटरनेट पर किसी पुस्तक या गंतव्य के बारे में सर्च करता है तो स्क्रीन तुरंत पॉप-अप विज्ञापनों से भर जाती है।

उन्होंने कहा- यदि आप एक विचार की खोज करते हैं, तो आपके सामने स्क्रीन पर बड़ी संख्या में विचार उभर आते हैं। आज की दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति की पहचान को सूचना के टेराबाइट्स से देखा जाता है और प्रत्येक व्यक्ति को इंटरनेट पर उस सूचना के संग्रह के लिहाज से देखा जाता है जो उसकी खरीदारी की पसंद, सोशल मीडिया स्वरूप, भौगोलिक स्थान और व्यक्तिगत बायोमीट्रिक सूचना से संबंधित होता है।

## नौसेना का मिग-29 हुआ दुर्घटनाग्रस्त

पणजी, 23 फरवरी (भाषा)।

भारतीय नौसेना का एक मिग-29के विमान रविवार सुबह गोवा तट के पास अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। यह सुबह करीब साढ़े दस बजे गोवा तट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रवक्ता ने एक ट्वीट में कहा- विमान का पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया और उसकी हालत ठीक है। दो इंजन वाले, एक सीट के विमान में कुछ तकनीकी खराबी आ गई जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। विमान ने गोवा के वास्को स्थित आइएनएस हंसा अड्डे से उड़ान भरी थी। गोवा में पिछले तीन महीनों में मिग-29के के दुर्घटनाग्रस्त होने का यह दूसरा मामला है।

# राजस्थान में बलात्कार पीड़िता ने आत्महत्या की

जयपुर, 23 फरवरी (भाषा)।

राजस्थान के भरतपुर जिले में लड़की ने बलात्कार के बाद रविवार को कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने कहा कि पीड़िता शनिवार को मवेशियों का चारा लेने खेत में गई थी। इस दौरान आरोपी ने कथित रूप से नाबालिग से बलात्कार किया। पीड़िता ने जब शोर मचाया तो खेत में काम कर रहा उसका भाई उसे बचाने आया। हालांकि आरोपी वहां से भाग चुका था। भरतपुर के एएसपी सुरेश कुमार खिंची ने कहा कि पीड़िता के परिजनों ने रविवार को आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पीड़िता जब घर में अकेली थी तो उनसे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एसीपी ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराके उसे परिवार को सौंप दिया गया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें बनाई गई हैं।

# क्या शरद यादव या शत्रुघ्न सिन्हा पर मेहरबान होंगे लालू

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मेहरबानी अगले महीने कम से कम दो नेताओं के राज्यसभा पहुंचने का रास्ता साफ कर सकती है। ऐसे में रांची जेल में सजा काट रहे बिहार के इस चर्चित पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने वालों की फेहरिस्त लगातार लंबी होती जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्रियों शरद यादव से लेकर शत्रुघ्न सिन्हा तक लालू से मिल चुके हैं। इसीलिए ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि लोकसभा चुनाव में शिकस्त खा चुके इन नेताओं की किस्मत राज्यसभा के मामले में चमक सकती है।

इस साल राज्यसभा की कुल 73 सीटों के लिए चुनाव होना है। इनमें से चार पहले से खाली हैं जबकि 69 सीटें फरवरी से नवंबर तक खाली होनी हैं। सबसे ज्यादा, करीब 55 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल इसी अप्रैल में पूरा होना है। इन रिक्तियों को भरने के लिए अगले महीने चुनाव कराए जाने की संभावना हैं। इनमें से पांच सीटें बिहार से हैं। बिहार विधानसभा के 243 विधायक हैं और इस हिसाब से एक राज्यसभा सदस्य को यदि पहली प्राथमिकता के 42 वोट मिलते हैं तो उसका चुना जाना तय है। बिहार विधानसभा में विभिन्न सियासी दलों की स्थिति को देखते हुए 124 सदस्यों वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का आसानी से तीन सीटों पर कब्जा होना तय है। जनता दल (एकी) के 70 विधायक हैं जबकि भाजपा के 54 हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी पार्टी के दो व भाजपा के एक उम्मीदवार का निर्वाचन सुनिश्चित करेंगे। दूसरी ओर राजद के 81 विधायक हैं और कांग्रेस के 26 हैं। यह गठबंधन बाकी बची दो राज्यसभा सीटों पर कब्जा जमाने में कामयाब होगा। लोकसभा चुनाव में इस गठबंधन की भारी फजीहत हुई है। कांग्रेस को केवल एक सीट मिली और लालू की पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई। ऐसे में राजद से राज्यसभा जाने की ख्वाहिश रखने वाले नेताओं की सूची जरा ज्यादा लंबी है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह, जगदानंद सिंह, शिवानंद तिवारी, जयप्रकाश यादव, बुलो मंडल आदि वरिष्ठ नेता कतार में हैं। दूसरी ओर शरद यादव और शत्रुघ्न सिन्हा सरीखे नेता भी जोर आजमाइश कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि इस पूरे खेल में यह समझना अहम है कि एक सीट तो राजद अपने कोटे से चाहे जिसको चाहे दे दे लेकिन दूसरी सीट उसे वैसे नेता को देनी होगी जिसको कांग्रेस का भी समर्थन हासिल है। शरद यादव और शत्रुघ्न सिन्हा इसी श्रेणी में आते हैं। यदि कांग्रेस ने जोर लगाया तो इन दोनों में से किसी एक नाम पर लालू मान सकते हैं। राजद के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अभी जो बात तय ही नहीं हुई है, उसको लेकर अभी से अपनी राय देना उचित नहीं होगा।

# चार और देशों से आने वाले यात्रियों की हवाई अड्डे पर होगी जांच

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)

विमानन नियामक डीजीसीए ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए चार और देशों - नेपाल, वियतनाम, इंडोनिशिया और मलेशिया - से आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य जांच व निरीक्षण का आदेश दिया है।

अब कुल 10 देशों के यात्रियों को भारतीय हवाईअड्डों पर जांच से गुजरना होगा। फिलहाल कोरोना वायरस के कारण चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और सिंगापुर के यात्रियों को भारतीय हवाईअड्डों पर जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है। भारत समेत कई देशों में कोरोना विषाणु से प्रभावित होने के मामले आए हैं।

नागर विमानन महानिदेशालय ने रविवार को एक नोटिस में कहा कि स्वास्थ्य जांच का दायरा बढ़ाया गया है। अब नेपाल, इंडोनेशिया, वियतनाम ओर मलेशिया से उड़ानों के जरिए आने वाले यात्रियों को भी जांच प्रक्रिया के दायरे में लाने का निर्णय किया गया है।

इसमें कहा गया है कि यह जांच तत्काल प्रभाव से सभी हवाईअड्डों पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जैसे ही उक्त देशों के यात्री आते हैं, जरूरी जांच समेत उनसे स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालया के निर्देशों के तहत स्व-घोषणा फार्म लिया जाना चाहिए।

नियामक ने कहा कि इस संदर्भ में सभी एअरलाइन इन देशों से आने वाली उड़ान के दौरान इस बारे में घोषणा करेंगे। इस बीच, मुंबई हवाईअड्डा ने कहा कि उसने केंद्र सरकार के निर्देश के अनुसार मलेशिया, इंडोनेशिया, वियतनाम और नेपाल से आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

चीन के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस विषाणु के कारण 109 और लागों की मौत के कारण मरने वालों की संख्या 2,345 पहुंच गई है। इससे अबतक 76,288 लोगों के प्रभावित होने की पुष्टि हुई है।

उधर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सभी मुख्य आयुक्तों (सीमा शुल्क और केंद्रीय कर) को पत्र लिखा है कि 'सातों दिन-24 घंटे' के आधार पर बंदरगाहों, मालवाहक हवाईअड्डों पर तत्काल पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की तैनाती की व्यवस्था की जाए।

बोर्ड ने पत्र में कहा गया है कि कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते चीन में जारी बंदी के चलते हमारी औद्योगिक इकाइयों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में बाधा आने की आशंका है। इस तरह चीन को होने वाले निर्यात में भी कमी आ सकती है। इस पत्र आगे कहा गया है, 'इसके विपरीत, इस बात की जोरदार संभावना है कि वायरस का प्रसार पूरी तरह नियंत्रण में आने के बाद चीन से आयात और निर्यात में तत्काल तेजी आएगी।' सीबीआईसी ने कहा, 'ऐसी स्थितियों को संभालने के लिए पहले से आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसलिए सीबीआईसी ने सभी सीमा शुल्क केंद्रों में 'सातों दिन-24 घंटे' निकासी शुरू करने का फैसला किया है।'

# सभी विद्यार्थियों को एक जगह से मिलेगी इंटर्नशिप

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

हमारे देश में उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सामने इंटर्नशिप प्राप्त करना सबसे बड़ी चुनौती होती है। इसको लेकर संस्थान अपने विद्यार्थियों की मदद करने की पूरी कोशिश करते हैं लेकिन अधिकतर उन्हें सफलता नहीं मिलती है। इस समस्या को लेकर शिक्षण संस्थान भी परेशान रहते हैं। इसके हल के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) की मदद से मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शुरू करने जा रहा है, जहां पर सभी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप मिल सकेगी। एआइसीटीई का वर्तमान में जो प्लेटफॉर्म है, उसे नई तकनीक से लैस करके जल्द ही लांच किया जाएगा।

एक अधिकारी के मुताबिक एआइसीटीई ने सभी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य कर दी है। ऐसे में शिक्षण संस्थानों के सामने परेशानी यह है कि उनका उद्योग जगत से अधिक जुड़ाव नहीं हो पाने की वजह से इन संस्थानों के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप आसानी से नहीं मिल पाती। इसकी वजह से विद्यार्थियों की डिग्री अधर में लटकी रहती है। इस समस्या को देखते हुए एआइसीटीई के मौजूदा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को नई तकनीक से लैस किया जा रहा है। जहां पर देश के सभी विद्यार्थी, चाहे वे सरकारी संस्थान में पढ़ रहे हों या फिर निजी संस्थान में, इंटर्नशिप में आवेदन कर सकेंगे। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से न केवल तकनीकी पाठ्यक्रम करने वाले विद्यार्थियों को इंटर्नशिप मिलेगी बल्कि गैर तकनीकी पाठ्यक्रम करने वाले विद्यार्थियों को भी लाभ होगा। विद्यार्थियों को इंटर्नशिप मुहैया कराने के लिए देश और विदेश की सैकड़ों कंपनियों से समझौते किए गए हैं। इनमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थियों को आइआइटी कराएंगे इंटर्नशिप

एआइसीटीई के अधिकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने के लिए चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और एक भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं शोध संस्थान के साथ एआइसीटीई समझौता करने जा रहा है। इसके माध्यम से जम्मू-कश्मीर विद्यार्थियों को इन संस्थानों में इंटर्नशिप कराई जाएगी।

## राजस्थान में दलित युवकों की पिटाई का एक और मामला

जैसलमेर (राजस्थान), 23 फरवरी (भाषा)।

जैसलमेर जिले में तीन दलित युवकों की गधे चुराने के संदेह में पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। यह राजस्थान में हालिया दिनों में सामने आया इस प्रकार का तीसरा मामला है।

पुलिस ने रविवार को बताया कि इस घटना से जुड़ा वीडियो सामने आने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और तीन अन्य को हिरासत में लिया गया है। यह घटना जिले की फतेहगढ़ तहसील के राम गांव में 15 फरवरी को हुई थी। युवकों को गधे चुराने के संदेह में लाठियों से पीटा गया था और करीब 12 लोगों द्वारा लात मारी गई थी। उन्हें बाद में सनगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया गया था। सनगढ़ पुलिस थाना प्रभारी उगम राज सोनी ने कहा, 'अभी तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में एससी/एसटी कानून की धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।'

# रेलमंत्री ने किया स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का आह्वान

प्रयागराज, 23 फरवरी (भाषा)।

रेल मंत्री पीयूष गोयल ने लोगों से देश में बनी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया ताकि देश के लोगों का व्यापार बढ़े। वह रविवार को यहां 'पिछड़ा वैश्य महाकुंभ' में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

पिछड़ा वैश्य महाकुंभ के मुख्य अतिथि के तौर पर सभा को संबोधित करते हुए गोयल ने प्रदेश की योगी सरकार से पूरे प्रदेश के व्यापारियों को केंद्र की पेंशन योजना से जोड़ने का आग्रह किया। गोयल ने कार्यक्रम में आए वैश्य समाज के लोगों से कहा, 'हमारा समाज गौरवांवित है कि उसने इतने बड़े-बड़े महानुभावों को इस देश को दिया। फिर चाहे वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हों, चाहे राष्ट्रभक्त भामा शाह हो, दुर्गादास राठौर हों और अब वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों।' उन्होंने कहा, 'यह समाज इन सभी महानुभावों पर गर्व करता है।' कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, 'इस प्रदेश ने 2014 के चुनाव में 73 सांसद दिए और 2017 के विधानसभा चुनाव में 325 विधायक देकर प्रदेश में योगी के नेतृत्व में सरकार बनवाई।' उन्होंने कहा, 'उस कुंभ (2019 प्रयागराज कुंभ मेला) के बाद हम 2019 (लोकसभा चुनाव) जीते और इस कुंभ (पिछड़ा वैश्य महाकुंभ) के बाद हम 2022 जीतेंगे। 2017 से पहले प्रदेश में कांवड़िए भजन का गीत लगाकर कांवड़ नहीं ले जा सकते थे, लेकिन अब कोई कांवड़िया कांवड़ लेकर जाता है तो उस पर पुष्प वर्षा की जाती है।'

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा, 'भाजपा अध्यक्ष के तौर पर इस समाज का हर तरह से सहयोग करने के लिए मैं तैयार हूं। भाजपा पिछड़ा वैश्य समाज को आगे लाना चाहती है।' प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा, 'प्रदेश सरकार की ओडीओपी (एक जिला, एक उत्पाद) योजना से सबसे अधिक फायदा व्यापारियों को हो रहा है।'

**प्रारूप संख्या यूआरसी-2**
अध्याय XXI के भाग 1 के अधीन रजिस्ट्रीकरण की सूचना का विज्ञापन
[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(ख) और कंपनी (रजिस्ट्रीकरण के लिए प्राधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4 (1) के अनुसरण में]
1. सूचना दी जाती है की कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप धारा (2) के अनुसरण में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली स्थित रजिस्ट्रार को आवेदन किया गया है की **इम्पीरियल बायोटेक एलएलपी**, एक व्यापार अस्तित्व को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग 1 के अधीन शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में रजिस्टर किया जाए।
2. कंपनी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार है :-
**साझेदारों ने सहमति व्यक्त की है कि साझेदारी का व्यवसाय चिकित्सा, थोक दवा, चिकित्सा उपकरण / उपकरण, रसायन, सर्जिकल और डिस्पोजेबल सामान आदि का वितरण होगा या अधिकांश भागीदारों द्वारा किसी भी अन्य तरीके के व्यापार का निर्णय लिया जा सकता है।**
3. प्रस्तावित कंपनी के प्रारूप संगम और अनुच्छेद ज्ञापन की प्रतिलिपि का निरीक्षण **32-ए, पहली मंजिल, पटपड़गंज गांव, मयूर विहार, फेस -1, नई दिल्ली -110091** स्थित कार्यालय में किया जा सकता है।
4. सूचना दी जाती है की यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन पर आपत्ति है तो वह लिखित में अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के इक्कीस दिन के भीतर **रजिस्ट्रार, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान, (IICA), प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सेक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड- 122050**, पर भेज दें तथा इसकी एक प्रति कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय पर भी भेज दें।
आवेदकों के नाम
सुमित विज — नामित साथी
दर्शिता गोयल — नामित साथी
दिनांक - 22 फरवरी 2020

# नसबंदी पर पुरुषों की हिचक बरकरार

## महिलाओं पर ही परिवार नियोजन का बड़ा दारोमदार

इंदौर, 23 फरवरी (भाषा)।

मध्य प्रदेश में पुरुष नसबंदी का लक्ष्य पूरा न किए जाने की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग के बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ताओं (एमपीडब्ल्यू) के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के प्रति चेताने वाले निर्देशों को विवाद बढ़ने के बाद भले ही निरस्त कर दिया हो, लेकिन सरकारी आंकड़े तसदीक करते हैं कि परिवार नियोजन ऑपरेशन के जरिए सूबे की बढ़ती आबादी पर नकेल कसने की मुहिम में पुरुषों की भागीदारी लगातार घटती जा रही है।

आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में 2015-16 में 9,957, 2016-17 में 7,270, 2017-18 में 3,719 और 2018-19 में 2,925 पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किए गए थे। मौजूदा वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान 30 जनवरी तक की स्थिति के मुताबिक राज्य में 2,514 पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किए गए।

जानकारों का कहना है कि समाज में जागरूकता की कमी और पुरुष प्रधान मानसिकता के कारण राज्य में परिवार नियोजन ऑपरेशनों के संदर्भ में गंभीर लैंगिक अंतर बरकरार है। दुनिया भर में सबसे ज्यादा परिवार नियोजन ऑपरेशनों को अंजाम देने का दावा करने वाले प्रसिद्ध नसबंदी विशेषज्ञ डॉ. ललितमोहन पंत ने रविवार को बताया कि गुजरे 38 सालों के दौरान मैंने कुल 3.85 लाख नसबंदियां की हैं। इनमें पुरुषों के केवल 13,600 परिवार नियोजन ऑपरेशन शामिल हैं। यानी उनके किए हर सौ नसबंदी ऑपरेशनों में केवल तीन से चार पुरुष परिवार नियोजन सर्जरी के लिए तैयार हुए। 64 साल के सर्जन प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग में बतौर सर्जन कार्यरत हैं।

उन्होंने कहा- ज्यादातर पुरुषों को अब भी वहम है कि वे नसबंदी ऑपरेशन कराएंगे तो उनकी शारीरिक ताकत और मर्दानगी कम हो जाएगी, जबकि हकीकत में ऐसा कुछ नहीं होता। मैं खुद 25 साल पहले अपना नसबंदी ऑपरेशन करा चुका हूं और आज भी दिन में करीब 12 घंटे काम करता हूं। पंत ने बताया कि कई बार महिलाओं को इसलिए भी नसबंदी करानी पड़ती है क्योंकि उनके पति यह ऑपरेशन कराने को तैयार नहीं होते।

2011 की जनगणना के मुताबिक तब प्रदेश में 3.76 करोड़ पुरुष और 3.50 करोड़ महिलाएं थीं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मध्य प्रदेश इकाई की ओर से 11 फरवरी को परिपत्र जारी कर सूबे के आला अफसरों को ताकीद की गई थी कि स्वास्थ्य विभाग के ऐसे बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ताओं (एमपीडब्लू) की पहचान की जाए जो मौजूदा वित्त वर्ष में नसबंदी के इच्छुक एक भी पुरुष को प्रेरित नहीं कर सके हों।

**DCM HYUNDAI LTD.**
**CIN : U93090DL1995PLC273604**
**Regd. Office :** 508, 5th Floor, Akash Deep Building, 26-A, Barakhamba Road. New Delhi - 110001. Tel. No. : (91) 11-4317 8500 Fax No. : (91) 11-2331 3494
**E-mail:** umeshsharma@dcmhl-hvgpl.com, **Website:** www.dcmhl.com
**NOTICE**
Notice is hereby given that the Extra Ordinary General Meeting (EGM) of the Company will be held on Saturday, the 21st March, 2020 at 11.00 A.M. at 5th Floor, Kanchenjunga Building, 18 Barakhamba Road, New Delhi-110001 to transact the business as set out in the EGM Notice dated 01.02.2020, which has been despatched to the shareholders on 22.02.2020.Shareholders who have not received the same may download the same from the Company's website (www.dcmhl.com) or request the Company for copy thereof.
Members holding shares as on cut off date 07.03.2020, may cast their vote on the business as set out in the Notice of EGM through electronic voting system. All members are hereby informed that :
a) the business as set out in the Notice of EGM shall be transacted through voting by electronic means and by poll at the EGM. E-Voting is optional.
b) the remote e-voting shall commence on 18.03.2020 at 10.00 A.M. and shall end on 20.03.2020 at 5.00 P.M. and shall be disabled thereafter and the same shall not be allowed beyond the said time.
c) once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently.
d) the facility for voting through ballot paper shall be made available at the EGM and the members attending the meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through ballot paper.
e) the Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also attend and participate in the EGM but shall not be entitled to cast their vote again.
f) Shri. Swaran Kumar Jain, Company Secretary in Practice (C.P. No. 4906), has been appointed as Scrutinizer for providing facility to the Members of the Company to scrutinize the voting and remote e-voting process in a fair and transparent manner.
g) any person, who acquires shares of the Company and become Member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as on cut off date i.e. 07.03.2020, may obtain the login ID and password by sending a request at beetal@beetalfinancial.com
h) a person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut- off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting or voting at the EGM.
i) if a person is already registered with RTA for remote e-voting then he can use his existing user ID and password for casting his vote.
In case of any queries/grievances, members may call Mr. S.P.Gupta, Vice-President, Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd., Phone No: 011-29961281-83 or 011-23759350 (E-mail: beetal@beetalfinancial.com)
For **DCM Hyundai Ltd.**
**Sweta Rajput**
Company Secretary
ACS:47826
Place: New Delhi
Date : 22.02.2020

**सिंडीकेट बैंक, हैदरपुर शाखा**
सिंडिकेटबैंक SyndicateBank
177, हैदरपुर, दिल्ली-110088, दूरभाष : 011-27490670, 27490671,
ई-मेल : br.9021@syndicatebank
**कब्जा सूचना**
**[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के तहत]**
जैसा कि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण (2002 का 54) के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में सिंडीकेट बैंक हैदरपुर शाखा, दिल्ली के अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते कर्जदार कम्पीटेंट इण्डस्ट्रीज C/o श्री हिमांशु सोटी को सूचना में लिखित राशि रु. 60,09,252.26 (रुपये साठ लाख नौ हजार दो सौ बावन एवं छब्बीस पैसे मात्र) तथा 01.11.2019 से भावी ब्याज तथा आकस्मिक प्रभारों का कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने के लिए कहते हुए 18.11.2019 को एक माँग सूचना निर्गत की थी।
कर्जदार द्वारा राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण कर्जदार/जमानती को तथा जनसामान्य को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों पर 20 फरवरी, 2020 को कब्जा कर लिया है।
व्यक्तिगत रूप से कर्जदार/जमानती और जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किसी प्रकार का लेन-देन रु. 60,09,252.26 (रुपये साठ लाख नौ हजार दो सौ बावन एवं छब्बीस पैसे मात्र) तथा 01.11.2019 से भावी ब्याज तथा आकस्मिक प्रभारों के लिए सिंडीकेट बैंक, हैदरपुर शाखा, दिल्ली के अभियोग का विषय होगा।
**अचल सम्पत्ति का विवरण**
मोहल्ला लक्ष्मी विहार कॉलोनी, ग्राम जटवाड़ा कलाँ, गाजियाबाद, तहसील एवं जिला गाजियाबाद पर स्थित खसरा नं. 589 में आवसीय मकान सं. निगम सं. 30, माप 141.25 वर्ग गज की भूमि तथा भवन।
**सीमाएँ :**
**उत्तर:** मकान नं. 29 की भूमि तथा भवन
**दक्षिण:** 10 फीट चौड़ी सर्विस लेन
**पूर्व:** श्रीमती रक्षा सिंघल का मकान नं. 30ए
**पश्चिम:** 14 फीट चौड़ी गली
**तिथि:** 20.02.2020 — अधिकृत प्राधिकारी
**स्थान:** गाजियाबाद — सिण्डीकेट बैंक

**सिंडीकेट बैंक, हैदरपुर शाखा**
सिंडिकेटबैंक SyndicateBank
177, हैदरपुर, दिल्ली-110088, दूरभाष : 011-27490670, 27490671,
ई-मेल : br.9021@syndicatebank
**कब्जा सूचना**
**[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के तहत]**
जैसा कि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण (2002 का 54) के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में सिंडीकेट बैंक हैदरपुर शाखा, दिल्ली के अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते कर्जदार श्री जितेन्द्र कुमार राणा पुत्र नैन सिंह राणा को सूचना में लिखित राशि रु. 47,08,997.94 (रुपये सैंतालीस लाख आठ हजार नौ सौ सत्तानबे एवं चौरानबे पैसे मात्र) तथा 01.11.2019 से भावी ब्याज तथा आकस्मिक प्रभारों का कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने के लिए कहते हुए 18.11.2019 को एक माँग सूचना निर्गत की थी।
कर्जदार द्वारा राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण कर्जदार/जमानती को तथा जनसामान्य को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों पर 21 फरवरी, 2020 को कब्जा कर लिया है।
व्यक्तिगत रूप से कर्जदार/जमानती और जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किसी प्रकार का लेन-देन रु. 47,08,997.94 (रुपये सैंतालीस लाख आठ हजार नौ सौ सत्तानबे एवं चौरानबे पैसे मात्र) तथा 01.11.2019 से भावी ब्याज तथा आकस्मिक प्रभारों के लिए सिंडीकेट बैंक, हैदरपुर शाखा, दिल्ली के अभियोग का विषय होगा।
**अचल सम्पत्ति का विवरण**
गली नं. 20, गामड़ी, भजनपुरा की आबादी में ग्राम घोण्डा गुजरान खादर पर स्थित खसरा नं. 62 संख्या डी-821 तथा पुराना नं. 823 में से कुल माप 185 वर्ग गज में से भूमि माप 92.5 वर्ग गज अर्थात 77.33 वर्ग मीटर पर निर्मित एकमंजिल भवन।
**सीमाएँ :**
**उत्तर:** अन्य की सम्पत्ति
**दक्षिण:** गली नं. 20
**पूर्व:** अन्य की सम्पत्ति
**पश्चिम:** अन्य की सम्पत्ति
**तिथि:** 21.02.2020 — अधिकृत प्राधिकारी
**स्थान:** दिल्ली — सिण्डीकेट बैंक

**सिंडीकेट बैंक, हैदरपुर शाखा**
सिंडिकेटबैंक SyndicateBank
177, हैदरपुर, दिल्ली-110088, दूरभाष : 011-27490670, 27490671,
ई-मेल : br.9021@syndicatebank
**कब्जा सूचना**
**[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के तहत]**
जैसा कि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण (2002 का 54) के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में सिंडीकेट बैंक हैदरपुर शाखा, दिल्ली के अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते कर्जदार रेनू यादव को सूचना में लिखित राशि रु. 28,90,231.06 (रुपये अट्ठाईस लाख नब्बे हजार दो सौ इकतीस एवं छः पैसे मात्र) तथा 01.11.2019 से भावी ब्याज तथा आकस्मिक प्रभारों का कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने के लिए कहते हुए 18.11.2019 को एक माँग सूचना निर्गत की थी।
कर्जदार द्वारा राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण कर्जदार/जमानती को तथा जनसामान्य को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों पर 20 फरवरी, 2020 को कब्जा कर लिया है।
व्यक्तिगत रूप से कर्जदार/जमानती और जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किसी प्रकार का लेन-देन रु. 28,90,231.06 (रुपये अट्ठाईस लाख नब्बे हजार दो सौ इकतीस एवं छः पैसे मात्र) तथा 01.11.2019 से भावी ब्याज तथा आकस्मिक प्रभारों के लिए सिंडीकेट बैंक, हैदरपुर शाखा, दिल्ली के अभियोग का विषय होगा।
**अचल सम्पत्ति का विवरण**
यमुना विहार, ग्राम बरौला, नोएडा तहसील दादरी एवं जिला गौतम बुद्ध नगर में स्थित खसरा नं. 1152 में मकान नं. 115, माप 122 वर्ग गज अर्थात 102 वर्ग मीटर की भूमि तथा मकान।
**सीमाएँ:**
**उत्तर:** प्लॉट सं. 134
**दक्षिण:** 20 फीट चौड़ी सड़क
**पूर्व:** प्लॉट सं. 116
**पश्चिम:** प्लॉट सं. 114
**तिथि:** 20.02.2020 — अधिकृत प्राधिकारी
**स्थान:** नोएडा — सिण्डीकेट बैंक

प्रपत्र सं. आइएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियम 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
**क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली**
कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
तथा
**कीस्टोन सिक्योरिटी सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** जिसका पंजीकृत कार्यालय सी-94, फर्स्ट फ्लोर शिवालिक नई दिल्ली साउथ दिल्ली 110017 इंडिया
...याचिकाकर्ता
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत सामान्य जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी ने **04 फरवरी, 2020** को आयोजित अतिरिक्त सामान्य आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा राज्य"** में अपना पंजीकृत कार्यालय बदलने तथा कंपनी के एसोसिएशन के ज्ञापन का परिवर्तन की पुष्टि के लिए केन्द्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है।
कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह इस नोटिस के प्रकाशन की दिनांक के चौदह दिनों के भीतर अपने विरोध का कारण और हित की प्रकृति को शपथ-पत्र द्वारा समर्थित हो वह MCA-21 पोर्टल www.mca.gov.in पर निवेशक शिकायत फार्म भरें या रजिस्टर्ड डाक द्वारा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरीय क्षेत्र बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सी.जी.ओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली - 110003 को साथ में एक प्रति याचिकाकर्ता कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय जो ऊपर निवर्णित है पर भेजें।
कीस्टोन सिक्योरिटी सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सी-94, फर्स्ट फ्लोर शिवालिक नई दिल्ली साउथ दिल्ली 110017 इंडिया
कीस्टोन सिक्योरिटी सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
हस्ताक्षर/-
दिनांक 22.02.2020 — संजीव कपूर
स्थान दिल्ली — (निदेशक)
डीआईएन **00782201**
पता - 14/2 [illegible] ईस्ट पटेल नगर दिल्ली 110008, इंडिया

**प्रपत्र सं. यूआरसी-2**
**शीर्षक XXI के भाग 1 के अंतर्गत पंजीकरण के विषय में सूचना देने के लिए विज्ञापन [कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) तथा कम्पनीज (पंजीकरण के लिए प्राधिकृत) नियमावली, 2014 के नियम 4 (1) के अनुपालन में]**
1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुपालन में नई दिल्ली में कम्पनी रजिस्ट्रार के पास इस प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के बाद किन्तु 30 दिनों की समाप्ति के भीतर इस आशय का एक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव है कि एवीके अर्बन इन्फ्रा एलएलपी को शेयर्स द्वारा एक कम्पनी लिमिटेड के रूप में कम्पनी अधिनियम, 2013 के शीर्षक XXI के भाग 1 के अंतर्गत पंजीकृत की जाये।
2. कम्पनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:
I. भारत अथवा विदेशों किसी भी क्षेत्र, भूमि, भवन, संरचनाओं का क्रय, अर्जण, पट्टे पर अथवा विनिमय अथवा किसी भी सांविधिक तरीके से प्राप्त करना अथवा एकीकृत फूड कोर्ट, रेफ्रेशमेन्ट रूम्स, होटल्स, फूड पार्क, ईटिंग हाउसेस तथा स्नैक्स बार्स, कैफेटेरिया, डाइन इन फैसिलिटी की स्थापना द्वारा उसका विकास करना, टेक अवे एवं/अथवा डेलिवरी आधारित सेवाओं, कैटरर्स, कैफे, टैवर्न्स, पब्स, बार्स, बिअर हाउसेस, रेफ्रेशमेन्ट रूम्स अथवा सर्विस अपार्टमेन्ट्स, नाइट क्लब्स, कैसिनो, डिस्कोथेक्स, स्वीमिंग पूल्स, हेल्थ क्लब्स, बाथ्स, ड्रेसिंग रूम्स, लाइसैन्स प्राप्त विक्टुलर्स, वाइन, बिअर तथा स्पिरिट मर्चेन्ट्स, निर्यातक, आयतक तथा एरेटेड मिनरल्स तथा आर्टिफिसियल वाटर एवं अन्य पेय पदार्थों, पर्वेयर्स तथा उससे संबंधित व्यवसाय स्वामी अथवा संयुक्त स्वामियों, संयुक्त उपक्रमों, प्रचालकों, फ्रैंचाईजी, फ्रैन्चायजर्स एवं/अथवा अन्य व्यावसायिक प्रतिमानों के रूप में करना।
II. किसी अन्य होटलों, मोटेल्स, हॉलिडे कैम्प्स, रेस्टोरैन्ट्स, कैन्टीन्स, कैफे, पब्स, बार्स, रेफ्रेशमेन्ट रूम्स, कैसिनो के भारत अथवा दुनियाँ के किसी भी अन्य भाग में क्रय, लीज हायर, रचना करना अथवा अन्य रूप से अधिग्रहण, स्थापना तथा सहयोगियों, टैक्नीशियन्स के रूप में सुसज्जित करना तथा होटलों, रेस्टोरैन्ट्स, कैन्टीन अस्तित्व में अथवा शुरू होने वाली में कैन्टीन्स आदि के कंसल्टैन्ट का व्यवसाय करना तथा चेफ्स, कूक्स, बिअरर्स तथा होटल उद्योग के अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना।
III. सभी प्रकार के फूड, फूड प्रॉक्ट्स, डेयरी उत्पादों, बैकरी एवं कॉन्फेक्शनरी उत्पादों का स्वामियों, सह-स्वामियों, संयुक्त उपक्रमों, प्रचालनों, फ्रैन्चाईजी, फ्रैन्चायजर्स एवं/अथवा किसी अन्य बिजनेस मॉडल के रूप में निर्माण, क्रय, विक्रय, उत्पादन, प्रॉसेसिंग, आयात, निर्णय, वितरण, व्यापार, आपूर्ति, संचालन तथा प्रबंधन करना।
IV. बिल्डर्स, सम्पत्ति के डेवलपर्स, सिविल, यांत्रिक तथा श्रम ठेकेदारों, अर्बण इन्फ्रास्ट्रक्चर, बिल्डिंग एवं ईंस्कशन इंजीनियर्स, डीलर्स, आयातकों, निर्यातकों तथा प्रीफैब्रिकेटेड तथा प्रीकास्ट हाउसेस, सामग्रियों, उपस्करों तथा उससे संबंधित मशीनरी तथा मेटल बेअर्स का व्यवसाय करना तथा भारत तथा उसके बाद उसके अनुरूप, परम्परागत, अनुषांगिक व्यवसाय करना तथा उसके क्रय, अर्जण तथा पट्टा पर उसे प्राप्त करना।
3. प्रस्तावित कम्पनी के ड्राफ्ट मेमोरैण्डम तथा आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की प्रति 3/15, पार्ट शॉप नं.-01, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008 में कार्यालय में देखी जा सकती है।
4. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन के प्रति कोई आपत्ति हो, वे उसके पंजीकृत कार्यालय में कम्पनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिनों के भीतर लिखित में अपनी आपत्ति केन्द्रीय पंजीकरण केन्द्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गाँव (हरियाणा) पिनकोड-122050 में रजिस्ट्रार के पास जमा करें।
तिथि: 24 फरवरी, 2020 — आवेदकों का नाम
1. मोनिका टेकचंदानी
2. संतोष कुमार चौबे

www.readwhere.com

# नहीं चले कोहली-पुजारा, भारत बैकफुट पर

वेलिंगटन, 23 फरवरी (भाषा)।

टैस्ट बल्लेबाजी लाइनअप के दो मजबूत स्तंभों विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा की लगातार दूसरी पारी में नाकामी से भारत रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टैस्ट क्रिकेट मैच में बैकफुट पर चला गया।

भारत ने पहली पारी में 183 रन से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 144 रन बनाए हैं और वह अभी न्यूजीलैंड से 39 रन पीछे है। भारत का दारोमदार अब अंजिक्य रहाणे (67 गेंदों पर नाबाद 25) और हनुमा विहारी (70 गेंदों पर नाबाद 11) पर टिका है। इससे पहले भारत के 165 रन के जवाब में न्यूजीलैंड ने पुछल्ले बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे।

सुबह अगर न्यूजीलैंड के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को निराश किया तो दूसरे और तीसरे सत्र में ट्रेंट बोल्ट ने भारत को झटके दिए। बोल्ट ने अब तक 27 रन पर तीन विकेट लिए हैं जिनमें पुजारा और कोहली के विकेट भी शामिल हैं। पुजारा (81 गेंदों पर 11) को अत्याधिक रक्षात्मक रवैया अपनाने का खमियाजा भुगतना पड़ा। वह बीच में 28 गेंद तक छह रन पर अटके रहे और आखिर में अपनी इसी नकारात्मक बल्लेबाजी के जाल में फंस गए। उन्होंने चाय के विश्राम से पहले आखिरी गेंद पर बल्ला उठा दिया लेकिन वह उनका आफ स्टंप थर्रा गई। कोहली (43 गेंदों पर 19) ने सकारात्मक शुरुआत की लेकिन बोल्ट की शार्ट पिच गेंद पर पुल करने की जल्दबाजी में वह चूक गए और विकेटकीपर वीजे वाटलिंग को पीछे कैच दे बैठे। इस तरह से कोहली की न्यूजीलैंड के वर्तमान दौरे में खराब फार्म जारी रही। वह इस दौरे में तीनों प्रारूपों की नौ पारियों में केवल 201 रन बना पाए हैं। भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (99 गेंदों पर 58) ने अर्धशतक जमाया लेकिन उनके साथी ओपनर पृथ्वी साव (30 गेंदों पर 14) की खराब तकनीक फिर से उजागर हुई। उन्होंने बोल्ट की गेंद पर शार्ट स्क्वायर लेग पर टाम लैथम को कैच दिया। लैथम ने डाइव लगाकर यह कैच लिया। अग्रवाल ने सकारात्मक बल्लेबाजी की। उन्होंने टिम साउदी (41 रन देकर एक) की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने से पहले सात चौके और स्पिनर अजाज पटेल पर लांग आफ पर छक्का लगाया। कोहली के कहने पर अग्रवाल ने डीआरएस भी लिया था लेकिन स्निकोमीटर से पता चला कि गेंद उनके बल्ले को स्पर्श करके गई थी। न्यूजीलैंड ने पहले पुजारा के खिलाफ और फिर विहारी के खिलाफ अपने रिव्यू गंवाए। रहाणे और विहारी ने अंतिम सत्र में बेहद सतर्कता बरती और विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी जिसमें वह सफल भी रहे। इन दोनों ने अब तक 19.4 ओवर में 31 रन की साझेदारी की है।

इससे पूर्व पहले सत्र में न्यूजीलैंड के पुछल्ले बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को परेशानी में रखा जिससे कीवी टीम 175 रन से अधिक की बढ़त हासिल करने में सफल रही। भारत की तरफ से इशांत शर्मा ने 68 रन देकर पांच विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन (99 रन देकर तीन) ने सुबह के सत्र में दो विकेट लिए लेकिन काइल जेमीसन और बोल्ट सहित पुछल्ले बल्लेबाजों ने उनकी गेंदों की धुनाई भी की। जेमीसन की 45 गेंदों पर 44 रन की पारी में चार छक्के शामिल हैं। उन्होंने कोलिन डि ग्रैंडहोम (74 गेदों पर 43) के साथ आठवें विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की।

बोल्ट ने 24 गेंदों पर 38 रन बनाए। भारत ने दिन की शुरुआत अच्छी की। जसप्रीत बुमराह (88 रन देकर एक विकेट) ने सुबह के सत्र की पहली गेंद पर ही वाटलिंग (14) को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। साउदी (छह) ने इशांत की बाहर जाती गेंद खेलने के प्रयास में मोहम्मद शमी को फाइन लेग पर कैच दिया। इसके बाद ग्रैंडहोम, जेमीसन और बोल्ट ने न्यूजीलैंड की बढ़त को 100 रन से कम स्कोर पर सीमित करने के भारत के प्रयासों पर पानी फेरा। इशांत ने बोल्ट का विकेट लेकर अपने करिअर में 11वीं बार पारी में पांच या इससे विकेट लिए।



**ट्रेंट बोल्ट ने दिया झटका :** अब तक 27 रन पर तीन विकेट लिए हैं जिनमें पुजारा और कोहली के विकेट भी शामिल हैं।

**पहला टैस्ट : दूसरी पारी में 144 रन पर मेहमान टीम के चार विकेट गिरे, पहली पारी में 183 रन से पीछे**

**स्कोर बोर्ड : भारत बनाम न्यूजीलैंड**

**भारत की दूसरी पारी :** पृथ्वी साव का लैथम बो बोल्ट 14, मयंक अग्रवाल का वाटलिंग बो साउदी 58, चेतेश्वर पुजारा बो बोल्ट 11, विराट कोहली का वाटलिंग बो बोल्ट 19, अजिंक्य रहाणे खेल रहे हैं 25, हनुमा विहारी खेल रहे हैं 15, अतिरिक्त (वाइड 02) 02, कुल (65 ओवर में, चार विकेट पर) 144, विकेट पतन : 1-27, 2-78, 3-96, 4-113, गेंदबाजी साउदी 15-5-41-1, बोल्ट 16-6-27-3, ग्रैंडहोम 14-5-25-0 , जेमीसन 17-7-33-0, पटेल 3-0-18-0

## खबर कोना



मैनचेस्टर में रविवार को महिला सुपर लीग फुटबॉल मैच के दौरान चेल्सी के खिलाफ गोल करने के बाद जश्न मनातीं मैनचेस्टर सिटी की जॉर्जिया स्टैनवे।

### मेस्सी के चार गोल से शीर्ष पर पहुंचा बार्सीलोना

मैड्रिड, 23 फरवरी (एएफपी)।



लियोनेल मेस्सी के चार गोल की मदद बार्सीलोना ने शनिवार को बड़ी जीत दर्ज करके ला लिगा फुटबॉल टूर्नामेंट की अंकतालिका में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया जबकि रीयाल मैड्रिड को लेवेंटे के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मेसी ने 14वें, 37वें, 40वें और 87वें मिनट में गोल किए जिससे बार्सीलोना ने इबार को 5-0 से करारी शिकस्त दी। बार्सीलोना की तरफ से पांचवां गोल आर्थर मेलो ने 89वें मिनट में किया। बार्सीलोना के अब 25 मैचों में 55 अंक हो गए है जो रीयाल मैड्रिड से दो अंक अधिक हैं। रीयाल को एक अन्य मैच में लेवेंटे से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। लेवेंट के लिए यह महत्त्वपूर्ण गोल जोस लुईस मोरलेस नोगालेस ने 79वें मिनट में किया। रीयाल मैड्रिड के अब 25 मैचों में 53 अंक हैं।

### शरत और साथियान ने हंगरी ओपन में जीता रजत पदक

कांस्य बुडापेस्ट, 23 फरवरी (भाषा)।

अचंत शरत कमल और जी साथियान की भारत की पुरुष युगल जोड़ी को यहां आइटीटीएफ विश्व टूर हंगरी ओपन के फाइनल में बेनेडिक्ट डुडा और पैट्रिक फ्रांजिस्का की जर्मनी की जोड़ी के खिलाफ हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। शनिवार को हुए मुकाबले में भारतीय जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद 16वीं वरीय जोड़ी के खिलाफ 30 मिनट में 5-11, 9-11, 11-8, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में शरत कमल का यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने मनिका बत्रा के साथ मिलकर मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा स्वीडन के ओरेब्रो में स्वीडिश जूनियर एवं कैडेट ओपन में चेन्नई की मथान राजन हंसिनी ने मिनी कैडेट लड़कियों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता। दस साल की पांचवीं कक्षा की छात्रा हंसिनी को सेमीफाइनल में रूस की लूलिया पुगोवकिना के खिलाफ 12-10, 9-11, 5-11, 8-11 से हार झेलनी पड़ी।

### गोवा करेगा इंडियन सुपर लीग फाइनल की मेजबानी

मुंबई, 23 फरवरी (भाषा)।

इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) का फाइनल गोवा के मडगांव में 14 मार्च को खेला जाएगा। फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड की संस्थापक अध्यक्षा नीता अंबानी ने रविवार को यह जानकारी दी। फाइनल मुकाबला मडगांव के फार्तोदा स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 14 मार्च को शाम सात बजकर 30 मिनट से खेला जाएगा। अंबानी ने कहा, गोवा आइएसएल फाइनल की मेजबानी का हकदार है। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि गोवा को अपनी फुटबॉल से प्यार है और हम गोवा के लोगों के लिए फुटबॉल का सबसे महत्त्वपूर्ण मुकाबला शहर में लाना चाहते हैं। फार्तोदा का जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम एफसी गोवा का घरेलू मैदान है। एफसी गोवा आइएसएल के लीग चरण में शीर्ष पर रहकर एएफसी चैंपियंस लीग 2021 के ग्रुप चरण में जगह पक्की की।

# जितेंदर ने जीता रजत, ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में स्थान पक्का किया

नई दिल्ली, 23 फरवरी (भाषा)।

जितेंदर कुमार ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के साथ ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में स्थान पक्का किया जिससे अनुभवी सुशील कुमार के लिए तोक्यो खेलों का द्वार बंद हो सकता है।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील ने चोट का हवाला देते हुए इस चैंपियनशिप में भाग नहीं लिया। पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा के दूसरे दिन भारत के खाते में कोई स्वर्ण पदक नहीं जुड़ सका क्योंकि दीपक पूनिया (86 किग्रा) और राहुल अवारे (61 किग्रा) ने कांस्य पदक अपने नाम किए। कजाखस्तान के गत चैंपियन दानियार कैसानोव के खिलाफ जितेंदर ने शानदार रक्षात्मक रणनीति अपनाई लेकिन आक्रमण की कमी दिखाई दी जिससे वह गत चैंपियन से 1-3 से हार गए। हालांकि उनका प्रदर्शन राष्ट्रीय महासंघ को भरोसा दिलाने के लिए काफी था कि उन्हें ओलंपिक क्वालीफायर के लिए किर्गिस्तान के बिशकेक जाना चाहिए और इस वर्ग के लिए दोबारा ट्रायल की जरूरत नहीं पड़ी।

इसका मतलब है कि दो बार के ओलंपिक पदकधारी सुशील कुमार (वह भी 74 किग्रा में खेलते हैं) को इंतजार करके देखना होगा कि जितेंदर बिशकेक में कैसा प्रदर्शन करते हैं जिसमें फाइनल में पहुंचने वाला पहलवान तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेगा। अगर जितेंदर वहां स्वर्ण पदक के मुकाबले तक पहुंच जाते हैं तो इससे सुशील का रास्ता बंद हो जाएगा जो 2018 एशियाई खेलों के बाद से जूझ रहे हैं। अगर जितेंदर बिशकेक में ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर पाते हैं तो अंतिम मौका अप्रैल में विश्व क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के जरिए मिलेगा। जितेंदर ने कहा, मैंने अंत में एक प्रयास करने की कोशिश की लेकिन ठीक से नहीं कर पाया। मेरे खेल में सुधार हुआ है और यह दिखता भी है। यह रजत विशेष है। अब मैं ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। जितेंदर ने अपना क्वालीफिकेशन मुकाबला आसानी से जीत लिया था।



**पदक** के साथ जितेंदर कुमार।

**फाइनल** में कजाखस्तान के पहलवान दानियार कैसानोव से 1-3 से हार गए

# दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराकर किया उलटफेर

पर्थ, 23 फरवरी (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां महिला टी-20 विश्व कप ग्रुप बी मैच में इंग्लैंड को दो गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त देकर उलटफेर किया। इंग्लैंड ने नटाली स्किवर के अर्धशतक के बूते आठ विकेट पर 123 रन का स्कोर बनाया।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने 19.4 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत हासिल की। 'प्लेयर ऑफ द मैच' बनीं दक्षिण अफ्रीका की कप्तान डेन वान निकर्क ने 51 गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के से 46 रन जबकि मरीजाने काप ने 33 गेंद में छह चौके से 38 रन का योगदान दिया। मिगनोन डु प्रीज ने चौका जड़कर टीम को जीत दिलाई और 18 रन बनाकर नाबाद रहीं। वह 100 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दक्षिण अफ्रीका की पहली महिला भी बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान डेन वान निकर्क ने टास जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया।

स्किवर ने 41 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्के से 50 रन बनाए। टीम के लिए केवल दो बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी जिसमें सलामी बल्लेबाज एमी जोन्स ने 23 और फ्रान विल्सन ने 14 रन बनाए। अयाबोंगा खाका ने 25 रन देकर तीन जबकि वान निकर्क और काप ने दो दो विकेट हासिल किए।

**महिला टी-20 विश्व कप**

**ग्रुप बी मैच में इंग्लैंड को दो गेंद रहते छह विकेट से दक्षिण अफ्रीका नेशिकस्त दिया। इंग्लैंड ने नटाली स्किवर के अर्धशतक के बूते आठ विकेट पर 123 रन का स्कोर बनाया।**

# डिकाक, एनगिडी ने दक्षिण अफ्रीका को आस्ट्रेलिया पर जीत दिलाई

पोर्ट एलिजाबेथ, 23 फरवरी (एएफपी)।

कप्तान क्विंटन डिकाक के अर्धशतक के बाद लुंगी एनगिडी की उम्दा गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया को 12 रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला 1-1 से बराबर कर दी।

दक्षिण अफ्रीका के 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया की टीम सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (नाबाद 67) और स्टीव स्मिथ (29) की पारियों की बदौलत एक समय 13वें ओवर में एक विकेट पर 98 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन अंततः छह विकेट पर 143 रन ही बना सकी।

एनगिडी ने 41 रन देकर तीन विकेट चटकाए। बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज तबरेज शम्सी ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 17 रन दिए। इससे पहले डिकाक के 70 रन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 158 रन बनाए। डिकाक ने 47 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और चार छक्के मारे। उन्होंने 31 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। दक्षिण अफ्रीका के पावर प्ले के छह ओवर में 59 रन जोड़े लेकिन गेंद के पुराना होने के बाद धीमी पिच पर बल्लेबाजी करने में मुश्किल हुई।



**डेविड वार्नर** ने 67 रन की पारी खेली।

# रशपाल, ज्योति ने खिताब का किया बचाव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 फरवरी।

देश के धावकों रशपाल सिंह और ज्योति गवटे ने मजबूत दावेदारों के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को आइडीबीआइ फेडरल लाइफ इंश्योरेंस नई दिल्ली मैराथन का खिताब बचा लिया।

पुणे के आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट के रशपाल ने खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में दौड़ में हिस्सा लिया। उन्होंने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए फुल मैराथन (42.2 किलोमीटर) में 2.23.29 घंटे का समय निकालते हुए बीते साल की सफलता को दोहराने में कामयाबी हासिल की। दूसरी ओर, महाराष्ट्र की ज्योति ने महिला वर्ग में एक बार फिर अपना वर्चस्व कायम करते हुए बड़े अंतर से खिताब अपने नाम किया। ज्योति ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से शुरू हुए फुल मैराथन को 2.50.37 घंटे में पूरा किया और अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी से आठ मिनट कम समय लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। आइडीबीआइ फेडरल लाइफ इंश्योरेंस नई दिल्ली मैराथन के पांचवें संस्करण में रविवार को 22 हजार से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। इस मैराथन का आयोजन चार अलग-अलग वर्गों में हुआ था। इनमें फुल मैराथान (42.2 किलो मीटर), हाफ मैराथन (21.1 किलो मीटर), 10के टाइम्ड रन और 5के स्वच्छ भारत रन शामिल हैं।

इसके ब्रांड एम्बेसेडर सचिन तेंदुलकर ने दौड़ को हरी झंडी दिखाई। फाइनल राउंड में राशपाल ने अपनी रफ्तार बढ़ाई और विजेता बनकर उभरे। भारतीय थल सेना का प्रतिनिधित्व करने वाले अर्जुन प्रधान 2.24.18 घंटे के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जबकि उनकी ही टीम के साथी संवरू यादव ने 2.25.34 घंटे समय के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में जहां करीबी प्रतिस्पर्धा रही वहीं महिला वर्ग में मुकाबला एकतरफा साबित हुआ। ज्योति ने बिना किसी परेशानी के बड़े अंतर से पहला स्थान पाया। इस कटेगरी में स्वाति गधवे ने 2.50.10 घंटे समय के साथ रजत पदक जीता जबकि जिगमेत डोल्मा ने 3.03.10 घंटा लेकर कांस्य पदक जीता।



**दिल्ली मैराथन** के विजेता धावक सचिन तेंदुलकर के साथ।

**पहले मैच में मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया को दे चुकी है पटखनी** | **महिला टी-20 विश्व कप** | **मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद 4:30 बजे से शुरू होगा**

# आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम का सामना अब बांग्लादेश से

पर्थ, 23 फरवरी (भाषा)।

मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रभावशाली जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप में सोमवार को यहां अपने दूसरे ग्रुप मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा और उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा।

लेग स्पिनर पूनम यादव के जादुई स्पैल से भारत ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में आस्ट्रेलिया को 17 रन से हराया लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम बांग्लादेश को हल्के से नहीं ले सकती है क्योंकि उसे अपने इस प्रतिद्वंद्वी से 2018 में टी-20 एशिया कप में दो बार हार झेलनी पड़ी थी।

जेमिमा रोड्रिग्स और पहले मैच में 15 गेंदों पर 29 रन बनाने वाली 16 वर्षीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा एशिया कप टीम का हिस्सा नहीं लेकिन अगर भारत को बांग्लादेश को हराना है तो शीर्ष क्रम में इन दोनों की भूमिका अहम होगी। इन दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैचों में भारत ने तीन और बांग्लादेश ने दो मैच जीते। भारत अगर सोमवार को जीत दर्ज कर लेता है तो वह पांच टीमों के ग्रुप में नाकआउट के करीब भी पहुंच जाएगा। भारत को हालांकि अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा क्योंकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और 132 रन ही बना पाए थे।

विश्व कप से पहले त्रिकोणीय शृंखला से ही भारतीय बल्लेबाज नियमित अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उन्होंने बड़े स्कोर नहीं बनाए हैं। अगर पूनम ने 19 रन देकर चार विकेट नहीं लिए होते तो आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी भारत की स्थिति नाजुक बनी हुई थी। त्रिकोणीय शृंखला में अच्छा प्रदर्शन करने वाली हरमनप्रीत और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंदाना पिछले मैच खास योगदान नहीं दे पाई थी। टीम को इन दोनों से बड़ी पारियों की उम्मीद है। दीप्ति शर्मा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 46 गेंदों पर 49 रन बनाए और वह अपनी इस फार्म को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। मध्यम गति की गेंदबाज शिखा पांडे ने भी आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था और हरमनप्रीत को खुशी है कि अब उनकी टीम एक दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। पहले हम एक दो खिलाड़ियों पर निर्भर रहते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। जहां तक बांग्लादेश की बात है तो उसका दारोमदार आलराउंडर जहांनारा आलम और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज फरगाना हक पर टिका रहेगा। छब्बीस वर्षीय हक के नाम पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शतक भी दर्ज है।

बांग्लादेश की सबसे अनुभवी खिलाड़ी कप्तान सलमा खातून भी बल्ले और गेंद से योगदान दे सकती है। ग्रुप ए के एक अन्य मैच में आस्ट्रेलिया का सामना श्रीलंका से होगा। इन दोनों टीमों ने अपने पहले मैच गंवाए थे। श्रीलंका को शनिवार को न्यूजीलैंड ने सात विकेट से हराया था।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं :**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, पूनम यादव, राधा यादव, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, राजेश्वरी गायकवाड़, ऋचा घोष, वेदा कृष्णमूर्ति, शिखा पांडे, अरूंधति रेड्डी, पूजा वस्त्राकर में से।

**बांग्लादेश :** सलमा खातुन (कप्तान), रूमाना अहमद, आयशा रहमान, फहीमा खातुन, फरगना हक, जहानारा आलम, खदीजा तुल कुबरा, सोभना मोस्तरी, मुर्शीदा खातुन, नाहिदा अख्तर, निगार सुल्ताना (विकेटकीपर), पन्ना घोष, रितु मोनी, संजीदा इस्लाम, शमीमा सुल्ताना में से।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 99, हवाई शुल्क: इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज*, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।
कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।



www.readwhere.com